हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

महाकुंभ में तीसरा और आखिरी अमृत स्नान संपन्न

करीब 5 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में बसंत पंचमी के दिन अंतिम अमृत स्नान हुआ, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा। अखाड़े के साधु-संतों ने संगम में डुबकी लगाई। यह 13 अखाड़ों का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए सुबह साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वार रूम में बैठक की।

■ सीएम योगी ने वार रूम में स्नान व्यवस्था की खुद की निगरानी

महाकुंभ भगदड़ पर याचिका

सुप्रीम कोर्ट ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय

सुनवाई से किया इनकार कहा इलाहाबाद हाईकोर्ट जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों के मामले में दायर एक याचिक पर सुनवाई से इनकार कर दिया है और याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस दलील पर गौर किया कि इस मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है और मौजूदा याचिका की शीर्ष अदालत में सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार देते हुए याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता विशाल तिवारी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

भाजपा विधायक के भाई ने बेटे को मारी गोली

उज्जैन। भाजपा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई ने अपने बेटे को गोली मार दी है। उन्होंने गोली दोनाली बंदूक से मारी है। बेटे की मौत मौके पर ही हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। साथ ही विधायक के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक का नाम अरविंद मालवीय है।

भारतीय मूल की चंद्रिका टंडन को ग्रैमी अवॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय-अमेरिकी म्यूजिशियन चंद्रिका टंडन ने एल्बम 'त्रिवेणी' के लिए बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार जीता। चंद्रिका को जीत के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी। पीएम ने चंद्रिका के कदम को सराहनीय बताया।

मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास को ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर

अयोध्या। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास (87) को ब्रेन स्ट्रोक के बाद लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। रविवार की देर रात मुख्य पुजारी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दर्शननगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था।

हंगामा हो गया : लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उठाए तीन मुद्दे, सत्ता पक्ष हमलावर

चीन घुसपैठ, विदेशी नीति, यूएस दौरे पर नेता प्रतिपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा

महाराष्ट्र चुनाव में हिमाचल के मतदाता जोड़े हमें नाम पते दें, 70 लाख लोग कहां से आए ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सोमवार को विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश की पूरी आबादी को मतदाता सूची में जोड़ दिया गया था।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच करीब 70 लाख नए मतदाता अचानक आ गए। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि हम चुनाव आयोग से कह रहे हैं कि कृपया हमें लोकसभा और विधानसभा के सभी मतदाताओं के नाम, पते और मतदाता केंद्र की जानकारी दें, ताकि हम गणना कर सकें कि ये नए मतदाता कौन हैं? दिलचस्प बात यह है कि नए मतदाता ज्यादातर उन निर्वाचन क्षेत्रों में हैं, जहां भाजपा ने जीत हासिल की है। मैं अभी कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि अगर राहुल गांधी के पास ठोस जानकारी है तो उसे सामने रखना चाहिए। देश की एकता को खतरे में डालने वाली बातों से बचना चाहिए।

राहुल गांधी ने फिर कहा कि यदि आपको मेरे सवालों से परेशानी हो रही है तो मैं माफी चाहता हूं। मुझे लगता है कि हमें इन मुद्दों पर खुलकर बात करनी चाहिए।

आरोपः नए मतदाता ज्यादातर उन निर्वाचन क्षेत्रों में हैं, जहां भाजपा ने जीत हासिल की

राहुल का आरोप... चीन ने घुसपैठ की, विफल हो गया मेक इन इंडिया

हमारे सेना प्रमुख ने कहा है कि चीन ने हमारी जमीन पर घुसपैठ की है। यह एक तथ्य है। अब, यह जानना जरूरी है कि चीनी हमारी जमीन पर क्यों घुसे हैं। चीनी हमारे देश में इसलिए घुसे हैं क्योंकि मेक इन इंडिया विफल हो गया है। चीनी हमारे देश में इसलिए बैठे हैं क्योंकि भारत अपने उत्पाद खुद बनाने से इनकार कर रहा है। मुझे चिंता है कि भारत एक बार फिर यह क्रांति चीनी कंपनियों को सौंप देगा। जब हम चीन से युद्ध करेंगे तो हम चीनी मोटर्स, बैटरियां और उपकरणों के साथ युद्ध करेंगे और हमें ये सभी चीनी चीजें खरीदनी पड़ेंगी।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला बोले

घुसपैठ का आपको सबूत देना होगा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आप सदन में जो बोल रहे हैं, आपको उसका सबूत देना होगा। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सेनाध्यक्ष ने कहा है कि चीनी हमारे क्षेत्र के भीतर हैं। यह एक तथ्य है।

राहुल का आरोप...

हम अपने पीएम को बुलाने का न्योता लाने यूएस जाते हैं

राहुल ने कहा कि भारत अमेरिका के जितने ही महत्वपूर्ण है, जिसकी वजह यह है कि वह हमारे बिना औद्योगिकी प्रणाली नहीं बना सकता। अमेरिकियों के लिए काम करना भारत के लिए आसान है। वह काम वे (अमेरिकी) नहीं कर सकते, क्योंकि उनकी लागत हमारी तुलना में कहीं ज्यादा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर को तीन बार अमेरिका भेजा गया, ताकि प्रधानमंत्री को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में आने का निमंत्रण मिल सके।

विदेश मंत्री एस जयशंकर बोले

राहुल देश को पहुंचाते हैं नुकसान

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि राहुल ने उनकी यात्रा को लेकर सब कुछ झूठ बोला है। राहुल अपने इन बयानों के जरिए देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। राहुल ने दिसंबर 2024 में मेरी अमेरिका यात्रा के बारे में जानबूझकर झूठ बोला है। मैं बाइडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गया था। साथ ही हमारे महावाणिज्य दूत की एक बैठक की अध्यक्षता भी करनी थी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए थम गया चुनाव प्रचार

70 सीटों के लिए मतदान कल आठ फरवरी को आएंगे नतीजे

■ एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों समेत कुल 699 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार सोमवार शाम छह बजे थम गया। अब कोई चुनावी रैलियां व जनसभाएं नहीं होंगी। पांच फरवरी को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

दिल्ली के एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता भाजपा, आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के प्रत्याशियों समेत कुल 699 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में भाजपा, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

भोपाल के मुस्लिम शायर अंजुम बाराबंकवी की पीएम ने की तारीफ

श्रीराम पर लिखी गजल पीएम मोदी को आई पसंद, पत्र लिखकर सराहा

■ आप जैसे देशवासियों की ओर से किए जा रहे प्रयास राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से गंगा जमुनी तहजीब की एक बेहतरीन उदारण सामने आया है। यहां मुस्लिम शायर अंजुम बाराबंकवी ने भगवान श्री राम पर एक गजल लिखी है। शायर ने गजल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पढ़ने के लिए भेजी थी। पीएम ने शायर की तारीफ करते हुए एक उन्हें एक लेटर लिखा है।

ये है श्रीराम पर लिखी गजल

डर लगता है मगर पास हैं दशरथ नंदन, मेरी हर सांस का विश्वास हैं दशरथ नंदन
दिल के कागज पर कई बार लिखा है मैंने, एक महकता हुआ अहसास हैं दशरथ नंदन
दूसरे लोगों के बारे में नहीं जानता हूं, मेरे जीवन में बहुत खास हैं दशरथ नंदन और कुछ दिन में समझ जाएगी छोटी सी दुनिया, हम गरीबों की बड़ी आस है।...

अब खुले में होंगे चीतों के दीदार

5 चीते खुले जंगल में आजाद होने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ कल सीएम यादव जंगल में छोड़ेंगे

नामीबिया से आए चीते कूनो नेशनल पार्क में अभी तक 100 हेक्टेयर के बाड़े में विचरण कर रहे थे। किंतु अब उनमें से दो चीते आशा व वीरा (दोनों मादा) तथा आशा के तीन शावकों को वन महकमा खुले जंगल में आजाद करने जा रहा है। इन तीनों शावकों का जन्म कूनो में ही हुआ है। यह पूरी तरह से स्वदेशी चीता शावक हैं।

भंडारा खाने से ग्रामीणों में फूड पॉयजनिंग

200 से अधिक लोग बीमार हुए, 60 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

■ स्कूल-आंगनबाड़ी को बनाया अस्थायी अस्पताल

एक गांव में मूर्ति पूजन पर हुए भंडारे का खाना खाने से 200 से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई। जबकि 70 से अधिक लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर तीन गांव में 6 डॉक्टरों की टीम पहुंच गई। आंगनवाड़ी और स्कूलों को अस्थायी अस्पताल बनाया गया है।

बांदकपुर मंदिर में बसंत पंचमी पर मची भगदड़

चार महिलाएं और एक बच्ची घायल, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

■ चैनल गेट खुलने से भीड़ बेकाबू हुई

दमोह के बांदकपुर स्थित जागेश्वर नाथ धाम में सोमवार को भगदड़ मच गई। बसंत पंचमी पर हुई इस घटना में चार महिलाएं दब गईं। जिससे उन्हें गंभीर चोटें लग गई। घटना सुबह करीब 4 बजे चैनल गेट खुलने के दौरान हुई। अचानक गेट खुलने से भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ जैसे हालात हो गए। इस दौरान चार महिलाएं खुद को संभाल नहीं पाई ।

भोजशाला में चार दिवसीय बसंत पंचमी समारोह

मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना के लिए उमड़े लोग, निकली शोभायात्रा

700 से अधिक जवान, 70 से ज्यादा सीसीटीवी से निगरानी

धार। बसंत पंचमी पर धार की भोजशाला में सोमवार सुबह से ही वाग्देवी की पूजा-अर्चना का दौर चल रहा है। चार दिवसीय वसंत पंचमी समारोह के तहत यज्ञ किया जा रहा है। मंत्रोच्चार के बीच वेदी में आहुतियां दी जा रही हैं। भोजशाला सहित पूरे परिसर को भगवा पताकाओं से सजाया गया है। भोजशाला सहित 200 मीटर का एरिया पुलिस छावनी में तब्दील है।

सीसीटीवी कैमरों से होगी पहचान

भोपाल में भीख देने-लेने वालों पर होगी एफआईआर

■ कलेक्टर ने एडीएम को दिए निर्देश, टीमें भी करेंगी निगरानी
■ भोपाल में ढाई सौ से अधिक भिखारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में भिखारियों की प्रोफाइल बनाने के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने एडीएम सिद्धार्थ जैन को भीख लेने और देने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत आदेश जारी किया जा रहा है।

नहीं लगाया स्पॉट फाइन

करीब डेढ़ महीने पहले महिला बाल विकास विभाग और सामाजिक न्याय विभाग ने भिखारी मुक्त शहर के लिए प्रस्ताव बनाया था। इसमें भीख देने वालों पर स्पॉट फाइन करना था। जिला प्रशासन ने इसे अमलीजाना पहनाने के लिए प्लानिंग भी कर ली। लेकिन, अमल नहीं हो सका।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के नवीन परिसर भवन के भूमि पूजन समारोह में कहा

विचारक एवं लेखक सुरेश सोनी ने कहाः मप्र बनेगा मौलिक शोध का केंद्र

भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर शोध की आवश्यकता

सीएम बोले-ज्ञान की ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग समाज हित में करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ज्ञान की ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग समाज हित में करना जरूरी हो गया है, और यह भूमिका प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर ही निभाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर शोध की आवश्यकता अधिक बढ़ जाती है। शोध के क्षेत्र में शासन के साथ-साथ समाज को भी योगदान देना होगा। मप्र संपूर्ण देश में मौलिक शोध का प्रमुख केंद्र बनेगा।

नवीन परिसर भवन के भूमि पूजन समारोह में पुस्तक एवं अन्य साहित्य का विमोचन किया।

ठेंगड़ी शोध संस्थान जैसी पहल की अत्यधिक आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय विचार व्यक्ति को संघर्ष के स्थान पर प्रेम और बंधुत्व के लिए प्रेरित करते हैं। जनजातीय समाज सहित भारतीयता के विभिन्न पहलुओं पर समग्रता में शोध के लिए दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान जैसी पहल की अत्यधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति पुस्तकीय ज्ञान के स्थान पर व्यवहारिक अनुभूति को अधिक महत्व देती है। बसंत पंचमी के अवसर पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान का भूमि-पूजन ज्ञान की ऊर्जा और सामर्थ्य का उपयोग समाज हित में करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

ठेंगड़ी शोध संस्थान शोध गतिविधियों का विस्तार करेगा

विचारक व लेखक सोनी ने कहा कि प्रकृति में जितना महत्व मनुष्य का है, उतना ही जीव जगत, वनस्पति, पर्वत और जल संरचनाओं आदि का भी है। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि जो जितना विवेकशील है, प्रकृति के संधारण और सभी के हितों के संरक्षण में उसका दायित्व भी उतना अधिक है। इस दृष्टि से प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में मनुष्य का दायित्व बहुत अधिक बढ़ जाता है, यही भारतीय दृष्टि से देखने की प्रक्रिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान इस भारतीय मूल दृष्टि से बहु आयामी शोध गतिविधियों का विस्तार करेगा और मप्र संपूर्ण देश में मौलिक शोध का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने इस उद्देश्य प्राप्ति में सभी से सहयोग का आव्हान किया।

दिल्ली विस चुनाव : पीएम मोदी ने की छात्रों से बातचीत कहा स्टूडेंट्स के भविष्य से खेल रही है दिल्ली की 'आप' सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली सरकार कैसे अपनी छवि के लिए छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंच रही है। दिल्ली के छात्रों के साथ खास बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि मैंने सुना है दिल्ली में 9वीं कक्षा के बाद छात्रों को आगे जाने नहीं दिया जाता। जो बच्चे गारंटी है कि पास होंगे, उन्हीं को आगे जाने दिया जाता है, क्योंकि उनका रिजल्ट खराब होगा तो सरकार (आप) की इज्जत खराब हो जाएगी। इसलिए यह बड़ा बेईमानी का काम होता है।

पीएम ने कहा- छात्रों को आगे जाने नहीं दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लोगों से कहा कि जो बच्चे गारंटी है कि पास होंगे, उन्हीं को आगे जाने दिया जाता है बाकी के साथ न्याय नहीं हो पाता है

'आप-दा पार्टी' ने 11 साल बर्बाद कर दिए

उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने वाली है। 'आप-दा पार्टी' ने 11 साल बर्बाद कर दिए। मेरी सबसे बड़ी विनती है कि दिल्ली के लोगों की सेवा करने का हमें मौका दिया जाए। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आएगी जो हर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार के जीवन को समृद्ध बनाएगी। पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों की हर कठिनाई को दूर करने के लिए किसी भी हद तक जाने का वादा भी किया।

झाड़ू तिनके की तरह बिखर रही है

आप' में मची भगदड़ की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, झाड़ू तिनके की तरह बिखर रही है क्योंकि आपदा के नेता इसे छोड़ रहे हैं। हाल ही में आपदा के आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के फैसले का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि आपदा सरकार दिल्ली के मतदाताओं के सामने बेनकाब हो गई है। उन्होंने आप सरकार के घोटालों पर निशाना साधा और कहा कि आप नेताओं को जवाब देना होगा और जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर भड़के केजरीवाल बोले

गवर्नर या राष्ट्रपति, कौन सा ऑफर मिला?

आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग

पर भाजपा के सामने हथियार डालने का आरोप लगाया है। इसी के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से पूछा है कि भाजपा ने उन्हें ऐसा कौन सा पद ऑफर किया है कि उन्होंने दिल्ली को दांव पर लगा दिया। उन्होंने कहा, राजवी कुमार इस महीने के आखिर में रिटायर हो रहे हैं। पोस्ट रिटारमेंट, उन्हें ऐसा कौन सा पद ऑफर किया गया है कि आप देश को दांव पर लगा दो। गवर्नर या राष्ट्रपति, कौन सा पद हो सकता है।

भाजपा ने 22 तो आप ने किए 9 रोड शो

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार शाम 5 बजे प्रचार थाम गया। अंतिम दिन राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जहां भारतीय जनता पार्टी सोमवार को दिल्ली में 22 रोड शो किए तो वहीं आम आदमी पार्टी की 9 रैलियां कर डाली। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने अयोध्या की मिल्कीपुर की कमान संभाल ली।

30 हजार सुरक्षाकर्मियों ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शहर में अर्धसैनिक बलों की 150 से अधिक कंपनियां और 30,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। स्पेशल सीपी (अपराध) और चुनाव सेल के प्रभारी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय राजधानी में 5 फरवरी के चुनावों की तैयारियों की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि नियमित नकदी जब्ती के साथ-साथ ड्रग्स और शराब की रिकॉर्ड जब्ती हुई है। लगभग 3,000 मतदान केंद्रों की पहचान संवेदनशील के रूप में की गई है और इनमें से कुछ स्थानों पर ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। स्पेशल सीपी ने कहा, संवेदनशील बूथों के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी और शांति, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी) को भी तैनात किया जाएगा।

एमसीसी उल्लंघन के 1000 से अधिक मामले दर्ज

दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के कथित उल्लंघन के 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। ये मामले 7 जनवरी से 2 फरवरी के बीच दर्ज किए गए।

पुलिस ने 177 लोगों को किया गिरफ्तार

इसके अतिरिक्त, सुरक्षा एजेंसियों ने 1,08,258 लीटर शराब जब्त की है और 1,353 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 77.9 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 196.602 किलोग्राम दवाएं जब्त की हैं। 1,200 से अधिक प्रतिबंधित इंजेक्शन भी जब्त किए गए हैं। साथ ही अब तक 177 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने 11.23 करोड़ रुपये नकद और 37.39 किलोग्राम चांदी भी जब्त की है।

वादे पूरे नहीं कर पाए केजरीवाल, 50 प्रतिशत से ज्यादा विधायकों ने साथ छोड़ाः शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आम आदमी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री कहा अमित शाह ने कि 10 वर्षों तक केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा-कचरा, जहरीला पानी, तुष्टिकरण और धोखा ही दिया है। शाह ने कहा, कनेक्टिविटी के नाम पर ऐसी सड़कें दीं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, ये पता ही नहीं चलता। पाइप के माध्यम से ये प्रदूषित पानी भेजने का काम कर रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर 65,000 फर्जी टेस्ट कराने का घोटाला इन्होंने किया। बारिश में बिजवासन तो छोड़िए, बल्कि आधी दिल्ली तालाब बन जाती है। केजरीवाल ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया, इसलिए आज आप के 50% से ज्यादा विधायक इन्हें छोड़ चुके हैं। केजरीवाल जी, आपके यहां ये भगदड़ क्यों मची है?

केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज मैं नई दिल्ली वालों की ओर से आपको बताने आया हूं कि वहां केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं। दिल्ली की जनता इस झूठे व्यक्ति को जान गई है। अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान केजरीवाल कहा था कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम गाड़ी नहीं लेंगे, लेकिन गाड़ी ली, इन्होंने कहा था कि सिक्योरिटी नहीं लेंगे, लेकिन सिक्योरिटी ली, इन्होंने कहा था कि बंगला नहीं लेंगे, लेकिन इन्होंने अपने लिए 52 करोड़ रुपये का 50 हजार गज का शीश महल बना लिया।

बड़े मियां-छोटे मियां दोनों शराब घोटाले में जेल गए

शाह ने कहा-हजारों करोड़ के घोटाले किए हैं। शराब, जल बोर्ड, डीटीसी बस घोटाला किया, 1,300 करोड़ का क्लासरूम घोटाला किया। 571 करोड़ का सीसीटीवी घोटाला किया और 65,000 नकली टेस्ट का घोटाला किया। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़कर आए केजरीवाल स्वयं भ्रष्टाचार की मूर्ति बन गए और बड़े मियां-छोटे मियां दोनों शराब घोटाले में जेल गए।'

खबर संक्षेप

आरजी कर में मिली छात्रा की लटकती लाश

कोलकाता। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की 20 वर्षीय सेकेंड ईयर एमबीबीएस की छात्रा आईवी प्रसाद अपने कमरे में

फांसी के फंदे से झूलती मिली। वह कोलकाता के कामरहाटी ईएसआई अस्पताल क्वार्टर्स में अपनी मां के साथ रहती थी, जो वहीं डॉक्टर हैं। इस घटना के बाद आरजी कर में एक बार फिर सनसनी फैल गई। हालांकि पुलिस ने कहा है कि यह आत्महत्या है। पुलिस को मौके से कोई नोट नहीं मिला। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

गाजियाबाद के सेंट मैरी स्कूल को मिली धमकी

गाजियाबाद। शालीमार गार्डन थाना इलाके में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम

मौके पर पहुंची। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम भी पहुंची। आनन-फानन बच्चों को स्कूल मैदान में भेजा गया और जांच की गई। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि ईमेल में स्कूल को खाली करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से तुरंत सभी बच्चों को स्कूल मैदान में भेज दिया गया। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम ने जांच शुरू की।

राज्यसभा में खरगे बोले-कुंभ भगदड़ में हजारों लोग मारे गए

धनखड़ ने कहा झूठा बयान वापस लो, जवाब दिया- सही आंकड़ा बताएं, माफी मांग लूंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ का मामला सोमवार को राज्यसभा में उठा। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने जब भगदड़ में हुई मौत का आंकड़ा मांगा तो सत्ता पक्ष के सांसदों ने हंगामा कर दिया। सभापति एवं खरगे के बीच तीखी नोकझोंक भी हो गई।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों को सोमवार को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सत्ता पक्ष की ओर से हंगामा शुरू हो गया। वहीं, खरगे के बयान पर सभापति जगदीप धनखड़ की नाराज हो गए। दरअसल, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ में हुए हादसे में हजारों लोग मारे गए। उनके इस बयान का सत्ता पक्ष की ओर विरोध किया गया। वहीं, सभापति जगदीप धनखड़ ने खरगे से बयान वापस लेने को कहा।बता दें कि राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग लेते हुए, खरगे ने मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुंभ में मारे गए हजारों लोग वाक्यांश का इस्तेमाल किया। उनके बयान के बाद सत्ता पक्ष के सांसदों ने हंगामा किया।इस बीच राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने तुरंत कहा कि यह मेरा अनुमान है और अगर यह सही नहीं है तो आपको (सरकार को) बताना चाहिए कि सच क्या है। उन्होंने कहा कि वे सही होने के लिए तैयार हैं। खरगे ने कहा कि मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए 'हजारों' नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दीजिए। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा। उन्हें यह आंकड़े देने चाहिए कि कितने लोग मारे गए, कितने लापता हैं।

जानकारी दें कि गत 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान भगदड़ मच गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए।

कांग्रेस सांसद खरगे ने महाकुंभ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी



खरगे के दावे को सभापति ने बताया दुखद

गौरतलब है कि सभापति धनखड़ ने खरगे के इस दावे को बहुत दुखद क्षण बताया और उनसे अपना बयान वापस लेने को कहा। हालांकि, विपक्ष के नेता ने सरकार से सही आंकड़े देने पर जोर दिया और अपना भाषण जारी रखा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था का निर्माता बताया।

खरगे पर भड़के धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विपक्ष के नेता ने हजारों की संख्या में आंकड़ों का उपयोग करके एक परिदृश्य का संकेत दिया है। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस सदन में जो भी बोला जाता है, उसका बहुत महत्व होता है। आपने कुछ ऐसा कहा है जिससे सभी स्तब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यहां से जो संदेश जाता है, भले ही उसका खंडन हो, वह पूरी दुनिया में जाता है। क्या आप उस हद तक जा सकते हैं? मैं आपसे इस देश के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक के रूप में अपील करूंगा, अगर आप हजारों में आंकड़ा देते हैं तो मैं केवल आपकी अंतरात्मा से अपील कर सकता हूं। इसपर खरगे ने कहा कि उन्होंने किसी को दोषी ठहराने के लिए यह आंकड़ा नहीं बताया।

सत्ता पक्ष के सांसदों ने हंगामा किया

मैंने दोषी ठहराने के लिए ऐसा नहीं कहाः खरगे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने तुरंत कहा कि यह मेरा अनुमान है (और) अगर यह सही नहीं है तो आपको (सरकार को) बताना चाहिए कि सही संख्या क्या है। उन्होंने कहा कि मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए 'हजारों' नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दें। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा। उन्हें आंकड़ा देना चाहिए कि कितने लोग मारे गए, कितने लापता हैं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर स्नान के दौरान भगदड़ मच गई थी। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 30 लोगों की मौत हो गई। खरगे ने कहा, मैं महाकुंभ में मारे गए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि देता हूं... कुंभ में मारे गए हजारों लोगों को..., जिसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विरोध किया।

प्रसाद ने कहा- हादसे में षड्यंत्र की बू, जया बोलीं कुंभ में है दूषित पानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आशंका जताई कि महाकुंभ हादसे में षड्यंत्र हो सकता है और हादसे की जांच के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। वहीं सपा सांसद जया बच्चन ने महाकुंभ हादसे को लेकर बेतुका बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस वक्त सबसे दूषित पानी कुंभ का है क्योंकि भगदड़ के बाद लोगों के शव गंगा में बहाए गए। रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में महाकुंभ की भी चर्चा की। खबर मिली कि 35 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने हादसे पर दुख भी जताया, लेकिन उस हादसे की भी जांच चल रही है और उसमें भी षड्यंत्र की बू आ रही है। जब पूरी जांच हो जाएगी तो वो हादसा

किसने करवाया, उन्हें शर्म से झुकना पड़ेगा। भाजपा सांसद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ये कुंभ और सनातन का नाम सुनते ही इन्हें परेशानी क्यों हो जाती है। लेकिन मैं एक बात इस सदन में साफ करना चाहता हूं कि सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। हजारों साल में तो लोग सनातन को कमजोर कर नहीं सके तो ये लोग क्या हैं।

जया बच्चन का बेतुका बयान

सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अभी सबसे दूषित पानी कहां का है? कुंभ का है। शव नदी में फेंके गए, जिससे पानी दूषित हुआ। असल मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। आम व्यक्ति जो कुंभ जा रहा है, उसे विशेष सुविधाएं नहीं मिल रही हैं और उनके लिए कोई इंतजाम नहीं हैं। झूठ बोला जा रहा है कि करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोग एक जगह कैसे इकट्ठा हो सकते हैं?

रजनीकांत की कबाली के निर्माता ने की आत्महत्या

पणजी। साउथ फिल्म निर्माता केपी चौधरी उर्फ सुंकारा कृष्ण प्रसाद चौधरी गोवा में मृत पाए गए। जांच में पुष्टि हुई है कि उन्होंने

आत्महत्या की है। वह खम्मम जिले के रहने वाले थे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फिल्म जगत में उनके मित्रों ने बताया कि चौधरी ड्रग मामले में गिरफ्तारी के बाद से परेशान थे और आर्थिक समस्याओं से भी जूझ रहे थे। केपी चौधरी ने 2016 में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। वे तेलुगु फिल्म कबाली के निर्माता थे। उन्हें पुलिस ने 93 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया था।

दिल्ली में प्रदूषण का मामला

सिर्फ एक स्टेट को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण और पराली जलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए पराली के प्रबंधन के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा सुझाए कदमों पर बैठक करने का निर्देश दिए है। साथ ही जस्टिस अभय ओक ने कहा कि हम सिर्फ एक राज्य या सिर्फ एक हितधारक को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते हैं। दरअसल, पंजाब के अटॉर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में 15 नवंबर के बाद का दिल्ली का एक्यूआई डेटा दिया है। उन्होंने कहा कि इसी दिन आखिरी बार पराली जलाने की घटना हुई थी। पंजाब सरकार ने कोर्ट को बताया कि दिसंबर और जनवरी में दिल्ली एक्यूआई 400 को छू गया और पराली जलाने की घटनाओं के अंकुश के बावजूद यह जारी है।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी, पंजाब और हरियाणा को दिए निर्देश

भारत का हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर अब अमेरिका के बराबर पहुंचा

नेशनल हाईवे पर सफर करने वालों को जल्द मिलेगी राहत, एक समान टोल नीति पर काम कर रही सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत की हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर अब अमेरिका के बराबर पहुंच चुकी है। गडकरी ने एक साक्षात्कार में बताया, हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। इससे यात्रियों को हो रही परेशानियों का समाधान होगा। हालांकि, उन्होंने इस नीति के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क बढ़ने और खराब सड़क सुविधाओं के कारण आम जनता में

पिछले कुछ वर्षों में बने राष्ट्रीय राजमार्ग

2020-21	13,435.4 किमी
2021-22	10,457.2 किमी
2022-23	10,331 किमी
2023-24	12,349 किमी

90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बाद ही प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

गडकरी ने बताया कि भारत माला परियोजना के तहत मंत्रालय को 3,000 करोड़ तक के हाईवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देने का अधिकार था, लेकिन अब मंत्रालय 1,000 करोड़ से अधिक की किसी भी परियोजना के लिए कैबिनेट की मंजूरी लेने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा, हमने 50,000-60,000 करोड़ के हाईवे प्रोजेक्ट्स की मंजूरी के लिए कैबिनेट को प्रस्ताव भेजा है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी, हम उन पर काम शुरू कर देंगे। एक अंतर-मंत्रालयी पैनल ने सुझाव दिया है कि कोई भी हाईवे प्रोजेक्ट तभी मंजूर किया जाए, जब 90% भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो जाए।

हाईवे निर्माण की रफ्तार होगी तेज

गडकरी ने कहा कि 2020-21 में प्रति दिन 37 किलोमीटर हाईवे निर्माण का रिकॉर्ड बना था, जिसे इस वित्तीय वर्ष में तोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 7,000 किमी हाईवे बनाए जा चुके हैं और फरवरी-मार्च में निर्माण की रफ्तार और बढ़ने की उम्मीद है।

टोल संग्रह में हुआ बड़ा इजाफा

वित्त वर्ष 2023-24 में टोल संग्रह 64,809.86 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35% अधिक है। 2019-20 में यह संग्रह 27,503 करोड़ था, जो अब लगभग दोगुना से भी ज्यादा है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी कारों की हिस्सेदारी लगभग 60% है, लेकिन टोल संग्रह में इनका योगदान सिर्फ 20-26% ही है।

महाकुंभ का अंतिम अमृत स्नान पूरा

बसंत पंचमी पर लाखों श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम, हर हर गंगे, बम बम भोले का किया गगनभेदी उद्घोष, बिना किसी बाधा के लगाई डुबकी

एजेंसी ▶▶ महाकुंभनगर (प्रयागराज)

सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। हर राज्य और हर जाति के लाखों लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और जय श्रीराम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए। लोग उत्साह से लबरेज नजर आए। अमृत स्नान पर महाकुंभ नगर में एकता का महाकुंभ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। संगम घाट पर नागा साधु संतों और आम श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। महाकुंभ एडीएम चंद्रपाल तिवारी ने कहा कि प्रशासन के आदेश पर ऐरावत घाट, अरैल घाट, सरस्वती घाट और नागवासुकी मंदिर में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। संगम घाट पर अमृत स्नान में भाग लेने वाले अखाड़ों पर पुष्प वर्षा की गई।

महाकुंभ 2025

सुरक्षा के लिहाज से एकल मार्ग की व्यवस्था लागू की

घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाए गए

तपस्वी नगर में पंच धूनी तपस्या का आरंभ

कुम्भ क्षेत्र जप ,तप और साधना का क्षेत्र है जिसके हर कोने में कोई न कोई साधक अपनी साधना में रत नजर आएगा। महाकुम्भ के तपस्वी नगर में बसंत पंचमी से एक खास तरह की साधना का आरंभ हुआ है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा कौतूहल है। इस साधना को पंच धूनी तपस्या कहा जाता है जिसे आम भक्त अग्नि स्नान साधना के नाम से भी जानते हैं। इस साधना में साधक अपने चारों तरफ जलती आग के कई घेरे बनाकर उसके बीच में बैठकर अपनी साधना करता है। जिस आग की हल्की से आंच के सम्पर्क में आने से इंसान की त्वचा झुलस जाती है उससे कई गुना अधिक आंच के घेरे में बैठकर ये तपस्वी अपनी साधना करते हैं ।

सभी अखाड़ों ने किया स्नान

क्रम में सबसे पहले संन्यासी अखाड़ों में महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के साधु संतों और पीठाधीश्वर ने संगम घाट पर पहुंचकर स्नान किया। इसके बाद, निरंजनी और पंचायती अखाड़ा आनंद अखाड़ा और जूना एवं आवाहन अखाड़ा पंचाग्नि अखाड़ा, बैरागी अखाड़ा, उदासीन अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभायात्रा में नागा साधुओं ने प्रदर्शन किया। कुछ नागा साधु घोड़े पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुंभ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया।

महाकुंभ दुनिया के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा स्रोत

सीएम ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की और कहा कि इस आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालु भगवान की कृपा प्राप्त करते हैं। सीएम योगी ने इस महाकुंभ को भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक मूल्यों को प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया और इसके द्वारा समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव की भावना को साझा करने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बसंत पंचमी पर साधु-संतों, धर्माचार्यों, सभी अखाड़ों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल भारत नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत है। योगी ने पोस्ट किया कि "तत्राभिषेकं यः कुर्यात संगमे संशितव्रतः। तुल्यं फलमवाप्नोति राजसूयाश्वमेधयोः॥ जय माँ गंगे!"

विदेशी श्रद्धालु बोले- अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभव

विदेशी श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इटली, क्रोएशिया और ऑस्ट्रिया से आए श्रद्धालुओं ने महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय, अविस्मरणीय और जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर बताया। स्लोवेनिया के एक श्रद्धालु ने कहा कि मैंने पवित्र स्नान करके अपना जन्मदिन मनाया। यह अद्भुत है। जर्मनी से आए श्रद्धालु ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं। इससे बहुत ऊर्जा मिली। यूक्रेन के श्रद्धालु ने कहा कि मैं अद्भुत और धन्य महसूस कर रहा हूं। यह मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन है।

दुनिया में डर, भारत में शांति और सुखः अवधेशानंद



जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की वजह से ही हम स्नान कर सके हैं इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद! बसंत पंचमी पर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हम यहां भारत की एकता का गवाह बन रहे हैं। कई विचारों और धर्मों के लोग गंगा के किनारे एक साथ हैं। दुनिया में डर और अशांति हो सकती है, लेकिन भारत में शांति और सुख है। दुनिया युद्धों का सामना कर रही है, लेकिन भारत के पास ज्ञान है।

सनातन धर्म का उत्कर्ष होगाः रामभद्राचार्य

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि बसंत पंचमी का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। इससे होली का आगमन हो रहा है। इससे हर कोई खुश है। मैं सनातन धर्म का उत्कर्ष देख रहा हूं। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि भारत वर्ष में उन्नति हो ये ही किन्नर अखाड़ें से आशर्वाद हैं। निर्मोही अनी अखाड़े के आचार्य दयानंद दास महाराज ने कहा कि हम सभी, मानवता के परिवार, आत्मा को परमात्मा से मिलाने के लिए अपनी चेतना को बढ़ाएंगे। ताकि धर्म और मानवता के अनुसार जीवन जी सकें। हम गंगा में इस डुबकी के लिए बहुत उत्साहित और तैयार हैं।

सभी बहुत उत्साहितः कैलाशानंद गिरि

स्वामी कैलाशानंद गिरि ने कहा कि सभी 13 अखाड़ों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। हमने गंगा मां, भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। सभी नागा बहुत उत्साहित हैं। यह हमारा तीसरा 'अमृत स्नान' था, मैं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं क्योंकि उन्होंने 13 अखाड़ों के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की। जो लोग 'सनातन धर्म' का पालन नहीं करते हैं उन्हें इस 'शाही स्नान' से सबक लेना चाहिए और देखना चाहिए कि आज भी सनातन साधुओं के साथ है और साधु सनातन के साथ हैं। निर्मोही अनी अखाड़े की महामंडलेश्वर राजेश्वरी मां ने कहा कि मैं जापान से हूं और हमारे अखाड़े के साथ अमृत स्नान के लिए यहां आना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है।

खबर संक्षेप

नसरल्लाह का 23 को फिर से अंतिम संस्कार

बेरूत। लेबनानी हिज्बुल्लाह समूह ने ऐलान किया है कि उसके नेता हसन नसरल्लाह का अंतिम संस्कार 23 फरवरी को होगा। दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हवाई हमलों मे हसन नसरल्लाह की मौत के कुछ महीनों बाद हिज्बुल्लाह के नए नेता नईम कासेम ने पहले से रिकॉर्ड किए गए भाषण में हसन नसरल्लाह के संबंध में यह घोषणा की। 27 सितंबर 2024 को दक्षिणी बेरूत में कई इमारतों पर इजराइली हवाई हमलों में नसरल्लाह की मौत हो गई थी। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्धविराम समझौते के कुछ दिनों बाद हिज्बुल्लाह ने ये घोषणा की है।

तमिलों को नहीं मिली पोंगल मनाने की इजाजत

माले। मालदीव में रहने वाले तमिल प्रवासी समुदाय को पोंगल के अवसर पर होने वाले एक निर्धारित खेल कार्यक्रम को गैर-इस्लामी बताते हुए मना करने से रोक दिया गया। मालदीव की मुहम्मद मुइज्जू सरकार ने इस कार्यक्रम को गैर इस्लामी बताया। मालदीव सरकार ने यह फैसला इस्लाम के बाहर धार्मिक प्रथाओं पर सार्वजनिक रूप से प्रतिबंध लगाने के लिए किया है। यह निर्णय कट्टरपंथी समर्थकों द्वारा इसकी निंदा करने और 7 फरवरी को इस खेल टूर्नामेंट पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह करने के बाद लिया गया।

यूरोप से अफ्रीका तक राष्ट्रपति ट्रंप के निशाने पर कई देश

'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' योजना को बढ़ाने में जुटे, आयात शुल्क लगाने का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने के बाद से ही अपनी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' योजना को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। इसके तहत वे व्यापार में अमेरिका के प्रतिद्वंद्वी देशों के साथ-साथ मित्र देशों को भी टैरिफ युद्ध में शामिल कर रहे हैं। आलम यह है कि ट्रंप अब तक आधा दर्जन देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने का एलान कर चुके हैं। इसके अलावा वे कई और देशों को आने वाले समय में कार्रवाई की धमकी भी दे चुके हैं। अमेरिका के हितों का हवाला देते हुए अलग-अलग देशों से व्यापार युद्ध शुरू करने के ट्रंप के इरादे कितने बुलंद हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में ट्रंप ने अमेरिकी जनता से कहा है कि उन्हें इसका कुछ दर्द उठाना पड़ सकता है। हालांकि, लंबे समय के लिए यह अमेरिका के फायदे के लिए ही होगा। ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि अमेरिका के खिलाफ व्यापार में बढ़त न होने के बाद कनाडा का अस्तित्व ही मुश्किल हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक करीब आधा दर्जन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, अब ये शुल्क लागू होने जा रहे हैं। ये वादे राष्ट्रपति द्वारा किए गए थे और अब इन्हें पूरा किया जा रहा है। वहीं, तीन देशों पर 4 फरवरी से आयात शुल्क लगाने का ऐलान भी कर चुके हैं। इन देशों में चीन, कनाडा और मैक्सिको शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि चीन, मैक्सिको और कनाडा अब तक अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका ने 2024 में दुनियाभर से करीब 3 ट्रिलियन डॉलर के उत्पाद आयात किए थे। इनमें से 42 फीसदी आयात उसने इन्हीं तीन देशों से किए। ट्रंप ने इन तीन देशों पर आयात शुल्क लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून का इस्तेमाल करते हुए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके मुताबिक, 4 फरवरी से कनाडा, मैक्सिको और चीन पर यह आयात शुल्क लागू हो जाएंगे।

चीन, मैक्सिको और कनाडा यूएस के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार

मैक्सिको बोला- टैरिफ समस्या बातचीत और संवाद से हल होगी

अवैध विदेशियों के खतरे से बचाएगा

कार्यकारी आदेश के मुताबिक, यह कदम अवैध विदेशियों और घातक ड्रग्स, जैसे फेंटेनाइल के कारण अमेरिकी नागरिकों को होने वाले खतरे से बचने के लिए उठाया गया है। ट्रंप ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अमेरिकियों की सुरक्षा है, और उन्होंने अपने अभियान में यह वादा किया था कि वह सीमा पर अवैध प्रवास और ड्रग्स की बाढ़ को रोकेंगे।

कनाडा 30 अरब डॉलर कीमत के अमेरिकी उत्पादों पर लगाएगा टैरिफ

अमेरिका की तरफ से कनाडा के उत्पादों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ऐलान के बाद ही कनाडा की सरकार ने भी पलटवार किया। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लीब्लांक ने रविवार को अमेरिका के उन उत्पादों की सूची जारी कर दी, जिन पर कनाडा की सरकार टैरिफ लगाने जा रही है। कनाडा ने अमेरिका से आने वाले करीब 30 अरब डॉलर कीमत के उत्पादों पर टैरिफ लगाने की बात कही है। इन उत्पादों की सूची में अमेरिका में बनने वाली शराब, घरेलू सामान, औजार, हथियार, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां, कपड़े आदि चीजे हैं।

टैरिफ समस्या संवाद से हल होगी

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि समस्याएं टैरिफ लगाने से हल नहीं होती हैं, बल्कि बातचीत और संवाद से हल नहीं होती हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने अर्थव्यवस्था सचिव को प्लान बी बनाने का निर्देश देती हूं, जिस पर हम काम कर रहे हैं। इसमें मैक्सिको के हितों की रक्षा के लिए टैरिफ और गैर टैरिफ उपाय शामिल हैं। बलपूर्वक नहीं सब कुछ तर्क और सही तरीके से होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मैक्सिको के आपराधिक संगठनों के साथ संबंध के आरोप लगाए हैं। हम इसे खारिज करते हैं।

चीन ने की निंदा, जवाबी कार्रवाई करने की दी चेतावनी

चीन के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले की निंदा की। उन्होंने इसका विरोध करते हुए अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। चीन ने बताया कि अमेरिका की तरफ से टैरिफ बढ़ोतरी विश्व व्यापक संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। इसके खिलाफ चीन डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करेगा। चीन ने कहा कि वह अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ से पूरी तरह से असंतुष्ट है और हम इसका कड़ा विरोध करते हैं।

ईयू भी दृढ़ता से देगा जवाब

ट्रंप ने कहा है कि वह यूरोपीय संघ (ईयू) पर टैरिफ जरूर लगाएंगे। यूरोपीय संघ ने अमेरिका का बहुत फायदा उठाया है। ट्रंप ने यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ बढ़ते व्यापार घाटे का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय संघ ने हमारा फायदा उठाया है। वहीं ट्रंप के बयान पर यूरोपीय देशों ने भी तगड़ा पलटवार करने की बात कही है। ईयू के प्रवक्ता ने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति टैरिफ लगाते हैं तो यूरोपीय संघ भी यूरोपीय उत्पादों पर मनमाने तरीके से टैरिफ लगाने का दृढ़ता से जवाब देगा।

आतंकियों ने रिटायर्ड फौजी की हत्या की

फायरिंग में पत्नी और बेटी हुए घायल सुरक्षाबलों का सर्चिंग ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सोमवार को आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक के परिवार पर हमला किया। इसमें पूर्व सैनिक की मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गई हैं। हमलावरों को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। सुरक्षाबल उनकी तलाश में जुटे हैं। घटना दक्षिणी कश्मीर में कुलगाम के बेहीबाग इलाके में हुई। आतंकियों ने रिटायर्ड लांस नायक मंजूर अहमद के परिवार पर दोपहर 2:45 बजे गोलीबारी की। फायरिंग में अहमद, पत्नी आइना और बेटी साइना घायल हो गए। तीनों को श्रीनगर हॉस्पिटल ले जाया गया। इलाज के दौरान मंजूर अहमद की मौत हो गई। उनकी पत्नी और बेटी का इलाज जारी है। मंजूर के पेट में गोली लगी थी, जबकि उनकी पत्नी के पैर और बेटी के हाथ में गोली लगी थी। वह पत्नी और बेटी के साथ कार में थे, जब आतंकियों ने उन पर नजदीक से गोली चलाई। सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है।

सीएम ने हमले की निंदा की

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कुलगाम में पूर्व सैनिक मंजूर अहमद हत्या से बहुत दुखी हूं। उनकी घायल पत्नी और बेटी के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। इस तरह की जघन्य हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और इसकी कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। इससे पहले 30 जनवरी को भी कश्मीर के पुंछ में आतंकियों ने एलओसी से घुसपैठ की कोशिश की थी। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ को नाकाम कर 2 आतंकियों को मार गिराया था। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ कर रहे आतंकियों को जब रोका तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए थे। हालांकि एक आतंकी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भाग गया था।

19 जनवरी को भी हुई थी मुठभेड़

कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 19 जनवरी की शाम को भी मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों की घेराबंदी की थी। हालांकि दोनों भागने में कामयाब रहे थे। सुरक्षाबलों को आतंकियों के बारे में इनपुट मिला था। पुलिस ने बताया था कि इनपुट के आधार पर सुरक्षाबल सोपोर के जालोरा गुज्जरपति में सर्च ऑपरेशन कर रहे थे। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबल के जवानों पर फायरिंग कर दी। काफी देर तक दोनों ओर से फायरिंग के बाद आतंकी भागने में कामयाब रहे।

अमेरिका में एक और प्लेन हादसा, फ्लाइट के इंजन में लगी आग

रनवे पर ही टेकऑफ रोका, सभी पैसेंजर्स सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में एक और प्लेन हादसा हुआ है। ह्यूस्टन से न्यूयॉर्क जा रही यूनाइटेड एयरलाइंस की एक फ्लाइट को रविवार को खाली कराया गया, क्योंकि उड़ान भरने से कुछ वक्त पहले ही इसके इंजन में आग लग गई थी। स्थानीय समयानुसार, फ्लाइट 1382 सुबह 8:30 बजे जॉर्ज बुश इंटरकॉन्टिनेंटल एयरपोर्ट से लागार्डिया एयरपोर्ट के लिए रवाना होने वाली थी, चालक दल को इंजन के बारे में संकेत मिला और रनवे पर ही टेकऑफ रोक दिया गया। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए हादसे की जानकारी दी है। फेडरल एविएशन अथॉरिटी ने कहा कि इंजन में कोई दिक्कत हुई थी, जिस वजह से टेकऑफ रद्द कर दिया गया। पैसेंजर्स को रनवे पर ही उतार दिया गया और उन्हें बस से टर्मिनल तक ले जाया गया।

खास बातें

- पैसेंजर्स को रनवे पर उतारा बस से टर्मिनल तक ले गए
- बुधवार का हादसा 2001 के बाद की सबसे बड़ी दुर्घटना

बुधवार हुए हादसे में 67 पीड़ितों में से 55 के अवशेष मिले

अमेरिका में बुधवार को हुए अब तक के सबसे घातक विमान दुर्घटना में मारे गए 67 लोगों में से अब तक 55 मृतकों के अवशेष बरामद कर लिए गए हैं। प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी के पास बुधवार को हुआ यह हादसा अमेरिका में 2001 के बाद हुए अब तक के सबसे घातक हवाई दुर्घटना में शामिल है। वाशिंगटन डीसी के अग्निशमन एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) प्रमुख जॉन डोनेली ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गोताखोर अब भी इस दुर्घटना में मारे गए 12 पीड़ितों के शवों की तलाश कर रहे हैं। बचावकर्मी सोमवार सुबह तक पोटोमैक नदी से मलबा उठाने की तैयारी में हैं। विमान के कुछ बचे हिस्से को ट्रक में भरकर जांच के लिए 'हैंगर' (विमानों को रखने की जगह) ले जाया जाएगा।

प्लेन में थे सौ से ज्यादा पैसेंजर्स

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि सभी 104 पैसेंजर्स स्लाइड और सीढ़ियों का उपयोग करके विमान से सुरक्षित रूप से रनवे पर उतर गए और उन्हें बस से टर्मिनल ले जाया गया तथा किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए हादसे के वीडियो में न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट के लिए जा रहे एयरबस ए319 विमान के एक इंजन से धुआं और आग निकलती दिखाई दे रही है। यूनाइटेड एयरलाइंस ने कहा कि यात्रियों को रविवार दोपहर को दूसरी फ्लाइट के लिए रीशेड्यूल किया गया।

उत्तरी सीरिया के बाहरी इलाके में कार बम विस्फोट

19 की मौत, इनमें 17 महिलाएं शामिल, कई घायल और गंभीर

एजेंसी ▶▶ दमिश्क

सीरिया के एक उत्तरी शहर के बाहरी इलाके में सोमवार को एक कार बम विस्फोट हो गया। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि 18 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हुई है। इसके अलावा 15 महिलाएं घायल हो गईं, इनमें से कुछ हालत गंभीर है। हालांकि विस्फोट की जिम्मेदारी किसी समूह ने नहीं ली है। इस संस्था का मुख्यालय ब्रिटेन में है।

वहीं, स्थानीय नागरिक सुरक्षा एजेंसी एवं एक युद्ध निगरानी संस्था ने बताया कि मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन के पास एक कार में विस्फोट हो गया। बता दें कि राष्ट्रपति बशर असद के दिसंबर में अपदस्थ किए जाने के बाद भी पूर्वोत्तर अलेप्पो प्रांत के मनबीज इलाके में हिंसा की घटनाएं हो रही हैं।

तुर्किए समर्थित गुटों का टकराव जारी

'सीरियन नेशनल आर्मी' के नाम से जाने जाने वाले तुर्किए समर्थित गुटों का अमेरिका समर्थित कुर्द नेतृत्व वाली 'सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस' के साथ टकराव जारी है। सीरिया के सैन्य अभियान प्रशासन ने 29 जनवरी को हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) प्रमुख अहमद अल-शरा को राष्ट्रपति नियुक्त करने की घोषणा की। उन्हें स्थाई संविधान की पुष्टि होने तक अंतरिम विधान परिषद स्थापित करने का अधिकार दिया गया। बशर असद को हटने के बाद अल शरा देश के वास्तविक नेता हैं।

चिंतन

प्रत्यक्ष के साथ अप्रत्यक्ष कर तंत्र में सुधार जरूरी

भारतीय टैक्स प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। आम बजट में इसकी बड़ी उम्मीद थी। प्रत्यक्ष कर प्रणाली में सुधार के लिए सरकार ने बजट में जरूर प्रस्ताव किया है, लेकिन अप्रत्यक्ष कर प्रणाली जीएसटी में किसी भी प्रकार के सुधार को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। वित्त सचिव ने आम बजट के दो दिन बाद सोमवार को कहा है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। दरअसल जीएसटी के क्रियान्वयन को लेकर बहुत सारी पेचीदिगियां हैं। जीएसटी के लागू होने के बाद से कई वर्ष बीत चुके हैं तो अब कम से कम सरकार के पास अनुभव हैं, आंकड़े हैं और इसमें आने वाली खामियों की जानकारी भी है, इसलिए इस बजट में अपेक्षा थी कि सरकार जीएसटी पर जरूर सरलीकृत की ओर आगे बढ़ेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। सरकार बजट में आयकर छूट सीमा को 3 लाख से 12 लाख करने का बड़ा स्टेप लिया, नया आयकर कानून एक सप्ताह में लाने का वादा भी किया है। इसमें आईटीआर समेत अन्य सिस्टम को सरल किया जाएगा। टैक्स भरने की अवधि भी बढ़ा दी है और टैक्सेशन संबंधी कई कानूनों में डिफाल्टरों के लिए आपराधिक मुकदमे की 100 से अधिक श्रेणी को भी हटा दी गई है। टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है, लेकिन इससे बहुत छोटे हिस्से प्रभावित होते हैं, जीएसटी से सभी प्रभावित होते हैं। जीएसटी में अधिक सुधार की आवश्यकता है। इसमें टैक्स स्लैब ज्यादा है, यह 'एक राष्ट्र एक टैक्स' की अवधारणा के विपरीत है। जब पहली बार जीएसटी की योजना पेश की गई थी तो एक दर और केवल एंड प्रोडक्ट पर टैक्स की बात की गई थी। अभी एक उत्पाद के निर्माण में अगर चार से पांच तरह के उपकरण प्रयोग हो रहे हैं तो उसमें टैक्स की अलग अलग दर होती है। कई बार एक उपकरण पर 18 फीसदी टैक्स है, तो एक पर 5 फीसदी और अंतिम उत्पाद पर भी पांच फीसदी टैक्स है। इस तरह के कंप्लीकेशन्स को दूर किए जाने की जरूरत है, बजट में इस पर बात होनी चाहिए थी। सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के क्रियान्वयन के संबंध में पर्याप्त अनुभव प्राप्त हो चुका है और अब राज्यों के साथ परामर्श कर दरों को युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राज्य सरकारों के मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने जीएसटी दरों में बदलाव के साथ-साथ 'स्लैब' को कम करने का सुझाव देने के लिए मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन किया है। दर और 'स्लैब' में फेरबदल पर रिपोर्ट काफी समय से लंबित है। उम्मीद थी कि दिसंबर में होने वाली परिषद की आखिरी बैठक में मंत्री समूह अपनी रिपोर्ट पेश कर देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सही है कि 2017 में जीएसटी के क्रियान्वयन के बाद टैक्सेशन में पारदर्शिता आई है। इससे अर्थव्यवस्था के संचालन में ट्रांसपेरेंसी बढ़ रही है। लेकिन अब जीएसटी में सुधार का वक्त है। स्लैब कम हो, टैक्स रिफंड का प्रोसेस सरल हो। टैक्सेशन की आसान प्रक्रिया रहने से जीएसटी की व्यापकता और बढ़ेगी। जीएसटी में अभी चार-स्तरीय कर संरचना है, जिसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की 'स्लैब' हैं। विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की उच्चतम 'स्लैब' में कर लगाया जाता है, जबकि 'पैक' किए गए खाद्य पदार्थ तथा आवश्यक वस्तुएं सबसे कम पांच प्रतिशत 'स्लैब' में हैं। पेट्रोल व डीजल को भी जीएसटी दायरे में लाने की जरूरत है। प्रत्यक्ष के साथ अगर अप्रत्यक्ष कर सुधारों पर जोर दिया जाएगा तभी देश में आदर्श टैक्सेशन तंत्र विकसित हो पाएगा।

'यमुना में जहर' की राजनीति डरावनी

दिल्ली चुनाव
अवधेश कुमार

> राजनीति में नेता और पार्टियां एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाते हैं, नेताओं की आपसी दुश्मनी भी हुई किंतु कभी ऐसा आरोप नहीं लगा कि एक प्रदेश की सरकार दूसरे प्रदेश में चुनाव न जीतने के कारण पानी में जहर मिलाकर वहां के लोगों को मारना चाहती है। बाद में भले आम आदमी पार्टी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतीशी ने पानी में अमोनिया की अधिकता की बात की, लेकिन केजरीवाल के वक्तव्य में अमोनिया का नाम तक नहीं था। विधानसभा चुनाव में किसकी जीत या हार होगी यह अलग विषय है। पर क्या आप की तरफ से इस तरह के जघन्य और घृणित आरोपों की राजनीति होनी चाहिए?

जब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यमुना से हमको वोट नहीं मिलता यह मैं समझ गया हूं तब उन्हें इसका आभास नहीं रहा होगा कि यमुना का पानी भी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा हो सकता है। स्वयं उन्हीं के अकल्पनीय वक्तव्य से दिल्ली में यमुना का पानी इस समय बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। उन्हें अपने भयावह वक्तव्य के वर्तमान परिणतियों की भी आशंका नहीं रही होगी। भाजपा द्वारा शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने उनसे नोटिस जारी कर विस्तृत विवरण मांगा और उनके उत्तर से स्वाभाविक ही संतुष्ट होने का कोई कारण नहीं था तो फिर दोबारा नोटिस भेजा गया है। इनमें अनेक प्रश्नों का उत्तर उनके लिए देना कठिन है। चुनाव आयोग ने साफ-साफ कहा है कि गोलमोलल जवाब देने की बजाय सीधे-सीधे उत्तर दें अन्यथा उन्हें पता है कि उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई हो सकती है। इसी तरह हरियाणा में भीउनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। केजरीवाल और उनकी पार्टी चुनाव आयोग भाजपा कांग्रेस को ही कह रही है कि वह अमोनिया वाला पानी पीकर दिखाएं मानो दिल्ली में यमुना पानी की उनकी नहीं, इनकी जिम्मेवारी है। निश्चित रूप से उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो सकता है। मुकदमे की परिणति जो भी हो उन्होंने जिस तरह की बातें कीं वैसा स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी भी नेता ने नहीं किया। इस आरोप से कि दिल्ली में आ रहे यमुना के पानी में हरियाणा सरकार ने जहर मिला दिया है, देश में सनसनी फैल गई। उन्होंने डिजिटल पेनिट्रेशन व उनके पार्टी ने इसे बायोलॉजिकल वीपन या जैव हथियारों से तुलना करते हुए जल आतंकवाद तक कह दिया।

राजनीति में नेता और पार्टियां एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाते हैं, नेताओं की आपसी दुश्मनी भी हुई किंतु कभी ऐसा आरोप नहीं लगा कि एक प्रदेश की सरकार दूसरे प्रदेश में चुनाव न जीतने के कारण पानी में जहर मिलाकर वहां के लोगों को मारना चाहती है। बाद में भले आम आदमी पार्टी और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतीशी ने पानी में अमोनिया की अधिकता की बात की, लेकिन केजरीवाल के वक्तव्य में अमोनिया का नाम तक नहीं था। अगर वे कहते कि हरियाणा से दिल्ली आ रहे पानी में अमोनिया की मात्रा ज्यादा है और उनसे जानलेवा भयानक बीमारियां दिल्ली के लोगों को हो सकती है तो इसका उत्तर दूसरे तरीके से दिया जा सकता था। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से इसका खंडन करते हुए बताया गया कि यमुना में इस मौसम में अमोनिया की मात्रा हमेशा ज्यादा रही है। चूंकि यहां उसके शोध की क्षमता नहीं है इसलिए पानी को दिल्ली आने से रोका जाता है। पहले आप की ओर से कहा गया कि जल बोर्ड ने राज्यपाल के दबाव में इस तरह खंडन किया है। अचानक उनकी रणनीति बदली और आप के नेता और प्रवक्ता जल बोर्ड के खंडन को ही अपने पक्ष में प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करने लगे। तर्क यह दिया गया कि देखो, अरविंद केजरीवाल जी ने गलत तो कुछ कहा नहीं है जल बोर्ड भी वही कह रहा है जबकि जल बोर्ड ने इस समय हरियाणा द्वारा जहर डालने और उसके कारण पानी की कमी के आरोपों का खंडन किया था।

सच है कि केजरीवाल के आरोपों और दिल्ली के यमुना जल में अमोनिया की उपलब्धता की कोई तुलना नहीं है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसकी आलोचना करते हुए आपराधिक मानहानि के मुकदमे के कारण भी दांव उल्टा पड़ा है। वैसे इसे अच्छा ही मनाना चाहिए कि लोगों के बीच यमुना जल की स्वच्छता निर्मलता आदि पर इसके कारण बहस चल रही है और लोग उसमें भाग ले रहे हैं। नायब सिंह सैनी ने पहले चुनौती दी कि मैं यमुना का जल पी कर दिखाऊंगा, केजरीवाल दिल्ली के यमुना जल को पीकर दिखाएं। सैनी ने पिया। आम आदमी पार्टी ने आधा वीडियो निकाल कर बताना शुरू किया कि ये तो मुंह में डालकर फेंक रहे हैं। पूरा वीडियो देखने वाले बता सकते हैं कि पहले पानी को उन्होंने कुल्ला किया और उसके बाद पीकर शरीर पर छिड़का है। कोई भी नेता दिल्ली के यमुना जल को मुंह में भी डालने का साहस नहीं दिखा सकता। यह कहना गलत नहीं होगा कि अरविंद केजरीवाल जैसे चालाक और क्षण में हावभाव बदलकर हर विषय को अपने प्रति सहानुभूति में बदलने में माहिर केजरीवाल को इस समय लेने के देने पड़ते दिख रहे हैं।

विधानसभा चुनाव में किसकी जीत या हार होगी यह अलग विषय है। पर क्या इस तरह के जघन्य और घृणित आरोपों की राजनीति होनी चाहिए? क्या कोई भी पार्टी या सरकार इस कारण किसी राज्य की जनता को मारना चाहेगी कि उनका बहुमत उसे वोट नहीं दे रहा? इसी दिल्ली की जनता ने लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीट भाजपा को दिया है। अगर दिल्ली की जनता को जहर दिया जाएगा तो उसमें बीजेपी के सदस्य, नेता और कार्यकर्ता भी मरेंगे। दिल्ली में हरियाणा के लोग भी भारी संख्या में होंगे। केजरीवाल की शैली ऐसी है कि वह जो बोलेंगे तो कुछ ऐसे लोग हैं जो उनकी बातों पर विश्वास कर लेते हैं। दुखद सच है कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को काम करना नहीं आता। जब आपको काम करना नहीं आता तो आप अपने दायित्व से पल्ला झाड़ने के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं। आरोप लगाते हैं कि उपराज्यपाल काम करने नहीं देता, केंद्र काम करने नहीं देता, हमारे पैसे नहीं देते, हमको झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल में डालती है आदि -आदि। अभी कह रहे हैं कि चुनाव आयोग भी अब हमको जेल में डालने वाला है। समूची दिल्ली की सड़कें गड्ढों में बदल चुकी है। लूटियन दिल्ली को छोड़ दें तो शायद ही दिल्ली में कोई सड़क हो जहां आपकी गाड़ी या सवारी सरपट चल सके। इस कारण ट्रैफिक जाम से लेकर गाड़ी के मेंटेनेंस के खर्च पड़ रहा है एवं प्रदूषण वृद्धि में भी इसका योगदान है। पानी की हालत यह है कि बहुत बड़ा वर्ग पानी खरीद कर पी रहा है। झोपड़ियां तक पानी के बड़े-बड़े कैन आ रहे हैं। 10 वर्ष के कार्यकाल में दिल्ली में किसी एक फ्लाईओवर और फुट ओवर ब्रिज की मरम्मत तो छोड़िए पेंटिंग भी नहीं हुई है।

यह तो नहीं माना जा सकता हरियाणा या उत्तर प्रदेश या पंजाब की नदियां पूरी तरह स्वच्छ व निर्मल हैं। हरियाणा के यमुना जल में कारखाने से निकलने वाले कचरे नहीं गिरते हैं यह भी नहीं कह सकते, पर दिल्ली जैसी यमुना में सड़ांध कहीं नहीं है। दिल्ली में पूरी यमुना की लंबाई का 2% है लेकिन इसके प्रदूषण का 80% अंशदान इसी का होता है। इसके लिए हम दूसरे सरकार को जिम्मेदार नहीं मान सकते। यमुना शुद्धिकरण की योजना पर तरीके से काम नहीं किया गया। यमुना स्वच्छता से लेकर नमामि गंगे आदि के तहत दिल्ली सरकार को पूरे पैसे और सहयोग मिले हैं। यहां निर्धारित 12 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित होकर चालू नहीं हुए। इसके लिए किसे दोषी माना जाएगा? जहां के जल का मुख्य स्रोत यमुना नदी हो वहां किस तरह का पीने का पानी और वातावरण मिल रहा होगा इसकी कल्पना करिए। किसी परिस्थिति में दूसरी सरकार को पूरे राज्य की जनता की हत्या की कोशिश करने बाला बता देना क्षमा योग्य राजनीति नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उपलब्धि

डॉ. मनसुख मांडविया

खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का बड़ा हिस्सा क्यों

सात वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने व समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले। आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक व मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं।

खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है। विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं।

स्कूली खेल व उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है। खेलो इंडिया सिर्फ़ एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं। निजी क्षेत्र की भूमिका काफ़ी बढ़ गई है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के ज़रिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए 'एक कॉर्पोरेट, एक खेल' पहल शुंभारभ कर रही है। राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय ज़रूरतों के अनुरूप हो। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, प्रशिक्षण देने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे।

(लेखक केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रीकृष्ण का क्रिया योग

संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी

संकलित
प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

सटाका

आज की पाती

कितनी उम्मीदें पूरी कर रहा नया बजट?

मोदी सरकार ने अपनी तीसरी पारी का पहला बजट पेश किया। इस बार के बजट में सरकार ने इनकम टैक्स की दरों में बदलाव कर मोटी कमाई करने वाले लोगों को राहत दी। सरकार और इसके समर्थित राजनीतिक दल इस बजट को देश का विकास वाला बजट बता रहे हैं। लेकिन सवाल तो यह है कि इस आम बजट से ही क्या भारत का विकास संभव है? बेशक सरकार बेरोजगारों के लिए योजनाएं अमल में लाने की घोषणा करती है, लेकिन जब तक देश में राजनीतिक भेदभाव रहेगा, सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार रहेगा, तब तक दिल्ली में जो योजनाएं अमल में लाई जाएंगी, वो दूरदराज के शहरों और गांवों तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देंगी। – *रविन्द्र जोशी, बिलासपुर*

ट्रेंड

नारे लगाएं या सदन चलने दें

यदि जनता ने आपको (सांसदों) नारे लगाने के लिए भेजा है जो यही काम करें या फिर कार्यवाही चलने दें। यदि सदन चलाना चाहते हैं तो अपनी सीट पर जाकर बैठिए और अपनी बारी का इंतजार कीजिए।
-ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष

श्रद्धालुओं को बधाई

महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, सभी अखाड़ों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। **-योगी आदित्यनाथ, सीएम**

एआई में आगे बढ़ेगा भारत

भारत कृत्रिम मेधा (एआई) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है और वैश्विक आर्थिक वृद्धि में प्रमुख चालक के रूप में उभर रहा है। आने वाले दशकों में वैश्विक एआई क्रांति में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

कृषि में एआई पर विचार

महाराष्ट्र सरकार कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की लागत कम करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल पर विचार कर रही है। फसलों की स्थिति, मृदा कार्बन स्तर और मृदा की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण कारकों की निगरानी एआई का उपयोग करके की जा सकती है।
-अजित पवार, डिप्टी सीएम, महाराष्ट्र

करंट अफेयर

पाक में जनवरी 2025 में आतंकवादी हमले तेजी से बढ़े

पाकिस्तान में जनवरी 2025 में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि हुई और यह पिछले महीने की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। एक 'थिंक टैंक' ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआइसीएसएस) द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए 'डॉन' अखबार ने सोमवार को बताया कि देश भर में कम से कम 74 आतंकवादी हमलों में 91 लोगों की मौतें हुईं, जिनमें 35 सुरक्षाकर्मी, 20 नागरिक और 36 आतंकवादी शामिल हैं। वहीं, 117 घायलों की सूची में सुरक्षा बल के 53 जवान, 54 नागरिक और 10 आतंकवादी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में जनवरी में 185 आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही जनवरी, आतंकवादियों के मारे जाने के मामले में दूसरा सबसे घातक महीना बन गया। वर्ष 2016 के बाद से, एक महीने में मारे गए आतंकवादियों की सबसे अधिक संख्या दिसंबर 2024 में रही थी, जब सुरक्षा बलों ने 190 आतंकवादियों को मार गिराया था। जनवरी में आतंकवादी हमलों और सुरक्षा बलों के अभियानों में कुल 245 लोगों की मौत हुई, जिनमें 185 आतंकवादी, 40 सुरक्षा कर्मी और 20 नागरिक शामिल थे।

ऑफ बीट

नकारात्मक विचारों का कारण बन सकता है डेटिंग ऐप

दुनियाभर में लगभग 35 करोड़ लोग सच्चे प्यार की तलाश के लिए डेटिंग ऐप का सहारा लेते हैं। इन ऐप की सालाना कमाई औसतन पांच अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक दर्ज की गई है। ऑस्ट्रेलिया में 49 फीसदी वयस्कों ने मौजूदा समय में कम से कम एक डेटिंग ऐप या वेबसाइट पर सक्रिय होने की बात स्वीकारी है, जबकि 27 प्रतिशत अतीत में इनका इस्तेमाल कर चुके हैं। डेटिंग ऐप ने जहां सच्चे प्यार की खोज में कई लोगों की मदद की है। वहीं, एक नए अध्ययन में मैंने और मेरे साथियों ने पाया कि इन ऐप का इस्तेमाल रंग-रूप, कद-काठी को लेकर नकारात्मक विचारों का कारण बनने के साथ ही मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। 45 अध्ययनों के निष्कर्षों का विश्लेषण – हमने 45 अध्ययनों के निष्कर्षों का विश्लेषण किया, जिनमें डेटिंग ऐप के इस्तेमाल के तरीके के साथ-साथ यह पता लगाने की कोशिश की गई थी कि इनसे रंग-रूप, कद-काठी को लेकर व्यक्ति की सोच कैसे प्रभावित होती है और उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ता है। इनमें से ज्यादातर अध्ययन 2020 या उसके बाद प्रकाशित हुए थे और इन्हें अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अंजाम दिया गया था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

नर्मदा प्रकटोत्सव पर आज बहेगी भक्ति की धारा

त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे

हरिभूमि, जबलपुर।

जीवनदायिनी माँ नर्मदा के जन्मोत्सव के मौके पर आज शहर में विविध आयोजन किए गए हैं। जगह-जगह माँ नर्मदा जी की प्रतिमा स्थापित की गई हैं। हवन, पूजन भंडारों का आयोजन किया गया हैं। शहर के पावन नर्मदा तट गौरीघाट, उमाघाट, जिलहरी घाट, तिलवारा घाट, भेड़ाघाट में पुण्य सलिला नर्मदा तट पर श्रद्धालु उपस्थित होकर स्नान ध्यान और पूजन कर मां नर्मदा का गुणगान करेंगे। नर्मदा जन्मोत्सव पर्व को लेकर शहर भर में चौतरफा उल्लास के साथ भक्तिभाव का नजारा दिखाई दे रहा है। प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर जहां गौरीघाट में माँ नर्मदा का एक हजार एक सौ फीट चुनरी से भव्य श्रृंगार किया गया। वहीं शहर के अनेक स्थानों पर नर्मदा मैया की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। जिनकी शोभायात्रा आज मंगलवार को बाजे गाजे के साथ निकाली जायेगी। प्रकटोत्सव पर्व को लेकर आज नर्मदा के विभिन्न तटों पर खासतौर से गौरीघाट में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ जुटेगी जहां श्रद्धालुजन भक्तिभाव के साथ नर्मदा तटों पर पुण्य स्नान कर मां नर्मदा का पूजनपाठ, दुग्धाभिषेक, दीपदान करेंगे। शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि जो फल गंगा में स्नान के बाद मिलता है, वैसा फल नर्मदा के दर्शन मात्र से मिलता है।

1100 फुट की चुनरी से किया श्रृंगार

नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा 3 फरवरी सोमवार को नर्मदा जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर उमाघाट गौरीघाट से उस पार गुरुद्वारा घाट तक शाम 4:00 बजे 1100 फुट की चुनरी स्वामी गिरीशानंद महाराज, स्वामी कालीनंद, स्वामी इंद्रभान महाराज, स्वामी रामभारती, स्वामी सुरेंद्रनाथ और रोहित महाराज के सानिध्य में किया गया। सुबह से ही गर्भग्रह से साल में एक बार निकली नर्मदा जी के पादुका दर्शन कराए गए। दुग्धभिषेक दीपदान निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर महाआरती कन्या पूजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महा आरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, चुनरी समिति के अध्यक्ष जयकिशन गुप्ता, नर्मदापुत्र अमर सिंह ठाकुर, डॉक्टर सुचित्रा मिश्रा, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नागर, एवं कान्यकुब्ज वैश्य महिला मंडल आदि उपस्थित रहे।

भोर होते ही जुटेगी भीड़

नर्मदा प्रकटोत्सव पर्व को लेकर नर्मदा भक्तों में अपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। शहर के अनेक स्थानों पर मां नर्मदा की मनोहारी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। जगमग रोशनी से सजे पंड़ालों में भक्तिगीत गूंज रहे हैं, वहीं प्रकटोत्सव पर्व पर भोर होते ही रेवा तट ग्वारीघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट में भक्तों का जनसैलाब उमड़ेगा। नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी श्रद्धालुजन नर्मदा मैया के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने यहां पहुंचेगे।

प्रतिमाओं के जुलूस आज

नर्मदा प्रकटोत्सव पर जगह-जगह मां रेवा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। दमोह नाका चौक, कोतवाली, रामपुर चौराहा, गोरखपुर, पोलीपाथर, सदर, रानीताल, रांझी, गढ़ा के विभिन्न क्षेत्रों में मां रेवा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। इन प्रतिमाओं को आज पूजन अर्चन के साथ जुलूस के रूप में विसर्जन के लिये गौरीघाट ले जाया जाएगा।

अर्पित करें दुग्ध और लाल पुष्प

ज्योतिषाचार्य पं. पीएल गौतमाचार्य ने ईएमएस को बताया कि दूध की धार और लाल पुष्प मां नर्मदा को अत्यंत प्रिय है। जो श्रद्धालु मां नर्मदा के जल में दूध और लाल पुष्प और चुनरी अर्पित कर ओम नर्मदाये नमः का 108 बार मंत्र जाप करते हैं, उसे वर्ष भर धन धान्य की प्राप्ति और संकट विपत्ति से छुटकारा मिलता है।

सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

नर्मदा प्रकटोत्सव पर रेवातट पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुये जिला, पुलिस और नगर निगम प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये हैं। घाटों पर किसी अनहोनी की घटना के नियंत्रण हेतु गोताखोरों की तैनाती की गई है साथ ही पर्याप्त पुलिस बल, सुरक्षा सैनिकों, मोटर वोट के अलावा स्वयंसेवक सुबह से शाम तक सुरक्षा व्यवस्था में नजर रखे हुये दिखाई देंगे।

आज नौकाओं का संचालन प्रतिबंधित रहेगा

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आदेश जारी कर श्रृद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नर्मदा जयंती पर माँ नर्मदा के घाटों गौरीघाट, जिलहरीघाट, लम्हेटाघाट, तिलवाराघाट, भेड़ाघाट एवं सरस्वतीघाट पर नौकाओं के संचालन को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। नर्मदा किनारे स्थित गांवों के नागरिकों के परिवहन हेतु नियमित रूप से संचालित की जा रही नौकाओं को इससे छूट रहेगी। शेष सभी नौकाओं से 4 फरवरी को नर्मदा जयंती पर किसी भी प्रकार का परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

2100 फीट की चुनरी से श्रृंगार आज

मां नर्मदा चुनरी पदयात्रा समिति के अध्यक्ष रामदास यादव ने बताया कि मां नर्मदा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 04 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे मां नर्मदा चुनरी पदयात्रा समिति सदस्यों एवं नर्मदा भक्तों के द्वारा सिद्ध धाम ग्वारीघाट में मां नर्मदा जी का पूजन आरती करते हुए इस तट से उस पार तट तक मां नर्मदा जी को 2100 फीट की चुनरी अर्पित की जाएगी।

ब्रह्म विद्या-बुद्धि एवं वाक प्रदाता हैं माँ सरस्वती : ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द

जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर ज्ञान की देवी माँ सरस्वती का विशेष पूजन, कलम एवं पीत पुष्पों से सहस्त्रार्चन ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के परम सान्निध्य में किया गया, जिसमें विशेष रूप से बड़ी संख्या में विद्यार्थी बालक, बालिकाएं उपस्थित रहे। महाराज ने बताया कि संगीत, कला, वाणी, मातृत्व, आध्यात्मिकता, विद्या, ज्ञान, ग्रंथ, मन्त्र, तंत्र, ज्ञान, विद्या और नदियों की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती हैं, ऋग्वेद में भगवती सरस्वती का वर्णन करते हुए कहा गया है-

प्रणो देवी सरस्वती
वाजेभिर्वजिनीवती
धीनामणित्रयवतु।

भावार्थ- ये परम चेतना हैं। सरस्वती के रूप में ये हमारी बुद्धि, प्रज्ञा तथा मनोवृत्तियों की संरक्षिका हैं। हम में जो आचार और मेधा है उसका आधार भगवती सरस्वती ही हैं। इनकी समृद्धि और स्वरूप का वैभव अद्भुत है। सरस्वती को वागीश्वरी, भगवती, शारदा और वीणा वादिनी सहित अनेक नामों से संबोधित किया जाता है। ये सभी प्रकार के ब्रह्म विद्या-बुद्धि एवं वाक प्रदाता हैं। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण ये संगीत की अधिष्ठात्री देवी भी हैं। पूजन में उपस्थित डॉ. मनीष पाण्डेय, पदमा मेनन, ऋषि अग्रवाल, विवेक गुप्ता, विवेक सुहाने, आशीष चौकसे, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ कार्यक्रम का शुभारंभ

जबलपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गत दिवस "मेरी पॉलिसी-मेरे हाथ" कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में प्रतीक के तौर पर कुछ किसानों को बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के कार्यपालन अधिकारी चंद्रशेखर पटले, सहायक संचालक कृषि अमित पांडे बैंक की सभी शाखाओं के प्रबंधक एवं समिति अध्यक्ष तथा भारतीय कृषि बीमा कंपनी के जिला प्रतिनिधि प्रियंक खरे एवं सभी तहसीलों के तहसील प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2024-25 में बीमित किसानों की पॉलिसी का वितरण 15 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं ग्राम स्तर पर शिविर और पाठशाला लगाकर वितरण किया जाएगा।

महापौर और निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

माँ नर्मदा प्रकाटोत्सव पर्व के लिए तैयार की गई व्यवस्थाएँ

जबलपुर। माँ नर्मदा प्रकाटोत्सव पर्व को लेकर नगर निगम ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। महापौर श्री अन्नू ने 13 लाख रुपये की लागत से गौरीघाट क्षेत्र में रातों-रात डामलीकरण सड़क का निर्माण कराया। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने महापौर, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य और क्षेत्रीय पार्षद रात 12 बजे मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता से काम पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पानी, महिला चेंजिंग रूम, मेडिकल रूम, और पार्किंग व्यवस्था जैसी सुविधाओं को चाक-चौबंद रखने की हिदायत दी।

इसी प्रकार, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने गौरीघाट सहित अन्य तटों पर नगर निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी तटों पर साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, पेयजल, और शौचालयों की व्यवस्था सुचारु रखी जाएगी। निगमायुक्त ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

जबलपुर। श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय मढ़ाताल द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। नई शिक्षा पद्धति अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं को गोपालपुर शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया, शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाने का उद्देश्य छात्राओं को प्रकृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहर और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और इसी के साथ-साथ आपसी सहयोग और सद्भाव के भाव को उत्पन्न करना था। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के वरिष्ठ सदस्य सरदार डीएस मैनी, अध्यक्ष सरदार जीएस बांगा, कोषाध्यक्ष सरदार रविंदर सिंह दुआ ने उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं समिति के सचिव सरदार जसप्रीत सिंह आहुजा ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की, श्रीमति मैनी एवं श्रीमति बांगा की विशेष उपस्थिति रही। शैक्षणिक भ्रमण का संचालन एवं मार्गदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमलकांत सैनी द्वारा किया गया एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों के सराहनीय सहयोग से यह शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन हुआ।

वैलेंटाइन डे वीक के नाम पर फूहड़ता बर्दाश्त नहीं

हिन्दू धर्म सेना ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

जबलपुर।

हिन्दू धर्म सेना, मध्यप्रदेश द्वारा वेलेंटाइन वीक के नाम पर शहर में फैल रही अश्लीलता और पश्चिमी संस्कृति के दुष्प्रभावों के विरोध में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। हिन्दू धर्म सेना के प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर ने कहा कि 7 फरवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले तथाकथित वेलेंटाइन वीक के नाम पर शहर के होटल, कैफे, नर्मदा घाट, विजय नगर स्थित जीरो डिग्री, स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग संस्थानों में अश्लील गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिससे संस्कारधानी जबलपुर की गरिमा को ठेस पहुंचती है। हिन्दू धर्म सेना ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता, अवैध गतिविधियों और लव जिहाद जैसे कुकृत्यों को रोका जा सके। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन इस विषय में लापरवाही बरतता है, तो हिन्दू धर्म सेना स्वयं अनुशासन समिति गठित कर ऐसे कृत्यों पर रोक लगाएगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा हिन्दू धर्म सेना जबलपुर महानगर की टीम 7 से 14 फरवरी तक विभिन्न स्थानों पर सतर्कता बरतेगी और किसी भी प्रकार की अमर्यादित गतिविधि पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर ने शहरवासियों से अपील की है कि वे भारतीय संस्कृति और संस्कारों को बचाने में अपना योगदान दें और पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण से बचें।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर, नीरज राजपूत, अधि. ईश्वर ठाकुर, राजेंद्र श्रीवास, राज कुमार शर्मा, संजू राजपूत, राजेश भगत, सौरभ रैकवार,अविनाश सुखदान, विकास गोटियां ,कपिल रैकवार, सोमैया बर्मन, अधि. अनिकेत पांडे, कवि राठौर, आदित्य झा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अभा दिगम्बर जैन शाखाओं ने किया वस्त्र वितरण

जबलपुर। प्रान्तीय प्रोजेक्ट सद्भावना के सद्भाव से सेवा के अन्तर्गत एवं केन्द्रीय प्रोजेक्ट कर्म का स्वरूप अवसर के अनुरूप के अंतर्गत, 'अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद के चंदना संभाग' द्वारा 108 विद्यासागर महामुनिराज के प्रथम समाधि दिवस पर, निर्यापक श्रमण 108 श्री संभव सागर के आशीर्वाद से स्वधार संस्था सेंट्रल जेल के नजदीक महिलाओं को लोअर, टी शर्ट, टॉवल, नेपकिन, सलवार सूट, चादर एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें चंदना संभाग की संभागध्यक्ष द्वारा मंगलाचरण/ किया गया। इस अवसर पर लार्डगंज शाखा, हनुमानताल शाखा, बालिका मंडल, मदर टेरेसा, सभी शाखाओं ने मिलकर वस्त्र का वितरण किया। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष संध्या जैन कोशल, डॉ. कुसुम जैन, निशा चौधरी, पूजा विद्यार्थी, रीता, आशा ढयोदिया, रश्मि चित्रा, निधि, सुरभि, मनीषा, नीरा, आरती, मणि, कल्पना आदि उपस्थित रहीं।

खितौला भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

धर्म स्थापना के लिए अवतरित होते हैं भगवान : अशोक व्यास

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

धर्म की स्थापना एंव भक्तों की रक्षा करने के लिए अवतरित होते हैं भगवान उक्ताशय के विचार वार्ड क्रमांक 18 मंझगवा रोड खितौला में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में व्यासपीठ से श्री अशोक व्यास जी महाराज ने प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर व्यक्त किए।

व्यास जी ने जहां भक्ति करने के नौ प्रकार बताये वहीं आगे कहा की कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से धूमधाम से कराने के बाद जब उन्हें छोड़ने जा रहा था तभी भविष्यवाणी सुनकर उसकी सारी खुशी काफूर हो गई उसने वासुदेव के अनुनय-विनय के बाद दोनों को कारागार में डाल दिया और एक-एक कर उनके छह बच्चों को मौत के घाट उतार दिया जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए इधर जब कंश ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है। कथा के दौरान कृष्ण जन्म की झांकी देख श्रोता आनंद में झूम उठे।

विद्यार्थियों का वन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जबलपुर पाटन विकास खंड के छात्रों को प्रसिद्ध दोनी धाम में स्वयं सिद्ध हनुमान जी मंदिर मौर्य कालीन अवशेष साथ ही किशन गढ़ व्यू प्वाइंट पर छात्रों ने पुरातन मंदिर शैली एवं जंगलों की रमणीयता का अनुभव किया एक एक स्थल का छात्रों को महत्व बताया एवं जंगली पौधों को जानकारी प्राकृतिक जल स्त्रोतों की महत्वता बताई गई। कार्यक्रम में छात्रों को पारंपरिक भोजन कढ़ी चावल पत्ते वाले दोना पत्तल पर परोसा गया एवं परिसर में स्वच्छता के लिए छात्रों द्वारा श्रमदान किया। कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक श्री मति नूपुर खरे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला संघ चालक यादवेंद्र एवं जिला कार्यवाह नंदकिशोर पटेल नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि रामनारायण सिंह उमाकांत यादव जितेंद्र राठौर अंजना विश्वकर्मा लोकेंद्र सिंह परिषद के मेंटर रामराजा यादव कामता प्रसाद सेन कमल झारिया यशवंत सेन सत्यम रजक सहित लगभग 100 छात्र उपस्थित रहे।

अभिषेक सिंह के नेतृत्व में

हिरन नदी को 301 फीट की चुनरी अर्पित

पाटन। पाटन के कटरा बेलखेड़ा में हिरन नदी को बसंत पंचमी के मौके पर 301 फीट की चुनरी अर्पित की गई। कटरा बेलखेड़ा के समाजसेवी और भाजपा नेता अभिषेक सिंह हरि भैया हर साल यह आयोजन करते हैं लगभग 3 साल पहले उन्होंने हिरन नदी को बचाने के लिए हिरन नदी यात्रा भी की थी जिसके बाद से लोगों में हिरन नदी को बचाने के लिए जागरूकता आई है यही कारण है कि बीते 3 सालों से हिरन नदी यहां पर नहीं सूखी है लिहाजा हर साल लोगों को नदी के प्रति जागरूक करने के लिए अभिषेक सिंह कटरा बेलखेडा और आसपास के इलाके के ग्रामीणों के साथ मिलकर चुनरी यात्रा निकालते हैं जिसमें बसंत पंचमी के मौके पर 301 फीट की चुनरी हिरन नदी को चढ़ाई जाती है।

बसंत पंचमी पर कालेज में सरस्वती पूजन

सिहोरा। दशासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज बसंत पंचमी के अवसर पर मां शारदा का पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया । सर्वप्रथम प्राचार्य प्रो.एम.के.श्रीवास्तव,डॉ. अनीता तिवारी,डॉ.अंजली मांडवे,डॉ.अर्चना नामदेव,डॉ. पूजा चौकसे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भजनों एवं सरस्वती वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। छात्र स्नेहा जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे । सभी के प्रति आभार डॉ. एस. के. मेहरोलिया ने व्यक्त किया।

भाजपा नगर अध्यक्ष ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में की मां सरस्वती पूजा

आने वाली पीढ़ी को सनातनी परंपरा से जोड़ने का हो लक्ष्य : रत्नेश सोनकर

जबलपुर। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भाजपा नेताओं एवं राजीव गांधी वार्ड के क्षेत्रीयजनों के साथ मिलकर शांति नगर, गुरुकुल मैदान स्थित रिछारिया भवन में मां सरस्वती जी की पूजा आराधना की तत्पश्चात भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर का क्षेत्रीयजनों ने स्वागत स्वागत किया। सरस्वती पूजा के पश्चात भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने क्षेत्रीजनों को संबोधित करते हुए कहा कि माता सरस्वती विद्या की देवी है उनके पूजन अर्चन और बसंत पंचमी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। अपने बच्चों आने वाली पीढ़ियों को सनातन धर्म एवं परंपरा से जोड़ने का लक्ष्य लेकर प्रत्येक नागरिक को काम करना चाहिए ताकि बच्चे अपनी संस्कृति के अनुरूप शिक्षित हो सकें आज के आधुनिक एवं सोशल मीडिया के दौर में आदमी एक दूसरे से दूर होता जा रहा बच्चे परिवार को छोड़कर मोबाइल में अकेले अपना पूरा समय काट देते हैं जिससे वे पुरातन संस्कृति एवं रिश्ते नाते से दूर एकांतवास पसंद करते हैं जो उनके भविष्य के दृष्टिकोण से हानिकारक हैं माता पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, उन्हें समय दें अपनी सभ्यता से जोड़ें ताकि वे अपने परिवारजनों से मिल जुलकर अपना भविष्य तय करें एवं समाज में अपनी पहचान बनाएं। कार्यक्रम को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व एमआईसी सदस्य श्री राम शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रंजीत पटेल, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे, पार्षद अतुल जैन दानी, मधुबाला राजपूत, राजेश तिवारी , रवि मोहन संतोषी, आयुष चौबे, आकाश गुप्ता, एवं अन्य उपस्थित थे।

माँ ज्ञान दायनी का हुआ पूजन अर्चन

पाटन। तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पाटन में आज वसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती का प्रकटोत्सव हर्ष एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया उत्सव में सभी विद्यार्थियों एवं शाला परिवार के समस्त शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया माता सरस्वती के गीत उनकी पूजन अर्चन के भजन आदि का मधुर गायन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का मन मोह गया। इस अनुष्ठान में तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य चरण सिंह जी ने माता सरस्वती का पूजन किया साथ ही समस्त छात्र-छात्राओं को वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आगामी परीक्षाओं की तैयारी एवं अच्छे भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित भी किया। इस पावन अवसर पर विद्यारंभ संस्कार हेतु नवीन छात्र-छात्राओं का प्रवेश भी विद्यालय में किया गया। बसंत पंचमी की शुभ तिथि विद्यारंभ एवं स्कूली शिक्षा प्रारंभ करने के लिए सबसे उत्तम मानी जाती है अतः इस अवसर पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रवेश शुल्क में सहयोग करते हुए प्रवेश दिया गया।

आधार कार्ड व समग्र आईडी के लिए शिविर लगाने मांग

जबलपुर। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के 8 वार्डों में आधार कार्ड व समग्र आईडी बनाये जाने एवं नाम व पता में सुधार किये जाने के लिए शिविर लगाये जाने की मांग मुस्लिम विकास परिषद ने की है। परिषद ने इस संबंध में कलेक्ट्रेट के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा है, जिसमें कहा गया है कि आधार कार्ड और समग्र आई डी के लिए जोन कार्यालय से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक भटक रहे हैं। ज्ञापन सौंपते समय मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, शेख निजामी, हाजी मुईन खान, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, आरिफ खान, मेहताब अली, मो. जावेद, मो.नजीर आदि उपस्थित रहे।

विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली

मझौली। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महिला मंडल मझौली के द्वारा भगवान श्री विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण में लगातार 21 वर्षों से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन करवाया जा रहा है आज विशाल कलश शोभायात्रा भगवान विष्णु वाराह मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए वापस विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण पहुंची कथावाचक विदुषी सुश्री अनुष्का पाठक उम्र 8 वर्ष के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा प्रतिदिन दोपहर बाद 2:00 बजे से 6:00 बजे तक किया जायेगा।

सुबह 9 बजे के पहले स्कूलों का संचालन नहीं करने का आदेश शिथिल

जबलपुर। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 15 दिसम्बर 2024 को जारी किये गये उस आदेश को शिथिल कर दिया है, जिसमें शीतलहर और तापमान में लगातार हो रही गिरावट को देखते हुये जिले में स्थित सभी स्कूलों का संचालन सुबह 9 बजे के पहले नहीं करने के निर्देश दिये गये थे। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मुताबिक मौसम अब सामान्य हो गया है और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री रिकार्ड किया गया है। इसे देखते हुये जिले में स्थित सभी शासकीय, अशासकीय एवं मान्यता प्राप्त शालायें विद्यालयीन व्यवस्था के अनुसार कक्षाओं के संचालन का समय निर्धारित कर सकेंगी।

नर्मदा जयंती पर आज जगह जगह आयोजन

सिहोरा। माँ नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पुनीत अवसर पर आज नगर से लेकर ग्रामीण श्रेत्रों तक में पूजन अर्चन प्रतिमा स्थापना हवन एंव विशाल भंडारे के कार्यक्रम आयोजित है। नर्मदा जयंती के अवसर पर नगर के व क्षेत्र के प्रसिद्ध देवालय बंजारी माता मंदिर गांधीग्राम में मां बंजारी की चतुर्भुजी पाषाण प्रतिमा स्थापित है वहां इस वर्ष भी भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के संयोजन में किया जाना है उक्त विषय में जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रातः 8 बजे,हवन एवं पूजन प्रातः10 बजे,प्रसाद वितरण,भण्डारा एवं हनुमान चालीसा पाठ,माता की चौकी, दोपहर 11 बजे महाआरती,सायं 6 बजे किया जाएगा क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम मैं उपस्थित की अपील की गई है।

लोक जैवविविधता पंजी (पुस्तक) का किया गया विमोचन

मझौली। शासकीय महाविद्यालय मझौली, जिला जबलपुर के प्राणी शास्त्र विभाग में पदस्थ सहायक अध्यापक डॉ. राजमान साहू प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर के सहयोग से मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड की ग्राम पंचायत स्तर पर लोकजैव विविधता पंजी निर्माण कार्य किया गया। सत्र 2023-24 मे दस ग्राम पंचायत (दोनी, देवरी बाई, रिवझा, अभाना, लुहारी लडोई, पोडा, सेमारिया घाट,खांड, महागवा बम्हौरी, तथा खुडावाल) जनपद पंचायत मझौली जिला जबलपुर में ग्राम पंचायत का सर्वेक्षण कर लोकजैव विविधता पुस्तक का निर्माण किया गया जिसका विमोचन शासकीय महाविद्यालय मझौली द्वारा दिनांक 3 फरवरी 2025 दिन सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तनुज चमोली, डॉ. भवानी सिंह डॉ. शालिनी यादव गौरीकांत मिश्रा, निलेश साहू, डॉ. रितेश चावडा डॉ. अभिलाषा दुबे,डॉ.सोनिका धनधरिया, डॉ. रेणुकालारिया राज, डॉ. नमन अवस्थी, डॉ.पंकज जैन,डॉ.नीरज सोनी एवं समस्त स्टाफ उपस्थिति मे संपन्न हुआ।

राडुविवि में संबद्धता प्रक्रिया में देरी के खिलाफ ज्ञापन

जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की संबद्धता प्रक्रिया में देरी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने जबलपुर संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा। NSUI ने कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा पर लापरवाही और पक्षपातपूर्ण निरीक्षण समितियों के गठन का आरोप लगाया। संगठन ने आरोप लगाया कि बिना संबद्धता के परीक्षा आयोजित करना विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन है। NSUI ने संबद्धता प्रक्रिया को शीघ्र और पारदर्शी रूप से पूरा करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी, अनुराग शुक्ला, वाजिद अनवर, सैफ अली, शिशांत ठाकुर,शफी खान अंकित कोरी, विशाल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

श्रीमती ममता सोनी- भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अशोक सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता सोनी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शशि प्रभा पाठक- पंचशील कॉलोनी बड़ी उखरी रोड निवासी श्री भारत भूषण पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती शशि प्रभा पाठक (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मनोहर लाल ढीमर- फूटाताल निवासी श्री मनोहर लाल ढीमर (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री कन्हैया लाल पटेल- हर्ष परिसर कॉलोनी पाटन रोड निवासी श्री कन्हैया लाल पटेल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रंजीत बंशकार- गणेश चौक सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री भगवान दास बंशकार के पुत्र श्री रंजीत बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती संतोष बाई- बाबा बर्फानी ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अरविंद कुंडे- बेलबाग निवासी श्री अरविंद कुंडे (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी- गोपालबाग दमोहनाका रोड निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शकुंतला बाई कुशवाहा- साहू मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री जग नारायण कुशवाहा की धर्मपत्नी

श्रीमती शकुंतला बाई कुशवाहा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती दुर्गा बाई जाटव- मलिक कम्पाउंड सदर निवासी श्री भगवान दास जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई जाटव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री रितेश विश्वकर्मा- पुलिस लाइन रोड कांचघर निवासी श्री लल्लूराम विश्वकर्मा के पुत्र श्री रितेश विश्वकर्मा (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अनंत मिश्रा- शिवनगर गढ़ा निवासी श्री ओंकार मिश्रा के पुत्र श्री अनंत मिश्रा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती बीरो बाई जाट- कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री तुलसीराम जाट की धर्मपत्नी श्रीमती बीरो बाई जाट (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम लाल विश्वकर्मा- बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री राम लाल विश्वकर्मा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

श्री अंकित पैगवार- तुलसी मोहल्ला घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री दीपचंद पैगवार के पुत्र श्री अंकित पैगवार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

छग पुलिस के दरोगा, उनकी मां, पत्नी और बेटे समेत 6 लोगों की मौके पर ही मौत

महाकुंभ में गंगा स्नान करने जा रहा छग का परिवार भीषण सड़क हादसे का शिकार

- रामानुजगंज सहित बलरामपुर पुलिस में शोक की लहर
- क्रेटा और ट्राले की आमने सामने से जबरदस्त टक्कर
- हादसा वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे के रानीताली इलाके में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में क्रेटा और ट्रेलर सामने-सामने की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कार सवार सभी लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, हादसे में छत्तीसगढ़ पुलिस के दरोगा, उसकी मां, पत्नी और बेटे समेत 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

गाड़ी में ही फंस गए थे शव

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, हादसा इतना भयानक था कि कई लोगों के शव गाड़ी में भी फंस गए थे। शवों को निकालने के लिए गाड़ी को काटा गया। सभी लोग छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के रहने वाले थे। जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस का एक जवान भी शामिल था। यह अपने परिवार को लेकर महाकुंभ में गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। हादसा वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे के रानीताली इलाके में हुआ। गाड़ी छत्तीसगढ़ पुलिस में पदस्थ रवि प्रकाश मिश्रा की थी। वह अपनी मां उषा मिश्रा, पत्नी प्रियंका मिश्रा, बेटे दिव्यांशु मिश्रा, अथर्व मिश्रा और मेड दुर्गा देवी के साथ प्रयागराज जा रहे थे। गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। मदद के लिए पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। वहीं, मृतकों की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

प्रदेश की प्रतिभा न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बनाएगी अपनी पहचान

बजट पर बोले मुख्यमंत्री: राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों से मप्र को मिलेगा लाभ, बनेगा कौशल हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त करते हुए केंद्रीय बजट 2025 में कौशल विकास और रोजगार को केंद्र में रखा गया है। मप्र इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रदेश को 'कौशल शक्ति प्रदेश' के रूप में विकसित करने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री ने इस पहल को राज्य के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कौशल विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हम एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहे हैं, जहां हर युवा को नवीनतम औद्योगिक जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिलेगा। इससे प्रदेश की प्रतिभा न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में घोषित 5 राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना से मप्र को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। इन केंद्रों के माध्यम से मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड अभियान को मजबूती मिलेगी, जिससे राज्य में प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, प्रमाणन प्रणाली और उद्योग से जुड़े पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा।

आम बजट में कौशल विकास और रोजगार को केंद्र में रखा

मध्यप्रदेश कौशल विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार

स्टार्टअप्स और उद्यमिता को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टार्टअप्स के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के फंड ऑफ फंड्स की घोषणा से मप्र के नवाचार और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी। राज्य सरकार इस कोष का अधिकतम लाभ उठाने के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिससे स्थानीय स्टार्टअप्स को पूंजी और संरचनात्मक सहायता मिल सके।

रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण और नए अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) फ्रेमवर्क पर जोर दिया गया है, जिससे मप्र को टियर-2 शहरों में वैश्विक कंपनियों के कौशल केंद्रों को स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को वैश्विक बाजार के अनुरूप तैयार किया जाएगा। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में मुद्रा लोन का प्रावधान किया गया है। सरकार होम-स्टे और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अनुसूचित जाति और जनजाति महिलाओं एवं वंचित समुदायों के उद्यमियों के लिए सरकार पहली बार 5 लाख युवाओं को ऑनलाइन क्षमता निर्माण और उद्यमिता प्रशिक्षण से जोड़ने जा रही है।

स्किल हब' बनने की दिशा में अग्रसर मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बजट मप्र को कौशल और नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। राज्य में नए स्किलिंग हब, जीसीसी केंद्र और स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग से रोजगार के असंख्य अवसर उत्पन्न होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के आत्म-निर्भर भारत विजन को आगे बढ़ाते हुए मप्र स्किल हब ऑफ इंडिया बनने की ओर अग्रसर है। मंत्री टेटवाल ने कहा कि राज्य सरकार आगामी वर्षों में कौशल विकास को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए नई रणनीति तैयार करेगी, जिससे हर युवा को उसकी क्षमता के अनुरूप अवसर मिल सके। यह बजट वित्तीय आवंटन का दस्तावेज नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है।

समग्र विकास का मॉडल पेश करता है बजट: टेटवाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह बजट केवल कौशल विकास की बात नहीं करता, बल्कि इसे रोजगार से जोड़कर समग्र विकास का एक मॉडल प्रस्तुत करता है। हम मप्र में डिजिटल लर्निंग, एआई आधारित शिक्षा और नए उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित योजनाओं को राज्य स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने व्यापक रणनीति बनाई है।

सर्च के दौरान एक एसएलआर राइफल और नक्सली सामग्री भी बरामद

सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच चली मुठभेड़ में एक ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक कांकेर जिले में मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। इलाके में सर्च के दौरान एक एसएलआर राइफल और नक्सली सामग्री भी बरामद हुई है।

कांकेर पुलिस ने बताया कि 2 फरवरी को जिला कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी उत्तर बस्तर-माड़ डिविजन के सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नक्सली विरोधी अभियान के लिए निकली थी। अभियान के दौरान संयुक्त टीम एवं

नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। घटना स्थल सर्च करने पर वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव बरामद हुआ। क्षेत्र में अभी सर्चिंग अभियान जारी है।

केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर कर्मचारी मंच ने की मांग

बजट में किए जाए श्रमिकों के हित में प्रावधान, वेतनवृद्धि की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कर्मचारी मंच ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर संशोधन बजट प्रस्तुत करके स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी एवं श्रमिकों का भी वेतन बढ़ाया जाए, श्रमिकों का देश में एक समान वेतन किया जाए।

मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सरकार के बजट 2025 में स्थाई कर्मियों दैनिक वेतन भोगी एवं श्रमिकों की उपेक्षा की गई है। इस वर्ग को किसी प्रकार की राहत बजट में नहीं दी गई है। जिस कारण देश के श्रमिक वर्ग में असंतोष व्याप्त हो गया। बजट में मिडिल क्लास एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारी को तो राहत दी है, लेकिन मजदूर वर्ग को सौगात नहीं दी। कर्मचारी मंच ने पत्र में श्रमिकों का देश में एक समान वेतन वृद्धि देने की मांग की है, क्योंकि कई राज्यों में वेतन बहुत ज्यादा है, लेकिन मप्र में मात्र 10 हजार प्रतिमाह वेतन है। शासकीय विभाग में कार्यरत श्रमिकों को भी प्रतिमान मुक्त राशन, पीएफ सुविधा में श्रमिकों के वेतन से किसी प्रकार की अंशदान कटौती न की जाए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने दिल्ली के मटियाला विस में कार्यकर्ताओं के साथ किया जनसंपर्क

शर्मा ने कहा- दिल्ली में आपदा बनकर आई है आम आदमी पार्टी की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने रविवार को दिल्ली के मटियाला विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी संदीप सहरावत के समर्थन में द्वारका ए मंडल में शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ अध्यक्षों की बैठक एवं घर-घर जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

उन्होंने दो दर्जन से अधिक कॉलोनियों में घर-घर संपर्क कर कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आपदा बनकर आई है। जिस तरह आपदा आने पर लोगों को बिजली, पानी, सड़क, समुचित इलाज और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ता है। उसी तरह से दिल्ली की केजरीवाल की सरकार ने भी जनता को परेशान करके रखा है। आप-दा की सरकार से त्रस्त दिल्ली की जनता इस बार सबक सिखाने को तैयार है। भाजपा शासित राज्य विकास में कीर्तिमान स्थापित कर

रहे हैं, वहीं केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की सरकार भ्रष्टाचार में रिकॉर्ड बना रही है। दिल्ली की जनता पांच फरवरी को भाजपा को अपना आशीर्वाद देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भी भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर भी उपस्थित रहे।

गरियाबंद में नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के दौरान हुआ सीने में दर्द, अस्पताल में ली अंतिम सांस

चुनाव-प्रचार के दौरान हार्टअटैक से बीजेपी नेता राजेश अवस्थी की मौत, भाजपा में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सिनेमा के अभिनेता और बीजेपी नेता राजेश अवस्थी का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उन्होंने देर रात अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि गरियाबंद में रविवार रात को नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के दौरान उनके सीने में दर्द होने लगा। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अवस्थी बीजेपी के साहित्यिक, संस्कृत मोर्चा के संयोजक रह चुके थे। साथ ही वे विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष रह चुके थे। वो अभिनेता प्रकाश अवस्थी के छोटे भाई थे। वे अमलीपदर गरियाबंद के

ऊर्जावान कलाकार थे राजेश अवस्थी: साव

डिप्टी सीएम अरुण साव ने फिल्म एक्टर और भाजपा नेता के निधन पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि, बहुत ही ऊर्जावान और प्रभावशाली कलाकार कला और राज्य की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम राजेश अवस्थी ने किया। भाजपा से जुड़कर उन्होंने लगातार पार्टी के लिए काम किया। ऐसे युवा कलाकार का जाना पार्टी और प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है, भगवान उनके परिजन को इस दुख को सहने को शक्ति प्रदान करें।

सीएम साय ने जताया दुख

उनके निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुःख जताया है। उन्होंने लिखा कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्माता, भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश अवस्थी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। पूर्व में वह छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे और यहां की लोक कला, संस्कृति एवं परंपरा के संवर्धन में उनका अनुकरणीय योगदान रहा। उनका निधन छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्रीराम से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतृप्त परिजनों, उनके शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

बेहद समर्पित कार्यकर्ता खो दिया: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने दुख जताते हुए कहा कि, आज हम सब बहुत दुखी हैं शोक में है। हमारी पार्टी के सिपाही, भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ के गौरव भाई राजेश अवस्थी का निधन समाचार मिलने से मन बहुत आहत है। हमने एक बेहद समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकेगी। मैं भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। परिजनों को इस भारी दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

कला-राजनीतिक के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति: डॉ रमन

स्पीकर डॉ रमन सिंह ने भी छत्तीसगढ़ी अभिनेता राजेश अवस्थी के निधन पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट कर लिखा कि ₹भाजपा नेता एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार राजेश अवस्थी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। इस युवा अवस्था में उनका जाना छत्तीसगढ़ के कला एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्टेट हैंगर भोपाल में हुआ भव्य स्वागत

सीएम डॉ. मोहन ने कहा, जापान में मिले निवेश प्रस्ताव

प्रधानमंत्री मोदी के पूर्व वर्षों के प्रयासों के कारण जापान यात्रा बनी सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले समय में आर्थिक क्षेत्र में मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने जापान के साथ आर्थिक संबंधों को सशक्त बनाने पर ध्यान दिया। इन प्रयासों का लाभ भारत को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सफल जापान यात्रा के पश्चात स्वदेश आगमन पर विमान तल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी जापान यात्रा के संदर्भ में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पूर्व वर्षों के प्रयासों से मध्य प्रदेश को उनकी जापान यात्रा में काफी महत्व मिला। अनेक महत्वपूर्ण और बड़ी जापानी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे भोपाल की 24 और 25 फरवरी को हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण देने जापान गए थे, लेकिन उन्हें निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं।

जापान का भारत से गहरा संबंध: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि बौद्ध धर्म और सम्राट अशोक के कारण जापान भारत के नजदीक अनुभव करता है। जापान के नागरिक कर्म में विश्वास रखते हुए आर्थिक प्रगति के हिमायती हैं। जापान के ऐसे आदर्श को हम मध्यप्रदेश में भी अपनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान का भारत से गहरा संबंध है। जापान और हमारी संस्कृति दोनों का आपस में सह-संबंध है। जापान के नागरिक कार्य निष्ठा , ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करते हैं। मध्यप्रदेश के विकास के लिए जापान से हमारे रिश्ते अच्छे होना चाहिए। स्वाभाविक रूप से जापान के सहायोग से मध्यप्रदेश में विकास की बहुत संभावनाएं हैं जिसके कारण मध्यप्रदेश देश का नम्बर वन राज्य बन सकता है।

मप्र देश के अग्रणी प्रांतों में बनाएगा स्थान

मुख्यमंत्री डॉ.यादव की जापान यात्रा को सफल बताते हुए वरिष्ठ सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के अग्रणी प्रांतों में स्थान बनाएगा। इस अवसर पर डॉ. यादव का भव्य स्वागत किया गया। पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, राहुल कोठारी,राजेश हिंगोरानी आदि मौजूद थे।

अब खुद ही घर पर बना सकेंगे सोप, कैंडल, क्रीम समेत अनेक उत्पाद

एजेंसी ▶▶ इंदौर

आज के समय में लोग अपने स्किनकेयर और होममेड प्रोडक्ट्स को प्राकृतिक और रचनात्मक तरीके से बनाने में रुचि रखते हैं। लेकिन उनके लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्राप्त करना एक चुनौती बन जाता है। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए, इंदौर का प्यूरेंसो एक महत्वपूर्ण नाम बन चुका है। इस कंपनी ने अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और समाधान प्रदान करने का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया है। प्यूरेंसो का उद्देश्य निर्माताओं, फॉर्मूलेटर और क्रिएटिव मेकर्स को प्रीमियम गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स और संसाधनों के साथ सक्षम बनाना है, ताकि वे अपने इनोवेटिव आइडिया को वास्तविकता में बदल सकें। प्यूरेंसो की स्थापना रीमा माहेश्वरी ने की थी, जो नई सोच रखने वाली महिला हैं।

इनोवेशन, स्मार्ट सॉल्यूशंस और स्टाफ की कैपेसिटी बिल्डिंग की आवश्यकता

प्रदेश के संभागों में एक साथ आयोजित हुई अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला

टेक्नोलॉजी युग में इंजीनियर्स को खुद को अपडेट रहना जरूरी: मंत्री राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के युग में जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना जरूरी हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। यह बात वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यक से प्रदेश के संभागों में एक साथ आयोजित हुई अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की कही। प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यशाला में मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है। इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएं केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुंच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं।

व्हाइट टॉपिंग तकनीक में मेंटेनेंस कम

प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अभियंताओं द्वारा नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों की जानकारी दी। इसमें व्हाइट टॉपिंग तकनीक के बारे में बताया कि यह तकनीक सड़कों की उम्र 15-20 साल तक बढ़ाकर रखरखाव की आवश्यकता को कम करती है।

संरचनाओं की डिजाइन इंजीनियरिंग पर विशेष ध्यान दें

सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के निर्माण कार्यों की साधु-संतों से चर्चा कर कार्य योजना बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने कहा कि सिंहस्थ मेला क्षेत्र में स्थाई प्रकृति के निर्माण कार्यों की सभी साधु-संतों के साथ चर्चा कर कार्य योजना बनाएं।

स्थाई संरचनाओं में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम, पार्किंग, धर्मशाला, भोजनशाला, प्रवचन हॉल, सीवरेज लाईन, रोड़ और वॉटर सप्लाई कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में नगर विकास योजना की कार्य योजना तैयार कर कार्य की शुरूआत जून 2025 से युद्ध स्तर पर की जाए। एसीएस डॉ. राजौरा जापान से लौटने के बाद आज रविवार को उज्जैन पहुंचे थे। उन्होंने सिंहस्थ की तैयारियों की बैठक में सिंहस्थ में वॉटर सप्लाई नेटवर्क की समीक्षा की। उन्हें जानकारी दी गई कि 200 एमएलडी पेयजल क्षमता का मेला क्षेत्र में विकास किया जाएगा। सीवर नेटवर्क डिजाईन के अंतर्गत सिंहस्थ के दौरान मेला क्षेत्र में 160 एमएलडी का सीवरेज जनरेशन होगा।

इसमें 100 एमएलडी क्षमता के स्थाई एसटीपी निर्माण किए जाएंगे और अस्थाई रूप से 60 एमएलडी क्षमता के सीवरेज का निष्पादन किया जाएगा। मेला क्षेत्र के विकास के लिए आगामी 15 अप्रैल तक डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। भवन अनुज्ञा का कार्य 15 जून तक कर लिया जाएगा, कार्य प्रारंभ 25 जून से होगा।

सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा व स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता और पेयजल के कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे

खबर संक्षेप

लेलैंड की बिक्री में आठ फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड की इस साल जनवरी माह में कुल बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में आठ प्रतिशत बढ़कर 17,213 इकाई हो गई। पिछले साल जनवरी में कंपनी ने 15,939 वाहन बेचे थे। मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री जनवरी में 11,384 इकाई रही।

बजाज ऑटो की बिक्री सात प्रतिशत बढ़ी

BAJAJ
BAJAJ AUTO LTD.

मुंबई। बजाज ऑटो की जनवरी में निर्यात सहित कुल बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 3,81,040 इकाई रही। कंपनी ने जनवरी 2024 में कुल 3,56,010 वाहनों की बिक्री की थी। वाहन विनिर्माता की वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत घटकर 2,08,359 इकाई रह गई, जो जनवरी 2024 में 2,30,043 इकाई थी।

हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स को 18 करोड़ का लाभ

Hindustan Media Ventures Limited

नई दिल्ली। हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड (एचएमवीएल) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को गत वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (दिसंबर) में 82 लाख रुपये का घाटा हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय आठ प्रतिशत बढ़कर 197.47 करोड़ रुपये हो गई।

अनंत राज का शुद्ध लाभ बढ़कर 110 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी अनंत राज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 110.32 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की इस अवधि (दिसंबर) में शुद्ध लाभ 71.83 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर) में कुल आय बढ़कर 543.97 करोड़ रुपये हो गई।

नए आयकर विधेयक पर सुझाव दें उद्योग

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के प्रमुख रवि अग्रवाल ने उद्योग जगत से नए आयकर विधेयक पर अपने सुझाव देने को कहा। यह विधेयक इस सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा। नया आयकर विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान ले सकता है। इसे छह महीने के भीतर तैयार किया गया है। करदाताओं के लिए कर अनुपालन को सुगम तथा इसे पढ़ने व समझने में आसान बनाने के लिए भाषा को सरल रूप देने के प्रयास किए गए हैं।

वरिष्ठ बैंकर विक्टर मेनेजेस का निधन

मुंबई। वरिष्ठ बैंकर विक्टर मेनेजेस का अमेरिका में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मेनेजेस का नाम शुरुआती दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का नेतृत्व करने वाले मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारियों की सूची में शुमार हैं। पुणे में जन्मे मेनेजेस ने आईआईटी-बॉम्बे और एमआईटी में पढ़ाई की। वह सिटीबैंक के साथ 32 साल तक जुड़े रहे और वे वैश्विक बैंकिंग प्रमुख के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए। सूत्रों ने बताया कि मेनेजेस का निधन मियामी में हुआ। मेनेजेस 1970 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करने के बाद, बिजनेस स्कूल की डिग्री लेने अमेरिका के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) गए।

ट्रंप के टैरिफ से घायल अमेरिका, नागरिकों की पहुंच से दूर टमाटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शपथ के बाद से ही दूसरे देशों के साथ टैरिफ वॉर शुरू कर दिया। ट्रंप की दलील है कि वह टैरिफ लगाकर अमेरिका को फिर से ताकतवर बनाएंगे।

- उपभोक्ताओं को जल्द पंसदीदी उत्पाद टमाटर, एवोकाडो और टकीला की ज्यादा कीमत चुकानी होगी

हालांकि, दुनियाभर के विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसा कर के ट्रंप दूसरे देशों के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों की भी मुसीबत बढ़ाएंगे। दरअसल, अमेरिका के नए टैरिफ वॉर की वजह से, आम अमेरिकी उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स जैसे टमाटर, एवोकाडो और टकीला के लिए बहुत ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी सबसे बड़ी, वजह डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले आयातित सामानों पर नए टैरिफ लगाना है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी मतदाता पहले ही महंगाई से परेशान हैं और हाल ही में हुए चुनावों में इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जता चुके हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ के बाद दूसरे देशों के साथ शुरू किया टैरिफ वार

अमेरिकी व्यापार का 40 फीसदी हिस्सा इन्हीं देशों के पास

एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के तीन बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। चीन, मैक्सिको और कनाडा। अमेरिका के कुल व्यापार का लगभग 40 फीसदी हिस्सा इन्हीं के पास है। अमेरिका में टकीला की सबसे ज्यादा खपत होती है। जबकि, मेक्सिको और कनाडा टमाटर और एवोकाडो सहित कई एग्री प्रोडक्ट के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से हैं। 2019 और 2021 के बीच अमेरिका में सभी एवोकाडो शिपमेंट का लगभग 90 प्रतिशत मेक्सिको से आया था। ऐसे में ट्रंप द्वारा इन देशों से आने वाले सामान पर टैरिफ बढ़ाने से आम अमेरिकी नागरिकों की जेब पर सीधा बोझ बढ़ेगा।

कनाडा ने आयात होने वाले उत्पादों की सूची जारी की

कनाडा ने अमेरिका को आयात होने वाले 1,256 उत्पादों की सूची जारी की है, जिन पर वह टैरिफ लगाएगा। इनमें पोल्ट्री, डेयरी उत्पाद, ताजे फल और सब्जियां, लकड़ी, पेपर उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं। यानी ये साफ है कि ट्रंप के टैरिफ वॉर से सिर्फ दूसरे देश ही प्रभावित नहीं होंगे, बल्कि आम अमेरिकी भी परेशानी में घिर जाएंगे।

इन चीजों की भी बढ़ सकती है कीमत

अमेरिका, चीन से हर साल अरबों डॉलर के उपकरण और मशीनरी आयात करता है, जिनका इस्तेमाल टीवी, स्मार्टफोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों में किया जाता है। नए टैरिफ के जवाब में चीन भी कड़े कदम उठा सकता है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर और अधिक दबाव बढ़ सकता है। वहीं, मैक्सिको और कनाडा की सरकारें भी पलटवार कर रही हैं।

राज्यों को 16वें वित्त आयोग से संपर्क करना चाहिए

राजस्व हस्तांतरण पर राज्य अपनी चिंताएं वित्त आयोग के समक्ष रखें: सीतारमण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'अनुचित' कर राजस्व हस्तांतरण पर दक्षिणी राज्यों के चिंता जताने पर कहा है कि राज्यों को 16वें वित्त आयोग के साथ संपर्क कर अपनी चिंताओं से अवगत कराना चाहिए क्योंकि आयोग की अनुशंसाओं से ही राजस्व के बंटवारे में राज्यों की हिस्सेदारी तय होगी। वित्त आयोग कर राजस्व के बंटवारे का फॉर्मूला तय करने के लिए जनसंख्या को एक मानदंड मानता है।

हालांकि, जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगा पाने में कामयाब रहे दक्षिणी राज्यों को ऐसा लगता है कि उन्हें बड़ी आबादी वाले उत्तरी राज्यों की तुलना में कमतर आंका जाता है।

आयोग को राज्य अपनी चिंताओं से अवगत कराए ▶ **वित्त आयोग फार्मूला तय करने जनसंख्या को मानदंड मानता है** ▶ **दक्षिणी राज्यों को लगता है उन्हें उत्तरी राज्यों से कम राजस्व मिल रहा**

करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप

वित्त मंत्री ने दक्षिणी राज्यों की इन शिकायतों के संदर्भ में कहा कि केंद्र सरकार राजस्व हस्तांतरण के फॉर्मूले पर फैसला नहीं करती है। करों का हस्तांतरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया जाता है और असंतुष्ट दक्षिणी राज्यों को मापदंडों में बदलाव के लिए आयोग से संपर्क करना चाहिए।

पांच साल के लिए आयोग ने की थी सिफारिशें

वित्त आयोग आमतौर पर पांच साल के लिए कर राजस्व के विभाजन के लिए सिफारिशें देता है। 13वें वित्त आयोग ने 2010-11 से 2014-15 के लिए सिफारिशें दी थीं और 14वें वित्त आयोग ने 2015-16 से 2019-20 के लिए सिफारिश की थीं। 15वें वित्त आयोग ने अपनी पहली रिपोर्ट में 2020-21 और फिर 2021-2025-26 के लिए सुझाव दिए थे।

15वें आयोग ने राज्यों का हिस्सा घटाया

14वें वित्त आयोग ने शुद्ध कर प्राप्तियों में राज्यों का हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया था। लेकिन 15वें वित्त आयोग ने इसे घटाकर 41 प्रतिशत कर दिया था।

कर हस्तांतरण के लिए सिद्धांत निर्धारित है

'राज्यों को वित्त आयोग के साथ मिलकर उन मापदंडों के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त करनी चाहिए जिनके आधार पर कर हस्तांतरण के सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं। अगर वे एक दशक से आगे के बारे में सोचते हैं, तो वहां एक अलग ही प्रतिमान देखने को मिलता है।"

दक्षिण के पांच राज्यों की हिस्सेदारी घटी : दक्षिण भारत के पांच राज्यों- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल की 2021-22/2024-25 के दौरान कर राजस्व में हिस्सेदारी घटकर 15.8 प्रतिशत रह गई जबकि 2014-15 में यह लगभग 18.62 प्रतिशत थी।

आयोग पांच वर्षों के लिए अनुशंसाएं देगा

वित्त मंत्री ने कहा, "चाहे सिद्धांत कुछ भी हो या कोई भी कारक हो, उन्हें वित्त आयोग के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित 16वें वित्त आयोग को 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी सिफारिशें देने का काम सौंपा गया है। आयोग अगले पांच वर्षों के लिए अपनी अनुशंसाएं देगा।

केंद्र वित्त आयोग की सिफारिशें अपनाता है

सीतारमण ने कहा, 'उन मुद्दों को वित्त आयोग के समक्ष उन्हें ही रखना होगा। आखिरकार केंद्र वित्त आयोग की सिफारिशों एवं मुख्य सुझावों को ही अपनाता है और उनका पालन करता है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के लिए कर राजस्व के हस्तांतरण को लेकर चिंता जाहिर करना उचित नहीं है, क्योंकि यह फैसला केंद्र सरकार नहीं करती है।

भारत की पीएमआई विनिर्माण दर छह माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जनवरी में छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। निर्यात में करीब 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जनवरी में 57.7 रहा जो दिसंबर में 56.4 था। फरवरी 2011 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि से इसे समर्थन मिला।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, जनवरी में भारत का विनिर्माण पीएमआई छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। घरेलू और निर्यात मांग मजबूत रही, जिससे नए ऑर्डर में वृद्धि को समर्थन मिला। वस्तु उत्पादकों ने नए ऑर्डरों में पर्याप्त वृद्धि का श्रेय बेहतर घरेलू मांग तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री में वृद्धि को दिया। इसके बाद, भारत में विनिर्माताओं ने उत्पादन की मात्रा को बढ़ाना जारी रखा। यह वृद्धि अक्टूबर 2024 के बाद से सबसे तेज है। कंपनियां भविष्य में उत्पादन की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं।

- निर्यात में 14 वर्षों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई
- पीएमआई सूचकांक जनवरी में 57 .7 रहा

मांग में तेजी के कारण बिक्री मूल्यों में मजबूती

करीब 32 प्रतिशत कंपनियों ने वृद्धि का अनुमान लगाया तथा केवल एक प्रतिशत ने कमी आने की आशंका जाहिर की है। कीमतों के मोर्चे पर, लागत दबाव 11 महीनों में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया लेकिन मांग में तेजी के कारण बिक्री मूल्यों में मजबूती से वृद्धि हुई।

कार्यालय के लिए भर्तियां जनवरी में चार फीसदी बढ़ीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जनवरी महीने में कार्यालय में बैठकर किए जाने कार्यों के लिए भर्ती गतिविधियां चार प्रतिशत बढ़ गईं। इसमें दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों, औषधि एवं बीमा क्षेत्रों की प्रमुखता रही। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

भर्ती गतिविधियों से जुटे पोर्टल नौकरी डॉट कॉम ने नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक के आधार पर जनवरी में भर्ती गतिविधियां तेज होने की जानकारी दी। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने एक बयान में कहा, पिछले साल जनवरी में भर्तियों में 11 प्रतिशत की निराशाजनक गिरावट रही थी। इसके उलट वर्ष 2025 की शुरुआत सकारात्मक रही है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के कारण भर्ती गतिविधियां संयमित रही हैं। हालांकि, एफएमसीजी, औषधि, बीमा और आतिथ्य जैसे अधिकांश प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि कार्यालय भूमिकाओं के लिए एक अच्छा संकेत है। रिपोर्ट कहती है कि एफएमसीजी (16 प्रतिशत), बीमा (15 प्रतिशत) और औषधि (11 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ स्थिर भर्ती माहौल है जबकि आतिथ्य क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आईटी भर्ती सपाट रही है। नौकरी जॉबस्पीक एक मासिक सूचकांक है जो भारतीय नौकरी बाजार एवं भर्ती गतिविधियों को दर्शाता है। यह नौकरी डॉट कॉम के रिज्यूमे डेटाबेस पर भर्तीकर्ताओं द्वारा नई नौकरियों की सूचीबद्धता और नौकरी की तलाश पर आधारित है।

- भर्तियों में एफएमसीजी, औषधि व बीमा क्षेत्रों की प्रमुखता रही

राजस्थान का प्रदर्शन बेहतर रहा

इस बीच, जनवरी के भर्ती परिदृश्य में राजस्थान का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है जिसके जोधपुर और उदयपुर जैसे शहरों ने क्रमशः 35 प्रतिशत और 32 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर दर्ज की।

व्यापार युद्ध की आशंका में सेंसेक्स 319 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने कुछ व्यापारिक साझेदारों पर शुल्क लगाने और कमजोर वैश्विक रुझानों को देखते हुए प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक गिरकर 77,186.74 पर बंद हुआ। इसके साथ ही सेंसेक्स में पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थम गई। कारोबार के दौरान यह 749.87 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 76,756.09 पर आ गया था। निफ्टी 121.10 अंक गिरकर 23,361.05 पर आ गया। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग में भारी गिरावट हुई। यूरोप के बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गई। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरकर बंद हुए थे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "ट्रंप के चीन, मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक इक्विटी बाजारों में गिरावट ने भारतीय बाजारों को भी प्रभावित किया।

- कमजोर वैश्विक रुझानों से बाजार में रही गिरावट
- सेंसेक्स में पांच कारोबारी दिनों से जारी तेजी थमी

इन शेयरों ने दर्ज की लाभ-हानि

सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और मारुति में बढ़त हुई।

सॉफ्टबैंक व ओपनएआई ने संयुक्त कंपनी की स्थापित

टोक्यो। जापान के प्रौद्योगिकी दिग्गज सॉफ्टबैंक समूह और ओपनएआई ने अपनी एआई साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए एसबी ओपनएआई जापान नामक 50-50 हिस्सेदारी वाली कंपनी की स्थापना की सोमवार को घोषणा की।

सॉफ्टबैंक के प्रमुख मासायोशी सोन और ओपनएआई के प्रमुख सैम अल्टमैन ने तोक्यो में एक कार्यक्रम में अपने सहयोग के बारे में जानकारी दी और जापानी कंपनियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। सोन ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सेवा 'क्रिस्टल' का इस्तेमाल कंपनियों द्वारा योजना बनाने, विपणन, ईमेल और पुराने स्रोत कोड का पता लगाने के लिए किया जा सकता है।

भारत की कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी : फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारत की कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी है, जिससे बड़े आर्थिक झटके की स्थिति में सरकार की साख में गिरावट का जोखिम बना हुआ है।

हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने मध्यम अवधि में भारत के राजकोषीय रूपरेखा पर टिके रहने की क्षमता पर भरोसा जताया, जिसका मकसद कर्ज को कम करना और समय के साथ इसे नीचे लाना है। फिच रेटिंग्स के भारत में निदेशक और प्राथमिक सॉवरेन विश्लेषक जेरेमी जूक ने आम बजट 2025-26 पर टिप्पणी करते हुए कहा, "इस बात पर भरोसा बढ़ रहा है कि सरकार मध्यम अवधि में राजकोषीय रूपरेखा का पालन कर सकती है और कर्ज को नीचे की ओर रख सकती है। यह समय के साथ सरकारी साख के लिए सकारात्मक होगा।"

जून ने कहा कि फिर भी, कर्ज में कमी की रफ्तार धीमी है, जो बड़े आर्थिक झटके से जोखिम की गुंजाइश बनाती है। फिच ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की सरकारी साख को 'बीबीबी-' पर रखा है।

- बड़े आर्थिक झटके से साख में कमी का जोखिम
- भारत के राजकोषीय रूपरेखा पर टिके रहने की क्षमता

सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की बिक्री 14% बढ़ी

मुंबई। दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की जनवरी माह में कुल बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,08,921 इकाई हो गयी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने जनवरी, 2024 में कुल 95,762 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 87,834 इकाई हो गई जबकि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 80,511 इकाइयां बेची थीं। सालाना आधार पर कंपनी के निर्यात में 38 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। कंपनी ने इस साल जनवरी में 21,087 वाहनों का निर्यात किया। एक साल पहले समान महीने में कंपनी का निर्यात 15,251 इकाई था।

डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ आज चारों खाने चित

रुपए में गिरावट से ईंधन, दवाइयां व इलेक्ट्रॉनिक सामान होंगे महंगे!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को चारों खाने चित्त हो गया। पहली बार रुपया डॉलर के मुकाबले 87 के पार चला गया। करेंसी बाजार खुलते ही रुपया 42 पैसे की गिरावट के साथ 87.06 के लेवल पर खुला, जबकि कारोबार शुरू होने के 10 मिनट के भीतर ये 55 पैसे तक गिर गया और 1 डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 87.12 रुपए प्रति डॉलर तक चला गया। अब सवाल उठता है कि रुपये के गिरने से आम भारतीयों की जेब पर कैसा असर होगा।

रुपए की कमजोरी का प्रभाव कई क्षेत्रों में साफ देखा जा सकता है। रुपए के कमजोर होने से आयातित वस्तुओं यानी जो चीजें विदेश से भारत आती हैं, की लागत बढ़ जाएगी। इसमें खाद्य तेल, दालें और अन्य जरूरी चीजें शामिल हैं। जैसे ही आयात की लागत बढ़ेगी, इन वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ेंगी, जिससे घरेलू बाजार में महंगाई का सामना करना पड़ेगा।

क्यों गिरा रुपया

भारतीय रुपए की इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है, अमेरिका की ओर से लगाए जा रहे टैरिफ। इससे डॉलर को लेकर आकर्षण बढ़ गया है। इस वजह से डॉलर के मुकाबले दूसरी करेंसी में गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा, अमेरिका में रोजगार वृद्धि के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे रुपए पर दबाव पड़ा है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है, जिससे आयात बिल बढ़ा है।

- करेंसी बाजार खुलते ही रुपया 42 पैसे गिरकर 87 .06 स्तर पर खुला

दवाइयां हो जाएंगी महंगी

भारत में ज्यादातर दवाइयां विदेश से मंगाई जाती हैं, यानी आयात की जाती हैं। ऐसे में जब रुपए में ऐतिहासिक गिरावट देखी गई है तो इसका असर इनकी कीमतों पर भी पड़ेगा। रुपए की गिरावट के चलते देश में दवाइयां भी महंगी हो सकती हैं।

तेल और इलेक्ट्रॉनिक सामान होगा महंगा

कच्चा तेल और ऊर्जा भी महंगी हो जाएगी। दरअसल, भारत कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। रुपए के कमजोर होने से कच्चे तेल का आयात महंगा होगा, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इससे परिवहन लागत भी बढ़ेगी, जो अंत में सभी वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित करेगी।

कैपिटल गुड्स भी होंगे महंगे

इलेक्ट्रॉनिक और कैपिटल गुड्स भी महंगे होंगे। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मशीनरी के ज्यादातर पार्ट्स विदेश से आयात किया जाता है। रुपए की गिरावट से इनकी कीमतें भी बढ़ेंगी, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक खर्च करना पड़ेगा। इसके अलावा, विदेश में पढ़ाई करने या यात्रा करने वाले छात्रों और यात्रियों को भी अब अधिक खर्च करना पड़ेगा। डॉलर के मुकाबले रुपए की कमजोरी से उनकी शिक्षा और यात्रा लागत में बढ़ोतरी होगी।

एक समान टोल नीति लाने पर काम जारी : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को राहत देने के लिए एक समान टोल नीति पर काम कर रहा है। गडकरी ने यह भी कहा कि अब भारत का राजमार्ग बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर है। "हम एक समान टोल नीति पर काम कर रहे हैं। यात्रियों को होने वाली समस्याओं का समाधान होगा।' गडकरी अधिक टोल शुल्क और खराब सड़क की शिकायतों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वालों के बीच बढ़ते असंतोष पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

खबर संक्षेप

पांच असामाजिक तत्वों पर की गई कार्रवाई

कटनी। माधवनगर थाना की झिंझरी चौकी पुलिस ने पांच तत्वों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन व एएसपी संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमती ख्याति मिश्रा द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी माधवनगर निरीक्षक अनूप सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी झिंझरी द्वारा आवारा तथा असामाजिक तत्वों के द्वारा लड़ाई झगड़ा तथा संज्ञेय अपराध घटित करने की पूर्ण आशंका होने पर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये आरोपीगण दीपक वर्मन निवासी झिंझरी, नरेश यादव निवासी झिंझरी, अमित कोल निवासी देवरीटोला , करन कोल निवासी देवरीटोला , अभिषेक तिवारी निवासी झिंझरीं थाना माधवनगर के विरूद्ध धारा 170 भानासुसं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी के समक्ष पेश किया गया। चौकी झिंझरी प्रभारी एसआई प्रियंका राजपूत, सउनि शशीभूषण बागरी, प्र0आर0 पंकज त्रिपाठी, राजेश चौधरी, आर जजकुमार, अजय कुमार सिंह, सुरेश कोरी , सैनिक अक्षय की भूमिका रही।

बसंत पंचमी पर सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन

उमरियापान। उमरियापान क्षेत्र में सोमवार को बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं के अलावा स्कूलों में मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की गई। हवन पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।वहीं उमरियापान के झंडा चौक स्थित सन्यासी महाराज मंदिर में रविवार से सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ,जो सोमवार सुबह तक जारी रहा।पंडित मौजीलाल पौराणिक ने विधिवत पूजन अर्चन कराया। इसके बाद हवन भंडारा का आयोजन हुआ।जहाँ बड़ी संख्या में महिलाओं- पुरुषों व श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया।

सचिन तिवारी का आकस्मिक निधन

उमरियापान। उमरियापान निवासी सचिन तिवारी 33 का रविवार दोपहर हृदयघात होने से आकस्मिक निधन हो गया है। शाम को शान्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। सचिन, नितिन लालू तिवारी के बड़े भाई और मीनाक्षी कृषि केंद्र के संचालक विजय दुबे के चचेरे छोटे भाई थे। सचिन अपने पीछे माँ उर्मिला तिवारी,पत्नि अंकिता तिवारी और छोटे भाई लालू तिवारी सहित पूरा परिवार छोड़ गए। अल्प आयु में सचिन के निधन ने लोगों को झकझोर दिया है।

अव्यवस्थाओं को दूर करने जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, लोग होते हैं परेशान

बिलैया तलैया सब्जी मंडी में सड़क पर कारोबार से आवागमन हो रहा दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बिलैया तलैया सब्जी मंडी से सब्जियों का थोक कारोबार हटने के सालो का समय गुजर जाने के बावजूद अव्यवस्थायें जस की तस है। मंडी में अतिक्रमण, जाम और गंदगी स्थायी समस्या बनी हुई है। बदहाली और शोर शराबा के बीच रहने की तो स्थानीय सब्जी व्यापारियो की आदत में शुमार हो गया है लेकिन सब्जी खरीदी के लिये पहुंचने वाले जनसामान्य को यहा हद दर्जे की बदइंतजामियां झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि मंडी के किसी भी रास्ते से बिना धक्का मुक्की गुजर पाना टेड़ी खीर है। दरअसल सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्था से यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों से लेकर सब्जी मंडी में व्यवस्था सुधारने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। सब्जी मंडी में प्रवेश करने के साथ ही आमजनों की परेशानी बढ़ जाती है। समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से लेकर किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

सब्जी मंडी में दिन के समय तिपहिया वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बाद यहां वाहनो का प्रवेश हो रहा है। एक तो दुकानदारो द्वारा आगे बढ़ाकर दुकान लगाने और उपर से वाहनो की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। सब्जी मंडी में सब्जी लेने वालो के लिये आने वाले लोग असुविधाओं को लेकर जिम्मेदारो कोसते है। लोगो का कहना है कि जिम्मेदारों द्वारा सुगम व्यवस्थायें भी नही की जा रही है। जिससे लोगो को परेशानी व असुविधा झेलनी पड़ रही है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन दुकानदार दुकानों के अंदर व्यवसाय करने की बजाये सड़क पर सामग्री रखकर कारोबार कर रहे हैं। जिससे आमजनों को परेशानी होती है। प्रशासन द्वारा सब्जी मंडी का दवाब कम करने थोक कारोबारियों के लिये पृथक से मार्केट बनाकर जगह आवंटित की है। लेकिन कतिपय कारोबारी यही से थोक कारोबार चला रहे है।

बिलैया तलैया सब्जी मंडी में जाम लगने की मुख्य वजह सड़क पर लग रही दुकानें हैं । सब्जी बेचने वाले सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर सब्जी की दुकान लगा लेते हैं । जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। सब्जी मंडी में दुकान संचालक दुकान का उपयोग गोदाम की तरह और सड़क का उपयोग दुकान की तरह कर रहे हैं । दुकान के अंदर सब्जी का स्टॉक रखते हैं और सब्जी को सड़क पर रखकर बेचते हैं ।

सुधासागर महाराज के आगमन पर की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का संघ सहित नगर आगमन इस अवसर पर धर्मयात्रा पन्ना चौराह से प्रारंभ से हुई जिसमें सबसे आगे सकल दिग.जैन समाज पंचायत समिति के बैनर धर्मध्वज लिये अश्वरोही धमाल, ट्रेक्टर, आचार्य शांतिसागर विद्या केन्द्र पाठशाला परिवार, आचार्य श्रीजी की मूर्ति, डी.जे.पर भजन गाते नृत्य करते समाज जन,रूंगटा कॉलोनी जैन महिला मण्डल, गुरू छाया बालिका मण्डल, पंजाबी ढोल, जिनाज्ञा परिवार महिला मण्डल, अखिल भारतवर्षीय दिग.जैन महिला परिषद्, दिग.जैन कांच मंदिर महिला परिषद्, दिग.जैन सोशल गुरप रॉयल, बंगला मंदिर जैन महिला मण्डल, आर्केस्टा, गुरूभक्त भजन मंडली, जैन मिलन गुरप, आचार्य विद्यासागर नवयुवक मण्डल, के बाद मुनि संघ के साथ श्रद्धालुजन चल रहे थे।

यात्रा मार्ग में श्रावक-श्राविकाओं ने रंगोली सजाकर, पाद प्रक्षाल कर मुनि संघ की आगवानी की जैन बोर्डिंग में समाज के सभी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मंदिर पुणयर्जक परिवारों द्वारा श्रीफल चढाकर आर्शीवाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर मंगलाचरण रागनी जैन, मेद्या जैन द्वारा तथा दीप प्रज्जवलन ब्रम्हचारी भाईयों एवं ब्राम्चारणी बहनों द्वारा किया गया धर्मसभा का संचालन दीपू जैन ने किया । मुनिश्री के पाद प्राक्षलन करने का सौभाग्य हाऊसिंग बोर्ड निवासी योगेश कुमार-योगांश कुमार परिवारजनो को प्राप्त हुआ।

बहोरीबंद पुलिस ने की कार्यवाही, न्यायालय में किया गया पेश

धरा गया वाहन चोर, चोरी के वाहन किये गए बरामद, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी की दो मोटर साइकिलें बरामद की गई हैं। आरोपित मनोज पिता हल्ली खंगार साल निवासी ग्राम चरंगवा पडवार थाना मझौली जिला जबलपुर को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार फरियादी अहसान खान निवासी ग्राम तमुरिया ने रिपोर्ट लिखाया कि 10/01/25 को दिन 1.00 बजे में अपनी मोटर साईकिल MP 21 ML 6848 को खेत के किनारे खड़ी करके खेत में पानी चलाने चला गया 3.00 बजे वापस आया तो मोटर साईकिल नही थी। तलाश करने के बाद भी जब बाइक नही मिली तो थाना में रिपोर्ट किया।

शिकायत पर धारा 303 (2) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान 02/02/25 को रुपनाथ मंदिर के पास से मनोज पिता हल्ली खंगार 28 साल निवासी ग्राम चरंगवा पडवार थाना मझौली जिला जबलपुर के कब्जे से उकत चोरी गई मोटर साईकिल बरामद की गई।

वाहन छोड़कर भाग गया था

आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने दिनांक 25/01/25 को मछली मार्केट बहोरीबंद से एक टीवीएस रैडान मोटर साईकिल चौरी कर बाकल तरफ भागते समय गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो जाने से वही गाड़ी छोड़ कर भाग जाना बताया। 28/01/25 को फरियादी सचिन सिंह गोंड निवासी जुझारी ने रिपोर्ट लेख कराया था कि 25/01/25 को में अपनी मोटर साईकिल नं MP 21 ZD 5767 बहोरीबंद बाजार में खड़ी कर समान खरीदने चला गया था कुछ देर बाद वापस आने पर मोटर साईकिल नही मिली थी रिपोर्ट पर अपराध क्र 29/25 धारा 303(2) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान दिनांक 29/01/25 को बाकल रोड धनंजय गार्डन के सामने से उक्त मोटर साईकिल MP 21 ZD 5767 को लवारिस खड़ी मिलने पर जप्त किया गया था मशरुका मिलान करने पर मनोज खंगार द्वारा चोरी कर भागते समय पेट्रोल खत्म होने से छोड़ कर भाग जाने वाली मोटर साईकिल ही पाई गई जिसकी वैधानिक कार्यवाही की जाकर आरोपी मनोज खंगार को गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी पेश कराया गया और न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल कराया गया। आरोपी मनोज खंगार के विरुद्ध थाना मझौली जिला जबलपुर में चोरी के अपराध पंजीबद्ध है।

विद्यार्थियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

पुलिस कप्तान के निर्देशन मे चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में एसडीओपी विजयराघवगंढ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरी .विनोदकांत सिंह द्वारा थाना क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल ग्राम इटौरा मे जाकर जागरूकता अभियान चला गया जिसमे सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल ग्राम इटौरा के स्टाप , नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल , वार्ड पार्षद संतोष द्विवेदी एवं समस्त शिक्षक , बच्चों को गुड टच ,बेड टच, बच्चों को सायबर सबंधी फ्राड एवं सायबर से हो रहे अपराधो के सबंध मे जानकारी दी गयी एवं सायबर सबंधी होने वाली घटना से अवगत कराया गया तथा उससे बचने के उपाय एवं शिकायत कहां कैसे करनी है जानकारी दी गयी एवं यातायात के नियम जैसे हेलमेट धारण न करने , सीट बेल्ट न लगाने , नाबालिग बच्चो से वाहन न चलाने , बिना लायसेंस के वाहन न चलाने , शराब पीकर वाहन न चलाये दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बिठाये , गुड टच बेड टच , माता पिता को बच्चों को मोबाइल न चलने की समझाइश दी गई , अगर चलते है तो देखे क्या चला रहे है , आदि नियम समझाये गये महिला सबंधी अपराध , डायल 100 की उपयोगिता आदि के सबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी एवं समझाइस दी गयी है कहा गया कि बरही पुलिस आपके साथ तत्काल उपस्थित है का सदेश दिया गया।

डॉ. आदित्य गढ़ेवाल का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल का नाम हाल ही में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। डॉ. गढ़ेवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर यू जी सी द्वारा आयोजित की जाने वाली नेट परीक्षा (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) शारीरिक शिक्षा विषय में सबसे अधिक नौ बार क्वालीफाई कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनका कहना है कि अगर कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से सही दिशा में कार्य किया जाए तो निश्चित ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने माता पिता, परिवार के सभी सदस्यों, गुरुजनों एवं स्कूल और कॉलेज के दोस्तों को श्रेय दिया है, जिन्होंने उन्हे हर कदम पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. गढ़ेवाल ने जवाहर नवोदय विद्यालय नरसिंहपुर एवं सतना से अपनी स्कूल की पढ़ाई पूर्ण की। और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में एशिया के सर्वोत्तम संस्थान लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर (म.प्र.) से बी.पी.एड., एम. पी.एड. एवं पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इनके लगभग 25 शोधपत्र विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हैं। ज्ञात हो कि डॉ. गढ़ेवाल मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) से चयनित होकर उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय बड़वारा जिला कटनी में विगत पांच वर्षों से क्रीड़ा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। इनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं भी खेल के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर हैं और क्षेत्र का नाम राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर रौशन कर रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने शुभकामनाएं दी हैं।

काली माता मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उत्साह के साथ मनाया गया शासकीय शिक्षक संगठन का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मप्र शासकीय शिक्षक संगठन जिला कटनी के तत्वाधान में संगठन का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह प्रतिवर्ष की भांति काली मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। बहोरीबंद विधायक प्रणव प्रभात पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन , पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, भाजपा महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य अजय मिश्रा पप्पू , अतुल तिवारी जिला संरक्षक सहित अनेकों जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कटनी धनश्री जैन, संयोगिता उइके ढीमरखेडा, अनिल चक्रवर्ती रीठी , राजेश अग्रहरि सहायक संचालक , अभय जैन एपीसी रमसा, मनोज गौतम बीआरसी कटनी, आर०बी०अग्निहोत्री एपीसी , राकेश सिन्नरकर डाइट कटनी, एन०पी० दुबे पूर्व डीपीसी सहित शिक्षा विभाग के अनेकों अधिकारी एवं प्राचार्यों की विशिष्ट उपस्थिति उक्त आयोजन में शासकीय शिक्षक संगठन के पूर्व प्रान्तीय प्रमुख महामंत्री सूर्यकान्त द्विवेदी एवं संगठन के प्रान्ताध्यक्ष राकेश दुबे उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के संयोजक देवेन्द्र तिवारी एवं संगठन के जिलाध्यक्ष रजनीश तिवारी ने जानकारी दी कि यह परम्परा पिछले दस वर्षों से चली आ रही है, जिसमें जिले भर से शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी शामिल होते हैं । समारोह में अतिथियों ने संगठन के वार्षिक कैलेण्डर के ग्यारहवें संस्करण का विमोचन किया । शिक्षक समुदाय ने गक्कड भोज का आनंद लिया ।

कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रान्ताध्यक्ष राकेश दुबे, उपाध्यक्ष जगत पटैल, संगठन मंत्री मनीष सिंह, सहसचिव शालिनी तिवारी, संयोजक देवेन्द्र तिवारी , जिलाध्यक्ष रजनीश तिवारी, अनीता यादव (महिला मोर्चा) , माधुरी तिवारी, दीपा सिंह, मीना शुक्ला, अनुपमा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री ब्रजेश अग्रवाल पिता श्री सुंदरलाल अग्रवाल उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी नदीपार इंदिरा गांधी वार्ड कटनी तहसील व जिला कटनी की ओर से अधिकृत होकर एतद् द्वारा सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने प्रवीण तिवारी पिता श्री जगन्नाथ तिवारी निवासी चमरौटी आधार क्षेत्र कटनी तहसील व जिला कटनी म.प्र. से भूमि ग्राम मुडवारा राममनोहर लोहिया वार्ड नंबर बंदोबस्त 493 प.ह.नं. 45/2 नया 43 रा.नि.मं. मुडवारा 1 तह. कटनी नगर जिला कटनी म.प्र. स्थित भूमि ख.नं. 320/5, 321/4, 329/3, 331/4, 330/3 का अंश भाग 1000 वर्गफुट भूमि जिसका प्लॉट नंबर 09 है जो कि प्रवीण तिवारी की स्वअर्जित संपत्ति है जिसे श्री प्रवीण तिवारी ने श्री ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा पिता श्री स्व. श्री रामगोपाल कुशवाहा निवासी राममनोहर लोहिया वार्ड कटनी से दिनांक 07/10/2016 को क्रय की थी जिसकी नाप उत्तर से दक्षिण-20 फुट, पूर्व से पश्चिम 50 फुट अर्थात कुल 1000 वर्गफुट जिसके उत्तर में विक्रेता की जमीन प्लाट नंबर-8 दक्षिण में विक्रेता की जमीन प्लाट नंबर-10, पूर्व में 20 फुट चौडा प्रस्तावित कच्चा रास्ता, एवं पश्चिम में विक्रेता की जमीन प्लाट नंबर-4 स्थित है। उक्त भूमि को कय करने का इकरारनामा मेरे पक्षकार ने प्रवीण तिवारी से किया है जिसका रजिस्ट्री बैनामा कराया जाना है, अतः उपरोक्त भूमि विक्रय से यदि किसी व्यक्ति विशेष अथवा वित्तीय संस्थान या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में अथवा पक्षकार के वर्णित पते पर संपर्क स्थापित कर अवगत करावें अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति निराधार होगी।

दिनांक 01-02-2025

भवदीय

शशिकांत पाण्डेय (एडवोकेट)
जिला एवं सत्र न्यायालय, कटनी
मो0नं0 - 9826575886, 7974554967
ई-मेल- advshashikantp@gmail.com
ब्रजेश अग्रवाल मो0नं0 9425411539

विषय विशेषज्ञों ने सही दिशा में आगे बढ़ने लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव

कैरियर गाइडेंस संगोष्ठी का आयोजन, छात्रों को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

आज के प्रतिस्पर्धी युग में करियर से जुड़ी सही जानकारी और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए समर्पण मानव कल्याण समिति द्वारा पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक ओबीसी छात्रावास, खिरनी (कटनी) में कैरियर गाइडेंस संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने छात्रों को उनके करियर को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

विशेषज्ञों ने साझा किए सफलता के मंत्र

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में विकास गुप्ता, शिवम बरसैया और तबस्सिल उद्दीन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समर्पण मानव कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शादाब खान ने की, जबकि कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रावास अधीक्षक शेख साबिर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय के कई छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया और करियर की नई संभावनाओं पर गहन चर्चा की।

आईटी सेक्टर में करियर: चुनौतियां और संभावनाएं

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विकास गुप्ता ने छात्रों को आईटी सेक्टर में करियर बनाने के लिए आवश्यक स्किल्स और भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और एथिकल हैकिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए यह स्पष्ट किया कि एथिकल हैकिंग और अनैतिक हैकिंग में क्या अंतर है। उन्होंने छात्रों को आईटी क्षेत्र में जाने के लिए जरूरी टेक्निकल स्किल्स, सर्टिफिकेशन और जॉब मार्केट के ट्रेंड्स के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, उन्होंने अपनी खुद की यात्रा साझा करते हुए बताया कि उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और वे इन चुनौतियों को पार कर कैसे सफल बने।

सफल उद्यमी कैसे बनें?

शिवम बरसैया और तबस्सिल उद्दीन ने छात्रों को बिजनेस स्थापित करने और उसमें आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने एक सफल व्यवसायी बनने के लिए सही रणनीति, वित्तीय प्रबंधन और जोखिम उठाने की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि बिजनेस में होने वाले संभावित घाटे से कैसे निपटा जाए और एक असफलता को सफलता में कैसे बदला जाए। इसके लिए उन्होंने कई सफल व्यवसायियों के उदाहरण देते हुए छात्रों को प्रेरित किया।

सरकारी परीक्षाओं में सफलता के लिए रणनीति

शादाब खान ने गवर्नमेंट जॉब्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यदि छात्रों को सरकारी परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में अपनी रैंक लानी है, तो उन्हें नियमित अध्ययन, सही रणनीति और परीक्षा पैटर्न की गहरी समझ विकसित करनी होगी। उन्होंने वन डे एग्जाम की तैयारी के लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए, जिससे छात्र अपनी अभ्यास योजना को और अधिक प्रभावी बना सकें।

सीएम राइज स्कूल करेला में कैरियर मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरही

मप्र शासन लोक शिक्षण संचानालय भोपाल के निर्देशानुसार प्राचार्य आरके शुक्ला के मार्गदर्शन में सीएम राइज करेला में कैरियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विषयो के चयन एवम उनसे विभिन्न करियर के क्षेत्र का चुनाव करने के लिए छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया । इसका आयोजन कैरियर काउंसलर अमित सोनी जगजीवन अहिरवार द्वारा किया गया ।

मार्गदर्शक में सुरक्षा लांझेवर उदय सिंह टेकाम महेंद्र गुप्ता देवा बसकार पुनीत मिश्रा पूजा द्विवेदी ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

कैरियर मार्गदर्शन द्वारा छात्र छात्राओं को विषय चयन एवं भविष्य की योजनाएं बनाने में सहयोग मिलता हैं।

बंग समाज ने घर-घर प्रतिमा स्थापित कर की मां की वंदना

जबलपुर। शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाये जाने वाले प्राचीन पर्व "बसंत पंचमी" को शहर के साथ-साथ समूचे देश में धूमधाम से मनाया गया। चारों ओर प्रकृति पीला परिधान ओढ़कर ऋतुराज के स्वागत के लिए तैयार हो गई है। शहर की शैक्षणिक संस्थाओं व घर-घर में माता सरस्वती जी की वंदना व आराधना की गई। मुहल्लों व गलियों में भी युवाओं ने पर्व पर खुशियां बांटी।

बंग समाज ने घर-घर प्रतिमा स्थापित कर की मां की वंदना

बंग समाज की सभी शिक्षण संस्थाओं में मां सरस्वती जी की पूजा के लिए दो सप्ताह पूर्व से ही प्रतिमा को बनाने कोलकाता से मूर्तिकार आ गए थे। मूर्तियों को अंतिम रूप देने के लिए समितियों के सदस्य लगातार मूर्तिकारों के चक्कर काटते देखे गए। शहर के पंडित लज्जाशंकर झा उ.मा.वि., नवीन विद्या भवन (नेपियर टाउन) हितकारिणी उ.मा. वि., सिटी बंगाली क्लब, रामकृष्ण मिशन स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सहित सैकड़ों शालाओं में छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती जी के चित्र अथवा मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की और साल दर साल शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की करने हेतु हाथ जोड़कर कामना की। बंग समाज के नागरिकों ने प्रतिवर्ष के अनुसार इस साल भी पीले वस्त्र पहनकर सरस्वती जी की आराधना की।

ऋतुराज "बसंत" की पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना

मिलन का सरस्वती पूजन

मिलन का 52वां सरस्वती पूजन समारोह ओमनगर (अमखेरा रोड) स्थित मूर्तिकार प्रहलाद की शिल्पकला में शाम 6 बजे आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे रहे।

शीतलामाई मंदिर में कार्यक्रम

शीतलामाई वार्ड स्थित 150 वर्ष पुराने मां शीतलामाई मंदिर का स्थापना दिवस बसंत पंचमी को मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष रमाकांत रावत ने बताया कि सुबह 4 बजे दूध दही घी शक्कर और नीम की पत्ती से माता का अभिषेक किया गया। दोपहर 2 बजे हवन पूजन होगा और शाम 7 बजे महाआरती के बाद भंडारा वितरित किया गया।

महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस

लार्डगंज थाने के पीछे कछियाना चौराहे पर स्थित जय माता महाकाली मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। दोपहर 12 बजे से देर शाम तक भंडारा चला। रात 8 बजे से महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक लखन घनघोरिया, आयोजक मनोज नामदेव, मयंक रजक, रत्नेस अग्रवाल, पवन जायसवाल आदि उपस्थिति रहे।

बसंतोत्सव - निराला जयंती - सरस्वती पूजन

आया बसंत, झूमत वसुंधरा, हरियाली चूनर ओढ़ चली

जबलपुर। हिन्दी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर मे बसंत पंचमी के अवसर पर उत्सव-त्रयी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि विगत 21 वर्षो से हिंदी विभाग द्वारा यह कार्यक्रम निंरतर भव्य एवं गरिमामय वातावरण मे आयोजित किया जा रहा है। सरस्वती पूजा कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी के साथ सभी प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं विद्यार्थी पीत वस्त्र में उपस्थित हुये। विद्यार्थियां द्वारा सरस्वती वंदना की गई। निराला जंयती के अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि बसंत आ गया और बसंत के स्वागत में बसंत के आगमन पर प्रकृति में आने वाले परिवर्तन को निराला की कविता में रेखांकित किया है।

'आया बसंत, झूमत वसुंधरा, हरियाली चूनर ओढ़ चली'
कलियाँ हंसी, मोर गाने लगे, वनिता मनहर्शित, हो चली।

इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल द्वारा महाविद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों को वस्त्र एवं पेन, कॉपी देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुये बसंत के महत्व को बताया। कार्यक्रम में आशीष राव, जनभागीदारी अध्यक्ष, डॉ. आभा पाण्डे, डॉ.आर.के.गुप्ता, डॉ.ए.सी.तिवारी, डॉ. तृप्ति उकास, के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

गीत से बताई मां नर्मदा की महिमा

जबलपुर। ओशो होम आश्रम, भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने जय मां नर्मदा गीत से मां नर्मदा की महिमा का गुणगान किया है। उनकी सुरीली आवाज और संगीत का जादू सभी को मंत्र मुग्ध किया। गीत के माध्यम से उन्होंने दर्शाया है कि ओशो की साधना का स्थल भी नर्मदा नगरी है, वे कहते हैं कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि मां नर्मदा को स्वच्छ रखें। वे मोक्षदायिनी हैं। जब भी हम मां नर्मदा के तट पर जाएं तो स्नान करके जाएं, उसके बाद मां नर्मदा के दर्शन करें। हम तटों पर गंदगी न फैलाएं। उनका मानना है कि लोग मां नर्मदा को पानी और पहाड़ों के रूप में देखते हैं, लेकिन उनकी महिमा को जानना है तो हमें ध्यान में उतरना होगा। तब कहीं हम मोक्षदायिनी की महिमा को समझ पाएंगे।

आर्मी वाइव्स वेलफेयर ने उद्यमिता कार्यक्रम से की महिला सशक्तिकरण की पहल

जबलपुर। मुख्यालय मध्य भारत एरिया ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (AWWA) और iCreate इंडिया के साथ मिलकर 'महिलाओं के लिए उद्यमिता' पर 5-दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर महिलाओं के सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कार्यशाला का उद्घाटन AWWA की ज़ोनल अध्यक्ष, श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत ने किया। मुख्य वक्ता iCreate इंडिया की डॉ. रंजू मेहता थीं, जो इस क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखती हैं। इस कार्यशाला में वीर नारियां, पूर्व सैनिकों के परिवारजन , विभिन्न रेजिमेंटल सेंटर्स और फोर्मेशन्स में आवा से जुड़ी महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों को अपने स्वयं के व्यवसाय को शुरू करने और चलाने की विधियों के बारे में सिखाया गया, जिससे वे नौकरी सृजन, नवाचार समाधान और वित्तीय स्वतंत्रता के माध्यम से आर्थिक विकास और सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय रूप से योगदान कर सकें।

रिलेक्सो ने फुट प्रिन्ट रीटेल आउटलेट खोला

जबलपुर। रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने जबलपुर में अपने नए एक्सक्लुज़वि ब्राण्ड आउटलेट (ईबीओ) की ओपनिंग की घोषणा की है। इस आउटलेट का लॉन्च मध्य प्रदेश में रिलेक्सो की रीटेल विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जबलपुर के इस आउटलेटन, स्टोर में रिलेक्सो के प्रमुख ब्राण्ड्स जैसे फ्लाईट, स्पार्क्स, बाहमास और बॉस्टन की ओर से फुटवियर्स की व्यापक रेंज को पेश किया गया है।

मां नर्मदा जन्मोत्सव पर होगी महाआरती

जबलपुर। मां रेवा उत्सव समिति के द्वारा माँ नर्मदा जन्मोत्सव पावन पर्व पर कंचनपुर बड़ी खेरमाई के पास माँ नर्मदा जी की मूर्ति विराजित कर पूजा पाठ किया जा रहा है। प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी मां नर्मदा जन्म उत्सव पर भंडारा और महाआरती का आयोजित किया जाएगा। मां रेवा उत्सव समिति के सदस्य सनी पटेल, मोहित पटेल, रंजीत रजक, गुलशन पटेल, आकाश साहू, दुर्गेश विश्वकर्मा(लड्डु) अभिषेक विश्वकर्मा, सौहिल रजक (मामा) आशू पटेल आदि उपस्थित रहे।

डॉ. ब्रजेश दीक्षित बने मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष

हरिभूमि, जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के आदेशानुसार डॉ. ब्रजेश कुमार दीक्षित, प्रोफेसर कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष बनाऐ गये है। डॉ. दीक्षित ने 1 अक्टूबर 1986 में रिसर्च एसोसियेट के रूप में तवा पायलेट प्रोजेक्ट पवारखेड़ा से विश्वविद्यालय में सेवा प्रारंभ की। इसके बाद लगभग 15 वर्षों तक टेक्निकल असिस्टेंट के रूप में सी.एस.आर.पी. प्रोजेक्ट, कृषि महाविद्यालय जबलपुर में अपनी सेवाऐं दी। आपने बी.एन.एफ. प्रोजेक्ट, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग, जबलपुर में 4 वर्षों तक अनुसंधान कार्य किया। जनवरी 2007 से जनवरी 2022 तक सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यपक से प्राध्यापक तक का यात्रा कृषि महाविद्यालय, टीकमगढ़ में तय किया। 1 फरवरी 2022 से अद्यतन प्रधान वैज्ञानिक एवं आचार्य के रूप में दीर्घकालीन उर्वरक परियोजना, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग में पदस्थ हैं।

डॉ. ब्रजेश कुमार दीक्षित को मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष की महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर समस्त विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है।

सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 512 अर्घ समर्पित किए

जबलपुर। स्वर्ण मंदिर लार्डगंज में बह रही है धर्म की गंगा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रवण श्री 108 संभव सागर जी महाराज आर्यिका श्री 105 विमल मति माता जी ससंघ मंगल सानिध्य में श्री 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भक्तों ने 500 अर्घ समर्पित किए, निर्यापक श्रवण ने बतलाया कि आज के अर्घ हमारे पंच परमेष्ठि को समर्पित है, प्रति परमेष्ठि 100-100 अर्घ का अर्पण किया गया, हमारी नमोकर महा मंत्र में भी पंच परमेष्ठि की आराधना की गई है। जैन दर्शन में अगर कोई महत्वपूर्ण मंत्र है तो वह नमोकार महामंत्र है, प्रत्येक जैन श्रावक को प्रतिदिन इसकी एक जाप देना चाहिए, और पंच परमेष्ठि के गुणों का गुणानुवाद करना चाहिए। 1008 श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन 5 फरवरी को प्रातः कालीन बेला में विश्व शांति महा यज्ञ के साथ होगा।

राकेश सिंह कुशवाहा बने रग्बी फुटबॉल एसो. के अध्यक्ष

जबलपुर। रग्बी फुटबॉल एसोसियेशन मप्र की विशेष साधारण सभा होटल अथर्व उज्जैन में संपन्न हुई, इसमें प्रदेश अध्यक्ष आनंद पंड्या की अध्यक्षता में हुए चुनाव निर्वाचन में राकेश सिंह कुशवाहा को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। एसो. के मप्र सचिव अबरार अहमद शेख ने बताया कि विशेष आमसभा में रग्बी फुटबॉल एसो. मप्र की वर्ष भर की गतिविधियां एवं होने वाले विभिन्न सब जूनियर, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका चैम्पियनशिप के आयोजन के साथ ही कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष का मौजूदा सदस्यों ने स्वागत किया। संचालन प्रदेश सचिव अबरार अहमद शेख ने किया, आभार पंकज जैन ने किया, इस मौके पर जबलपुर से अजय नामदेव व मनीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

पांच दिवसीय आदिवासी महोत्सव व कोया पुनेम का धूमधाम से समापन

जबलपुर। पांच दिवसीय आदिवासी महोत्सव व कोया पुनेम (आदिवासी गोंडी पुराण) का समापन 03 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र के लोगों को प्रकृति रक्षा करने हेतु प्रेरित करना व आदिवासियों की परम्पराओं को मेले के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाना था। साथ ही आदिवासी समाज को नशे से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्ति हेतु प्रेरित करना, आदिवासी रीति रिवाजों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे शहर के अनेक प्रतिष्ठितजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिसमें केन्ट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, मध्यप्रदेश क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री कौशल्या गोंटिया, पूर्व विधायक सिवनी शशि ठाकुर आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का समापन हवन व भंडारे के साथ किया गया।

कार्यक्रम की आयोजक प्रीति ठाकुर ने बताया कि आदिवासियों व अन्य समाजों के उत्थान के लिए इस प्रकार के आयोजन आगे भी उनकी संस्था अरनव एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा समय-समय पर करवाए जायेंगे।कार्यक्रम में प्रीति ठाकुर, नेमसिंग मरकाम, सुभाष गोंटिया, राजेन्द्र टेकाम, कैलाश पेद्रो, जनक मरावी, संतोष टेकाम, महेश भलावी, गायत्री जनक मरावी, आशा धुर्वे, किस्सू मरावी, अनामिका, शिवानी तथा सभी सामाजिक बंधुओं का विशेष सहयोग रहा।

मध्य प्रदेश के लिए रेल बजट 2025-26 में ऐतिहासिक सौगातें

जबलपुर। रेल मंत्री के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के लिए घोषित रेल बजट 2025-26 में राज्य को रेल अवसंरचना के विकास के लिए अभूतपूर्व सौगातें दी गई हैं। इस बजट में 14,745 करोड़ का भारी भरकम बजटीय आवंटन किया गया है, जो राज्य के रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।रेल बजट 2025-26 के तहत राज्य में 31 नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 5,869 किलोमीटर है और इन पर 1,04,987 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

नाम सुधार सूचना

मैं राजेन्द्र कुमार शाह Rajendra Kumar Shah पिता स्व. शशिकांत शाह पता-नर्मदा रोड सुख सागर वैली जबलपुर कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राजेन्द्र कुमार शाह दर्ज है तथा मेरी पत्नि के पासपोर्ट में उनका नाम हर्षा राजेन्द्र शाह Harsha Rajendra Shah दर्ज है तथा हम सभी जगह यही नाम लिखते हैं तथा मेरे पुत्र की अंकसूची मेरा नाम यानि पिता का नाम राजेन्द्र पारेख Rajendra Parekh एवं माता का नाम हर्षा पारेख दर्ज है।

अतः हमारा सही नाम- राजेन्द्र कुमार शाह Rajendra Kumar Shah एवं पत्नि का नाम- हर्षा राजेन्द्र शाह Harsha Rajendra Shah नाम से जाना पहचाना, लिखा पढ़ा जावे।

पुराना नाम- राजेन्द्र पारेख Rajendra Parekh एवं हर्षा पारेख Harsha Parekh
वर्तमान नाम- राजेन्द्र कुमार शाह Rajendra Kumar Shah हर्षा राजेन्द्र शाह Harsha Rajendra Shah

CHANGE OF NAME

I, **MITABA** (Existing name of spouse as per change of Next of kin Record/ Service Document), Spouse of **ZALA TRIPAL SINH SURENDRA SINH** (Name of the Husband) resident of **MCMM JABALPUR M.P. PIN NO 908771 C/O 56 APO** (Address) have changed my name from **MITABA** (Existing name of spouse as per change of Next of kin Record/Service Documents), to **ZALA MITABA TRIPAL SINH** (Proposed /Adopted New Name) vide Affifdavit dated (Date of Affidavit in **03/02/2025** before Public Notary Ramdas Sharma, Jabalpur (Name and Place of the court)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक/4293 / शस्त्र / शाखा / 2024
जबलपुर, दिनांक : 27.01.2025

आम इश्तहार/सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक डिवीजनल ऑफीसर, रिटेल सेल्स हेड, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि. डिवीजन जबलपुर द्वारा अधिकृत श्री अचिन्त्य झारिया पिता श्री आनंद झारिया निवासी:- एम.आई.जी. सी/ 236 धनवंतरी नगर जबलपुर द्वारा सच्चा प्रयास समाज सेवा समिति को कार्यालय भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने हेतु ग्राम बरबटी प.ह.नं. 63. रा.नि.मं. बरगी तह. य जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 254/1/2 रकवा 0.1673 हे भूमि संतोष कुमार यादव पिता शिवप्रसाद के नाम दर्ज है। जिसमे पेट्रोल पम्प स्थापित किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेषी दिनांक 27.01.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेष कर सकता है। पेषी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 27.01.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने विधिक के द्वारा पेश कर सकते है। नियत अवधि हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक 27.01.2025
पेशी दिनांक- 13.02.2025

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी वृत्त, जबलपुर

छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'चरकायतन' का समापन

आयुर्वेद जीवन निर्वहन का साधन नहीं, ऋषि ऋण से उऋण होने का उपाय है : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार। आयुष मंत्रालय के अन्तर्गत स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा आयुर्वेद शिक्षकों तथा आयुर्वेद के स्नातकोत्तर व स्नातक विद्वानों हेतु 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'चरकायतन' का आयोजन पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के तत्वाधान में किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि 'चरकायतन' का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में चरक संहिता का प्रामाणिक नैदानिक ज्ञान तथा अभ्यास की प्रासंगिकता प्रदान करना व चरक संहिता को सीखने व पढ़ाने का कौशल विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें आयुर्वेद से जुड़ने का अवसर मिला। आयुर्वेद केवल आजीविका या जीवन निर्वहन का साधन नहीं है अपितु ऋषि ऋण से उऋण होने का उपाय है।

आचार्य जी ने कहा कि आपके व्यवहार में, आचरण में, स्वभाव में व जीवन में आयुर्वेद दिखना चाहिए। स्वयं को वैद्य कहलाने में संकोच नहीं होना चाहिए अपितु गौरव अनुभव होना चाहिए। वैद्यकीय क्षमता व आयुर्वेद क्षमता बहुत व्यापक है। एलोपैथ सिंथेटिक दवाओं व कैमिकल्स पर आश्रित है, इसमें बहुत से साधनों की आवश्यकता रहती है। आयुर्वेद

पराश्रित नहीं है। जड़ी-बूटियाँ घोटकर, छाल, तना, पत्तियों का प्रयोग कर, काढ़ा बनाकर आप जीवन दे सकते हैं। लेकिन सर्वप्रथम स्वयं पर, अपने आयुर्वेद पर विश्वास तो करना होगा।

कार्यक्रम में विख्यात आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य (प्रो.) एस.के. खण्डेल ने कहा कि पतंजलि पूरे विश्व में आयुर्वेद व योग के क्षेत्र में विश्व का सबसे अग्रणी संस्थान है। पतंजलि ने आयुर्वेद व योग को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पटल पर तथ्यों व प्रमाणों के साथ प्रस्तुत किया है। पतंजलि में आयुर्वेद को जीना सिखाया जा रहा है। आचार्य जी ने ग्रंथों की रचना कर आयुर्वेद की धाती बनाया है और विश्व में आयुर्वेद को नई पहचान दी है। विश्व में जितनी भी चिकित्सा पद्धतियाँ हैं उनके समावेश का असंभव सा कार्य आचार्य जी ने करके दिखाया है।

इस आयोजन में समय-समय पर आयुर्वेद के विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त होता रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पद्मश्री और पद्म विभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ गवर्निंग काउंसिल के सदस्य वैद्य राकेश शर्मा, वैद्य मोहन लाल जायसवाल, संतोष भट्टेड़ जी, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की निर्देशिका डॉ. वंदना सिरोहा, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान जामनगर के वैद्य (प्रो.) हितेश व्यास, दीक्षित आयुर्वेद फोंडा गोवा के वैद्य (प्रो.) उपेंद्र दीक्षित, एवीएस आयुर्वेद महाविद्यालय, बीजापुर, कर्नाटक के वैद्य (प्रो.) संजय कडलिमट्टी, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के यंग प्रोफेशनल, डॉ. खुशबू पांडेय तथा डॉ. अनुराग सिंह व प्रोजेक्ट सलाहकार डॉ. लवनीत शर्मा जी ने प्रतिभागी विद्वानों व विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पतंजलि विवि के प्रति-कुलपति डॉ. सत्येन्द्र मित्तल, पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार, उप-प्राचार्य प्रो. गिरिश के.जे., वैद्य प्रो. सुरेश चन्द्र जोशी, वैद्य विभु व वैद्या दीपा का विशेष योगदान रहा।

रिलायंस डिजिटल सिर्फ 30 मिनट में सैमसंग गैलेक्सी S25 सीरीज की डिलीवरी करेगा!

मुंबई। भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल श्रृंखला, रिलायंस डिजिटल, 4 फरवरी 2025 को लॉन्च होने वाले सभी नए सैमसंग गैलेक्सी एस25 सीरीज फोन के लिए बिजली की तेजी से 30 मिनट की डिलीवरी की पेशकश कर रही है। www.reliancedigital.in के माध्यम से ऑर्डर करने वाले ग्राहक अब उसी दिन अपने डिवाइस प्राप्त कर सकते हैं। पूरे भारत में 650+ स्टोर्स के अपने विस्तृत नेटवर्क का लाभ उठा रहा है। यह सुनिश्चित करता है कि सैमसंग प्रशंसकों को अब अत्याधुनिक तकनीक का अनुभव लेने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। निर्बाध पूर्ति प्रक्रिया कंपनी की गहरी सर्वचैनल क्षमताओं द्वारा संचालित होती है, जो अंतिम-मील तक कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करती है। ग्राहक चुनिंदा शहरों में केवल www.reliancedigital.in पर अपना ऑर्डर देकर, चेकआउट के समय 'सबसे तेज़ डिलीवरी' विकल्प चुनकर और 30 मिनट के भीतर परेशानी मुक्त डोरस्टेप डिलीवरी का आनंद लेकर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। सेवा स्टोर की उपलब्धता और स्थान की निकटता के अधीन है। रिलायंस डिजिटल के साथ अगले स्तर की गति का अनुभव करें (- अपना सैमसंग गैलेक्सी S25 केवल 30 मिनट में प्राप्त करें!

महाकुंभ मेला, विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजनों में से एक है। यह एक ऐसा मेला है जहां लगभग करोड़ों लोग एक साथ मेले में रहते हैं। इस विशाल जनसमूह में, अपनों से बिछड़ने का डर हमेशा बना रहता है, खासकर छोटे बच्चों का खो जाना एक गंभीर चिंता का विषय है।

महाकुंभ में बच्चे खोने के डर से दंपती ने निकाली अनोखी तरकीब

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

पुराने समय में ऐसी कई फिल्में बनी हैं जिसमें कुंभ मेले में बिछड़ने की कहानियां दिखाई गई हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है फिल्म 'अमर अकबर एंटनी'। यही वजह है कि बड़े मेलों में सरकार ऐसे बुथ का व्यवस्था करती है जिहां खोए हुए लोगों अपनों से मिलाया जाता है। खैर, सोशल मीडिया पर इन दिनों इसी से संबंधित एक बेहद दिलचस्प वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मेले में गायब होने की समस्या का हल देखा जा सकता है।

वीडियो में क्या है?

बताया जा रहा है कि यह वीडियो प्रयागराज के महाकुंभ का है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक दंपती अपने छोटे बच्चे को लेकर एक अद्भुत आइडिया अपनाया है। उन्होंने बच्चे की पीठ पर एक लंबी पर्ची चिपकाई, जिसमें बच्चे का नाम, पिता का नाम, माता-पिता का मोबाइल नंबर और उनका गांव लिखा था। बहुत से लोग इस तरकीब को खूब सराह रहे हैं, और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



लोगों की प्रतिक्रिया

सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को देखकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे 'स्मार्ट पैरेंटिंग' का उदाहरण बता रहे हैं, तो कुछ लोग इसे 'सुरक्षा कवच' कह रहे हैं। कई लोगों ने इस दंपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन उदाहरण है।

सोशल मीडिया पर छाया आइडिया

यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग इस दंपति की सूझबूझ और स्मार्ट पैरेंटिंग की तारीफ कर रहे हैं। कई लोग इसे एक बेहतरीन और अनुकरणीय उदाहरण बता रहे हैं। इस आइडिया का मकसद स्पष्ट है- बच्चों को खोने से बचाना और उन्हें सुरक्षित रखना। महाकुंभ मेले में लाखों लोग आते हैं, जिससे बच्चों के खोने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में, यह तरीका बच्चों को उनके माता-पिता से मिलाने में बेहद मददगार साबित हो सकता है।

अभिषेक की पारी 'क्लीन हिटिंग' का उदाहरण

मुंबई। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए उनकी यहां पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई 54 गेंद पर 135 रन की तूफानी पारी को 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण बताया। अभिषेक ने 37 गेंद पर अपना शतक पूरा किया जो इस प्रारूप में भारत की तरफ से दूसरा सबसे तेज सैकड़ा है। बटलर ने मैच के बाद कहा, 'निश्चित रूप से हम इस तरह के परिणाम से बहुत निराश हैं। भारत ने शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि इसका श्रेय अभिषेक शर्मा को जाता है। उनकी यह पारी 'क्लीन हिटिंग' के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है।'

अल्ट्राकैब ने 4981 लाख रुपए का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खोला

ULTRACAB WIRES & CABLES
GHAR SURAKSHIT - AAP SURAKSHIT

राजकोट। भारत में बिजली के तारों और केबलों के उत्पादन और निर्यात में अग्रणी अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई-538706) का 4981 लाख का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। कंपनी का सही इश्यू प्राइस 14.5 रुपए प्रति शेयर है और यह 11 फरवरी, 2025 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में भाग लेने/सदस्यता लेने के लिए बीएसई से अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के राइट्स एंटाइटेलमेंट (बीएसई प्रतीकः 750951) भी खरीद सकते हैं। राइट्स इश्यू ऑन-मार्केट अस्वीकार की समय सीमा 5 फरवरी, 2025 है। इस इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 9:25 (रिकॉर्ड तिथि - 16 जनवरी, 2025 को शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 25 इक्विटी शेयरों के लिए 9 राइट्स इक्विटी शेयर) तय किया गया है। कंपनी 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 3.43 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी।

सिटी और यूनाइटेड की ईपीएल में शर्मनाक हार

एजेंसी ▶▶| लंदन

मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड का इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और इन दोनों दिग्गज टीमों को अपने-अपने मैच में हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल के खिलाफ दूसरे मिनट में ही गोल खा दिया था। इसके बाद उसने दूसरे हाफ में चार गोल गंवाए जिससे उसकी टीम को आर्सेनल से 5-1 से करारी हार मिली। मैनचेस्टर यूनाइटेड का अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह क्रिस्टल पैलेस से 2-0 से हार गया। यह मौजूदा सत्र में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग के 13 मैच में उसकी सातवीं हार है। यह उसका 1890 के बाद किसी एक सत्र में अपने घरेलू मैदान पर सबसे खराब प्रदर्शन है। आर्सेनल ने मैनचेस्टर सिटी पर जीत से दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल के बीच अब केवल छह अंक का अंतर रह गया है। मैनचेस्टर सिटी की लगातार पांचवें प्रीमियर लीग खिताब जीतने की संभावना लगभग खत्म हो गई है क्योंकि वह लिवरपूल से 15 अंक पीछे है जबकि अब केवल 14 मैच शेष बचे हैं।

पृथ्वी के गर्भ में छिपे सुपरकॉन्टिनेंट! अरबों साल पुराने रहस्य का खुलासा

वॉशिंगटन। धरती से जुड़ी एक नई खोज में दिलचस्प खुलासा हुआ है। ये रिसर्च पृथ्वी की बीच की परत मेंटल (आच्छादन) से जुड़ी पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए कई जानकारी देती है, जो हमारे पैरों के नीचे 2,900 किलोमीटर तक फैला हुआ है। नई रिसर्च में पृथ्वी के गर्भ में छिपे दो महाद्वीप मिलने की बात कही गई हैं। वैज्ञानिकों ने भूकंप के आंकड़ों से पता लगाया है कि एक महाद्वीप अफ्रीका के नीचे है और दूसरा प्रशांत महासागर के नीचे है। नीदरलैंड की यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ये रिसर्च की है और 'नेचर' पत्रिका में छपी है।

एक रिपोर्ट कहती है कि पहले माना जाता था कि मेंटल सिर्फ ठोस चट्टानों का एक समान फैलाव है। नई रिसर्च से पता चला है कि मेंटल में बड़े-बड़े अलग-अलग हिस्से हैं। जैसे बिस्किट में चॉकलेट के टुकड़े होते हैं। ये हिस्से बहुत पुराने हो सकते हैं और प्लेटों की गतिविधि को भी ये प्रभावित कर सकते हैं।

तीन परतें होती हैं पृथ्वी की

हमारी पृथ्वी की तीन मुख्य परतें हैं- क्रस्ट, मेंटल और कोर। क्रस्ट सबसे ऊपरी परत है, जिस पर हम रहते हैं। इसके नीचे यानी बीच में मेंटल है, जो करीब 2,900 किलोमीटर मोटा है। सबसे अंदरूनी परत कोर है, जो पिघले लोहे और निकल से बना है। नए अध्ययन में पता चला है कि मेंटल में 'बिस्किट में चॉकलेट के टुकड़ों' जैसे बड़े हिस्से हैं, जिन्हें एलएलएसवीडजीएस कहा जाता है।

ये दो विशाल क्षेत्र मेंटल और कोर की सीमा पर स्थित हैं। इन्हें छिपे हुए महाद्वीप माना जा रहा है।लंबे समय तक रहने वाली हैं संरचनाएं

रिसर्च कहती है कि वैज्ञानिक दशकों से जानते थे कि एलएलएसवीडजीएस मेंटल-कोर सीमा के 20 फीसदी हिस्से को कवर करते हैं, लेकिन उनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। नई रिसर्च की प्रमुख लेखक डॉक्टर सुजानिया तलवेरा सोजा कहती हैं कि इस पर व्यापक रूप से बहस होती रही है कि उनका उद्गम और क्या वे लंबे समय तक रहने वाली संरचनाएं हैं।भूविज्ञान के क्षेत्र में बड़ी सफलता है यह खोज

अध्ययन के सह-लेखक डॉक्टर अर्वेन ड्यूस कहती हैं कि यह खोज इस बात के बढ़ते प्रमाणों में एक और कड़ी है कि पृथ्वी का मेंटल उतना मिश्रित नहीं है, जितना पहले माना जाता था। यह खोज भूविज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

राशिफल

मेष — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

वृश्चिक — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

मीन — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

प्राचीन शिला पर बने हुए हैं भगवान राम के चरण चिन्ह

छतरपुर। छतरपुर के संजयनगर के समीप स्थित सिंहपुर गांव से निकली उर्मिल नदी किनारे एक ऐसी प्राचीन शिला है, जहां भगवान श्री राम के चरण चिन्ह बने हुए हैं। इसलिए ये स्थान चरण पादुका के नाम से जाना जाता है। बता दें, इस स्थान के नाम का इतिहास भगवान श्री राम के वनवास यात्रा से जुड़ा है। चरण पादुका स्थित राम-जानकी मंदिर के पुजारी सुरेश दास ने बताया कि यह बहुत ही प्राचीन स्थान है। त्रेतायुग में जब भगवान श्री रामचन्द्र चित्रकूट से वनवास के लिए दक्षिण दिशा की ओर गमन कर रहे थे, तो यहां उर्मिल नदी स्थित एक विशाल शिला पर खड़े होकर प्रभु श्रीराम ने स्नान के बाद सूर्य भगवान को जल दिया था। तभी से इस शिला पर उनके चरण चिन्ह बन गए। इसके बाद ये पवित्र स्थान चरण पादुका के नाम से प्रसिद्ध हो गया। पुजारी बताते हैं कि यहां सालों से मकर संक्रांति पर्व पर हर साल मेले का आयोजन भी होता है।

शब्द पहेली - 5768



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाए
1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

ऊपर से नीचे
2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली- 5767 का हल

अ	मा	न	त	■	अ	■	बी	र	ब	ल
■	ला	■	बा	■	म	हि	मा	■	ल	ब
म	■	■	य	की	न	■	र	■	■	कु
त	क	ली	फ	■	चै	त्र	■	क	ल	श
वा	■	ड	■	रा	न	■	गै	■	ह	■
ला	प	र	बा	ह	■	का	र	गु	जा	री
■	र	■	दा	■	अ	स्त	■	मा	■	मा
प्र	ख	र	■	पा	प	■	म	न	च	ला
जा	■	■	शा	■	ह	न	न	■	■	गू
प	र	■	पि	ह	र	■	ह	■	शा	■
ति	जा	र	त	■	ण	■	र	ह	म	त

सूडोकु नवताल - 5778

***** कठिनतम

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5777 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
4 फरवरी 2025

सहेली

अपने फैमिली मेंबर्स, अपने रिलेटिव्स और फ्रेंड्स से तो हम सब प्यार करते ही हैं। लेकिन इनके साथ खुद से भी प्यार करना बहुत जरूरी है। सेल्फ लव, हमें कॉन्फिडेंट, मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाता है, लाइफ को बैलेंस करता है। कुछ छोटी-छोटी बातों पर अमल करके हम खुद से प्यार करना सीख सकते हैं, अपनी लाइफ को लवली-हैप्पी बना सकते हैं।

खुद से भी करिए प्यार लाइफ बनेगी लवली

कवर स्टोरी

ललिता गोयल

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में दूसरों को खुश रखने की कोशिश करते, अपनों के प्रति जिम्मेदारियां निभाते-निभाते हम में से बहुत लोग अकसर खुद को ही भूल जाते हैं। या कहें खुद से प्यार करना भूल जाते हैं। यह इसलिए होता है, क्योंकि हममें सेल्फ लव की फीलिंग ही नहीं होती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि खुद से प्यार करना भी कितना जरूरी है?

सेल्फ लव का मतलब

सेल्फ लव या खुद से प्यार करने का मतलब, सिर्फ अपने आपको प्राथमिकता देना नहीं है बल्कि यह मानसिक-शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहने का एक तरीका भी है। अगर आप खुद से प्यार नहीं करती हैं, तो आप दूसरों से प्यार नहीं कर सकतीं, दूसरों से प्यार नहीं पा सकती हैं। अपने आपको प्यार करना खुद के विकास में इंवेस्टमेंट करने जैसा होता है।

सेल्फिश होना नहीं सेल्फ लव

कुछ लोगों को लगता है कि खुद के बारे में सोचना सेल्फिश होना है, लेकिन ऐसा नहीं है। दूसरों के बारे में सोचने के साथ यह बहुत जरूरी है, खुद को भी प्रायोरिटी दें। कोई भी अच्छा काम करने के बाद कोई भले ही आपको वेरी गुड या थैंक यू कहे या ना कहे लेकिन आप खुद को वेरी गुड या थैंक यू जरूर कहें और इसके लिए आप सेल्फ ट्रीट भी ले सकती हैं। जब भी आप कोई लक्ष्य हासिल करें या कोई अच्छा काम करें तो स्वयं को ट्रीट दें। ऐसे लोग जिनमें सेल्फ लव की कमी होती है, वे खुद को बार-बार यह महसूस कराते हैं कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ भी हासिल नहीं किया है। वे दूसरों की छोटी-सी कामयाबी को बहुत बड़ा और खुद की कामयाबी को कुछ नहीं समझते हैं। खुद से प्यार करने का एक मतलब यह भी है कि आप जैसे भी हैं, उसी रूप में खुद को स्वीकारें। खुद से प्यार करने वाले खुद को अपनी खूबियों और कमियों के साथ स्वीकार करते हैं।

जरूरी है खुद से प्यार

प्यार को हमेशा दूसरे व्यक्ति से जुड़े एहसास के रूप में ही परिभाषित किया जाता है। प्यार की अपेक्षा हमेशा दूसरों से ही की जाती है, जो गलत है। यह समझने की जरूरत है कि कोई भी आपको तभी प्यार करेगा, जब आप खुद को प्यार करेंगी। ध्यान रखें, ऐसे लोग जो खुद को प्यार नहीं करते हैं, वो कभी दूसरे व्यक्ति को भी प्यार नहीं कर पाते हैं और न उसका प्यार हासिल कर पाते हैं। उनके अंदर एक खालीपन होता है, जिसे दूसरा व्यक्ति कितनी भी कोशिश कर ले, भर नहीं पाता है।

सेल्फ लव के लिए अपनाएं ये तरीके

अकसर लोग दूसरों से उम्मीद करते हैं कि वो उन्हें प्यार दे और खुश रखे। लेकिन जब तक आप खुद से प्यार नहीं करेंगी, खुद को खुश नहीं रखेंगी, तब तक आप दूसरों से प्यार नहीं पा सकती हैं। खुद को खुश रखने की जिम्मेदारी आपकी है। सेल्फ केयर, सेल्फ अवेयरनेस और सेल्फ एक्सेप्टेंस, सेल्फ लव को दर्शाता है। अपनी बॉडी से लेकर माइंड तक हर चीज को बैलेंस तभी किया जा सकता है, जब आप खुद से प्यार करती हैं।

रखें हेल्थ-फिटनेस का ध्यानः खुद से प्यार करने के लिए जरूरी है कि सेल्फ केयर करें। डेली रूटीन में कुछ समय अपनी फिटनेस के लिए जरूर निकालें। सुबह या फिर शाम कुछ देर वॉक, जॉगिंग या हल्की-फुल्की एक्सरसाइज, योगा, मेडिटेशन जरूर करें। अपने खाने पर खास ध्यान रखें। जो लोग दिन भर दूसरों के बारे में सोचने और उनके लिए काम करने के अलावा खुद के लिए समय निकालते हैं तो यह सेल्फ लव की निशानी है। अगर आप अपनी पसंद-नापसंद को महत्व देती हैं तो इसका अर्थ है कि आप खुद से बहुत प्यार करती हैं।

करें अपनी पसंद के कामः सेल्फ लव के लिए जरूरी है कि अपनी पसंदीदा चीजों या हॉबीज पर ध्यान दें। अपने लिए कुछ समय निकालें और कोई ऐसा काम करें, जो आपकी पसंद का हो, जिसे करने में आपको अच्छा लगता हो जैसे कुकिंग, गार्डनिंग, म्यूजिक लिसनिंग, पेंटिंग, राइटिंग या बुक रीडिंग आदि। अगर आप ये काम कर रही हैं, जो आपको पसंद हैं तो ये सेल्फ लव की निशानी है।

लाइफ में बनाएं बाउंड्रीः खुद से प्यार करने के लिए जरूरी है कि अपनी लाइफ में ऐसे लोगों से दूरी बनाएं, जो आपकी जिंदगी में टॉक्सिसिटी और नेगेटिविटी फैलाते हैं। अगर कोई ऐसा रिश्ता है, जिसे छोड़ा नहीं जा सकता है तो ऐसे में उनसे इतनी दूरी जरूर रखें कि वे लोग आपकी निजी जिंदगी में दखल न दें और आपकी मानसिक शांति को भंग न करें, क्योंकि कोई भी किसी को तभी हर्ट कर सकता है, जब वे अपनी बाउंड्री सेट नहीं कर पाते हैं। लेकिन जब कोई खुद को प्यार करता है तो वह यह समझेगा कि उसे किन चीजों को स्वीकार करना है, और किन्हें नहीं। इस तरह से सेल्फ लव से आपको बाउंड्री बनाने में मदद मिलेगी।

न करें दूसरों की परवाहः खुद से प्यार करना सीखने के लिए इस बात की चिंता या परवाह करना छोड़ दें कि लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं या आपसे क्या अपेक्षा करते हैं? क्योंकि आप हर किसी को खुश नहीं कर सकती हैं। इसलिए हमेशा, हर काम में दूसरों की परवाह न करें।

कॉन्फिडेंस बनाए रखेंः जो लोग खुद से प्यार नहीं करते, उनको अपने पर कॉन्फिडेंस नहीं होता और वे खुद में कमियां निकालते रहते हैं। इससे कई बार डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। इसलिए सेल्फ कॉन्फिडेंस बनाए रखें।

परफेक्ट बनने की कोशिश न करेंः कोई भी परफेक्ट नहीं होता है। हर इंसान में कुछ न कुछ कमी होती ही है। इसलिए खुद को परफेक्ट बनाने की कोशिश न करें और अपनी कमियों के साथ स्वयं को स्वीकारें।

सोलो ट्रैवलिंगः सेल्फ लव के लिए यह बहुत जरूरी है कि कुछ समय अकेला रहा जाए। खुद के साथ समय बिताया जाए, बेहतर तरीके से जाना जाए। खुद के साथ समय बिताने के लिए कुछ दिनों के अंतराल पर कहीं अकेले घूमने जाएं यानी सोलो ट्रैवलिंग करना सीखें। यह एक अलग ही अनुभव होगा। इससे आप भागदौड़ से भरी जिंदगी से कुछ टाइम के लिए दूर तो होंगी ही, खुद को भी समय दे पाएंगी और आपको खुद से प्यार होगा।

इस तरह कह सकते हैं कि खुद से प्यार करना कोई फीलिंग नहीं बल्कि लाइफस्टाइल का हिस्सा होना चाहिए। इससे हमें अपनी लाइफ हमेशा लवली-हैप्पी महसूस होगी। a

(लाइफ कोच करिश्मा से बातचीत पर आधारित)

खुद से प्यार करने के फायदे

खुद से प्यार करने के कई फायदे होते हैं, जो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और जीवन को प्यारा-खुशहाल बनाते हैं।

मेंटल हेल्थ में सुधारः खुद को प्यार करने से मेंटल हेल्थ में सुधार होता है। स्ट्रेस और टेंशन जैसी भावनाओं को दूर रखने में मदद मिलती है। सेल्फ लव, मेंटली रिलैक्स रहना भी सिखाता है, जिससे आप अपनी कमियों पर अच्छे से काम भी कर पाती हैं। इससे आपको गुस्से और एंग्जाइटी को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है।

कॉन्फिडेंस बढ़ता हैः खुद को प्यार करने से हमें अपनी वैल्यू समझ में आती है। इससे सेल्फ रेस्पेक्ट और सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। जब हम अपने आपको स्वीकार करते हैं और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करते हैं तो हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होते हैं।

बढ़ती है डिसीजन पावरः खुद से प्यार करने वाले लोग अपने लिए बेहतर निर्णय ले पाते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि उनके लिए क्या सही है?

बच्चों के सवालों को न करें इग्नोर

आजकल के बच्चों की तर्क करने, हर बात के बारे में ढेरों सवाल पूछने की आदत से ज्यादातर पैरेंट्स परेशान रहते हैं। लेकिन ऐसे में इग्नोर करने या डांटने के बजाय प्यार से उनकी जिज्ञासाओं को शांत करना चाहिए।

बच्चे और आप

विमला रस्तोगी

अनीता अकसर इस बात से परेशान रहती है कि उसका पांच वर्षीय बेटा हर चीज के बारे में ढेरों सवाल करता रहता है। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए या अपनी कोई भी बात मनवाने के लिए तरह-तरह के तर्क करता रहता है। किसी का भी लिहाज नहीं करता है। दूसरी तरफ निरुपमा कहती रहती है कि उसकी बेटी नूपुर किसी के सामने कुछ बोलती ही नहीं, नमस्ते तक नहीं करती। कहो तो चुपचाप खड़ी हो जाती है।

बच्चे होते हैं भरपूर जिज्ञासुः हर मां-बाप की अलग सोच, अलग नजरिया, समझने और समझाने के अलग तरीके होते हैं। सच्चाई यह है कि बाल सुलभ मन हर बात के लिए जिज्ञासु होता है। सीधी-सपाट तरह से कोई बात स्वीकार नहीं करता। लेकिन अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों की जिज्ञासाओं को बहस और तर्क मानकर टाल देते हैं। उनकी जिज्ञासा को संतुष्ट नहीं करते, जिससे बच्चा और कंफ्यूज हो जाता है।

सही तर्क से सिखाएंः मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि बच्चे की तर्क-शक्ति को दबाना या टालना नहीं बल्कि बढ़ावा दिया जाना चाहिए। प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. नतालिया वेलोपोल्स्काया के अनुसार, बच्चे को तर्क से सोचना सिखाना चाहिए। उसका ध्यान और ऑब्जर्वेशन स्किल बढ़ाने की प्रैक्टिस करानी चाहिए। एग्जांपल के तौर पर कार्टून और लोककथाओं के द्वारा बच्चों के माइंड में गाजर खाते या उसे पकड़े खरगोश का चित्र बैठा होता है। ऐसे में जब बच्चों से पूछिए, 'खरगोश क्या खाता है?' तुरंत जवाब मिलेगा, 'गाजर।' उसके ज्ञान और तर्कशक्ति को बढ़ाने के लिए उसे और बातें बताना जारी रखना चाहिए। आपको आगे पूछना चाहिए 'जानते हो खरगोश कहां रहता है?'

वो जवाब देगा 'जंगल में।' फिर आप पूछें, 'क्या जंगल में गाजर उगती है?' इस पर बच्चा कुछ सोचकर जवाब देगा, 'नहीं।'

'तो वहां खरगोश क्या खाते हैं?' इस प्रश्न पर बच्चा और सोचेगा, उसकी लॉजिक सीरीज बनी रहेगी, वह सही उत्तर समझने का प्रयास करेगा और अंत में समझ जाएगा कि खरगोश घास-पत्ते भी खाते हैं। इस तरह लॉजिक से समझना बच्चे के लिए बहुत महत्वपूर्ण बात है। बच्चा स्वयं ही सही निष्कर्ष पर पहुंचे तो उसे हमेशा याद रहता है।

स्टोरी बुक्स से लें हेल्पः अधिकतर परिवारों में देखा जाता है कि छोटे-छोटे बच्चे भी दिन भर टी.वी. या मोबाइल देखते रहते हैं। इससे बच्चे के मानसिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उसकी नजरें भी कमजोर होती हैं। इससे बचाने के लिए बच्चों के संग स्टोरी बुक्स पढ़ें।

उन्हें कहानियां पढ़कर सुनाएं। जब उनके मन में कहानी को लेकर सवाल उठें तो उसे पूरे लॉजिक के साथ जवाब दें। पैरेंट्स के लिए इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि बच्चा किस तरह के तर्क करता है? क्या ज्यादातर टीवी के विज्ञापनों को लेकर ही सवाल और तर्क करता है? ऐसी स्थिति में प्रयास करके पैरेंट्स को बच्चे की तर्क-शक्ति को नॉलेज की तरफ मोड़ना होगा। इसके लिए बच्चे को ड्रॉइंग और बाल कहानियों की पुस्तकें लाकर दें। इससे उनकी मेंटल और क्रिएटिव स्किल बढ़ेगी।

दिन भर की गतिविधि के बारे में जानेंः बच्चे से उसके स्कूल की सारी दिनचर्या पूछें, बच्चा बताएगा कि दिन भर उसके साथ क्या-क्या हुआ? क्लास में दूसरे बच्चों ने क्या किया? क्या बातें कीं? टीचर ने क्या-कैसे सिखाया? उनकी हर बात को पूरे ध्यान से पैरेंट्स को सुनना और समझना चाहिए। इससे एक तो आपको उसकी दिन भर की एक्टिविटी के बारे में पता चलेगा, दूसरा बच्चे की क्रमबद्ध बातें बनाने की क्षमता बढ़ेगी। ध्यान रखने की आदत बनेगी। a

डाइट एडवाइस

रेग्युलर लें राइट डाइट कैंसर से होगा बचाव

अगर आप रेग्युलर न्यूट्रीशस डाइट लें तो हेल्दी तो रहेंगी ही कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से भी काफी हद तक बची रहेंगी। आज वर्ल्ड कैंसर-डे के मौके पर जानिए ऐसी डाइट के बारे में, जो न केवल कैंसर के खतरे को कम करते हैं, शरीर में कैंसर सेल्स को नष्ट करने में भी सहायक होते हैं। इस बारे में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी, **डॉ. समित पुरोहित** बताते हैं-

एंटी-कैंसरस डाइटः एंटी-कैंसरस डाइट में वे खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने और इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

फल और सब्जियांः फल और सब्जियां एंटी-कैंसर आहार का एक प्रमुख हिस्सा हैं, क्योंकि ये एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिंस और मिनरल्स से भरपूर होती हैं, जो शरीर में फ्री रेडिकल्स को खत्म करके कैंसर सेल्स के विकास को रोकने में मदद करती हैं। विशेष रूप से, बेरीज जैसे ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और रास्पबेरी एंथोसायनिन जैसे यौगिक प्रदान करते हैं, जो डीएनए को डैमेज होने से बचाते हैं। सिट्रस फ्रूट्स जैसे संतरा और नीबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करके कैंसर के खतरे को कम करता है। इसके अलावा, क्रूसिफेरस सब्जियां जैसे ब्रोकली, फूलगोभी और बंदगोभी में सल्फोराफेन नामक यौगिक पाया जाता है, जो कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोक सकता है। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन, कैंसर के जोखिम को कम करता है।

अनाज और दालेंः फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अनाज और दालें, पाचन तंत्र को स्वस्थ रखते हैं और कोलन कैंसर से बचाव में सहायक होते हैं। ब्राउन राइस, जौ और ओट्स जैसे साबुत अनाज फाइबर, विटामिन-बी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर को कैंसर से बचाने में मदद करते हैं। चना, राजमा और दालों में मौजूद फाइटोकेमिकल्स और प्रोटीन शरीर को कैंसर सेल्स से लड़ने में सहायक होते हैं।

ड्राय फ्रूट्सः अखरोट और बादाम जैसे नट्स ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने और कैंसर के खतरे को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अन्य महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थः कैंसर से बचाव में हेल्पफुल अन्य फूड्स के बारे में, अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में डाइटीशियन **दीक्षा अरोड़ा** बताती हैं हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो सूजन को कम करने और कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकने में सहायक है। अदरक में मौजूद जिंजरॉल और ग्रीन टी में पाए जाने वाले कैटेचिन, कैंसर-रोधी गुण प्रदान करते हैं। a

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स

स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

किचेन में मौजूद हल्दी चेहरे को सॉफ्ट-ग्लोइंग बनाने में बहुत इफेक्टिव है। यहां आपको हल्दी से बनने वाले कुछ ऐसे फेस पैक्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी स्किन रिलेटेड कई प्रॉब्लम्स को दूर कर देंगे।

स्किन बनेगी सॉफ्ट-ग्लोइंग यूज करें हल्दी फेस पैक

अगर आपकी स्किन डल और बेजान दिखती है या चेहरे पर कई तरह के दाग, धब्बे या कील-मुंहासे हो गए हैं, तो इसके लिए ब्यूटी पार्लर्स में जाने या केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स लगाने की बजाय हल्दी का अलग-अलग तरीके से यूज करके कहीं बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है।

होते हैं कई औषधीय गुणः हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण, स्किन को हेल्दी रखते हैं और अनेक समस्याओं को दूर करते हैं। यह हमारी स्किन में मौजूद मेलेनिन पिगमेंट के प्रोडक्शन को रेग्युलेट करती है, जिससे त्वचा की रंगत को निखारने, नेचुरल स्किन टोन को बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा हल्दी के नियमित उपयोग से त्वचा साफ-सुथरी, बेदाग और खिली-खिली नजर आती है। हल्दी का फेस पैक आप कई तरीके से बना सकती हैं।

हल्दी-दूध फेस पैकः हल्दी और दूध का फेस पैक बनाने के लिए आधा छोटा चम्मच हल्दी पावडर में दो छोटे चम्मच दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिक्स करके फेस पैक की तरह चेहरे पर अप्लाई करें। फेस पैक को सूखने दें। फिर हल्के हाथों से रब करते हुए पानी से फेस को साफ कर लें। बेहतर परिणाम के लिए इस पैक को हफ्ते में दो या तीन बार लगाएं।

इसके अलावा एक चम्मच दूध में दो चुटकी हल्दी पावडर मिलाकर बने मिश्रण को रात को सोने से पहले कॉटन या साफ हाथों से चेहरे पर अप्लाई करें। फिर अंगुलियों को सर्कुलर मोशन में घुमाते हुए कुछ देर तक त्वचा को मसाज दें। सुबह सामान्य पानी से त्वचा धोएं। 2-3 हफ्तों में ही आपको अंतर नजर आना शुरू हो जाएगा।

हल्दी-शहद फेस पैकः अगर आपकी त्वचा रूखी और बेजान रहती है तो हल्दी और शहद का फेस पैक आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनती है और उसमें नमी भी बनी रहती है। इसे बनाने के लिए कांच की कटोरी में 1 चम्मच शहद लीजिए, इसमें 2 चुटकी हल्दी पावडर मिक्स कर लीजिए। अब इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर कुछ देर छोड़ दें। जब यह सूख जाए तो ठंडे पानी से धो लें। इससे आपके फेस पर इंस्टेंट ग्लो आएगा।

हल्दी-दही-शहद फेस पैकः हल्दी-दही-शहद का फेस पैक लगाने से त्वचा को पोषण मिलता है। यह आपकी स्किन को मॉयश्चराइज करता है। इसके इस्तेमाल से चेहरे पर टैनिंग की समस्या दूर होती है और उस पर निखार भी आता है। साथ ही इससे डेड-सेल्स को हटाने में भी मदद मिलती है।

यह फेस पैक बनाने के लिए आधा कप दही में आधा चम्मच हल्दी पावडर और आधा चम्मच शहद मिलाकर एक स्मूद पेस्ट बनाएं। इसे अपने फेस पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद साफ और ठंडे पानी से चेहरे को धो लें। यह एक नेचुरल क्लींजर की तरह भी काम करता है। दही में मौजूद न्यूट्रिएंट्स आपकी स्किन को अंदर से पोषण देते हैं और लैक्टिक एसिड स्किन को एक्सफोलिएट करके उसे ग्लोइंग बनाता है।

हल्दी-बेसन-दही फेस पैकः हल्दी के साथ बेसन, दही का फेस पैक बनाने के लिए कांच की कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें। इसमें 2 चम्मच दही और एक चुटकी हल्दी पावडर डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। करीब 30 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा कुछ ही देर में भरपूर दमकने लगेगा। a

महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में भारतीय सितारों का दिखा जलवा

वर्ल्ड चैंपियन तृषा, जी कमलिनी, आयुषी वैष्णवी ने विश्व कप टीम में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत ने आईसीसी महिला अंडर-19 विश्व कप में चैंपियन बनने के बाद इस टूर्नामेंट की टीम में भी अपना दबदबा बनाया तथा जी तृषा सहित उसकी चार खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। भारत ने रविवार को यहां फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर अपने खिताब का बचाव किया जो उसने 2023 में पहली बार जीता था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बयान के अनुसार टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई तृषा, उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी ने टीम में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की जेम्मा बोथा, इंग्लैंड की डेविना पेरिन और ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे को भी टीम में जगह मिली है।

गोंगडी त्रिशा : 309 रन

भारतीय टीम की सफलता में सबसे बड़ा योगदान सलामी बल्लेबाज त्रिशा का रहा। हैदराबाद की इस हरफनमौला खिलाड़ी ने 77.25 की औसत से 309 रन बनाकर टूर्नामेंट के एक सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इस दौरान एक शतक भी जड़ा। त्रिशा ने बल्ले के साथ गेंद भी कमाल किया।

जी कमलिनी : 143 रन

तमिलनाडु के बाएं हाथ की इस सलामी बल्लेबाज ने सात पारियों में 47.66 की औसत से 143 रन बनाए। वह इस विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर रही। स्कॉटलैंड के खिलाफ सुपर सिक्स मुकाबले में कमालिनी ने 51 रनों की पारी खेली और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 56 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए 29 गेंदों में 44 रन की पारी खेलने के तुरंत बाद उन्हें डब्ल्यूपीएल नीलामी में शुरुआती सत्र की विजेता मुंबई इंडियंस ने 1.6 करोड़ रुपए में खरीदा था।

वैष्णवी शर्मा : 17 विकेट

ग्वालियर की खब्बू गेंदबाज वैष्णवी ने 17 विकेट झटक कर महिला अंडर-19 विश्व कप के एक सत्र में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने का रिकॉर्ड कायम किया।उन्होंने शुरुआती मैच में मलेशिया के खिलाफ हैट्रिक के साथ पांच रन देकर पांच विकेट चटकाये। इस गेंदबाज ने श्रीलंका के खिलाफ तीन रन देकर एक , बांग्लादेश के खिलाफ 15 रन देकर तीन, स्कॉटलैंड के खिलाफ पांच रन देकर तीन, इंग्लैंड के खिलाफ 23 रन देकर तीन और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन देकर दो विकेट लिए।

आयुषी शुक्ला 14 विकेट

क्रिकेट में कहावत है कि गेंदबाज जोड़ी बनाकर शिकार करते हैं और आयुषी ने मलेशिया के खिलाफ वैष्णवी साथ इसी तरह का कारनामा किया। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ रन देकर चार विकेट लिये। आयुषी ने सात मैचों में कुल 14 विकेट लिए।

सानिका चालके : विजयी चौका

मुंबई की सानिका रविवार को विजयी रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं। उन्होंने मोनालिसा लेगोडी की गेंद पर चौका लगाकर भारत को खिताबी जीत दिलाई। टीम की उपकप्तान सानिका ने मध्य क्रम में महत्वपूर्ण पारियों के साथ भारतीय सलामी बल्लेबाजों का अच्छे से समर्थन किया।

पारुणिका सिसोदिया: 10 विकेट

इस विश्व कप में भारतीयों ने गेंदबाजी में जो दबदबा कायम किया उसमें वैष्णवी और आयुषी के साथ पारुणिका ने भी अहम भूमिका निभाई। इस वामहस्त स्पिनर ने टूर्नामेंट में 10 विकेट चटकाये। डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स की टीम से जुड़ने वाली इस गेंदबाज ने सेमीफाइनल में छह रन देकर दो और फाइनल में 21 रन देकर तीन विकेट चटकाये। वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर रही।

वीजे जोशीता: शानदार गेंदबाजी

केरल की जोशीता शुरुआती ओवरों में प्रतिद्वंद्वी टीमों के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया। उन्होंने छह मैचों में छह विकेट चटकाए।

शबनम शकील: चार विकेट

विशाखापत्तनम की 17 वर्षीय शबनम दक्षिण अफ्रीका में खेले गए पिछले विश्व कप विजेता अभियान की सदस्य थी। उन्होंने नई गेंद से शानदार गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में चार विकेट लिए।

प्रज्ञाननंदा बने चैंनियन

टाईब्रेकर में गुकेश को हराकर जीता टाटा शतरंज का खिताब

एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। प्रज्ञाननंदा की इस जीत से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी कायम रखा। भारतीय शतरंज का गढ़ बन चुके शहर चेन्नई के 19 वर्षीय प्रज्ञाननंदा ने रविवार को यहां टाईब्रेकर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश को 2-1 से हराया। गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।

टाईब्रेकर का सहारा

विजेता का चयन करने के लिए टाईब्रेकर का सहारा इसलिए लेना पड़ा क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने 13वें दौर के मुकाबले हार गए थे जिसके बाद वे 8.5 अंक लेकर बराबरी करते। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए।

रोमांच से भरा दिन

'मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही।'

- आर प्रज्ञाननंदा

वापसी कर बने विजेता

केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने कहा, 'मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।' गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, सिवनी (म.प्र.)
निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला–सिवनी (मध्यपदेश)
दूरभाष क्र. 07692-225559 E-mail:-dpepiu.seoni@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com
एनआईटी नं.– 03/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/मु.अ.(भ) जबलपुर दिनांक 30.01.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :–

स.क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2025_PWPIU_399869_1	शासकीय हाई स्कूल भवन **झील पिपरिया**, वि.ख. सिवनी, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	112.33	112330	12500	10 माह वर्षाकाल सहित
2	2025_PWPIU_399875_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन **पल्हेरा** वि.ख. घंसौर, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	41.13	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित
3	2025_PWPIU_399878_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन **पिपरिया**, वि.ख. केवलारी जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	41.13	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित
4	2025_PWPIU_399880_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन **पिंडरई बुट्टे** वि.ख. कुरई, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	41.13	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित
5	2025_PWPIU_399881_1	शासकीय माध्यमिक शाला **घुरवाड़ा**, वि.ख.लखनादौन, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	41.13	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित
6	2025_PWPIU_399882_1	शासकीय माध्यमिक शाला भवन **चीचबंद**, वि.ख. सिवनी, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	41.13	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित
7	2025_PWPIU_399887_1	शासकीय प्राथमिक शाला भवन **पिंडरई कला** वि.ख. बरघाट, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	34.89	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित
8	2025_PWPIU_399888_1	शासकीय प्राथमिक शाला भवन **पनारझिर** वि.ख. घंसौर, जिला सिवनी का निर्माण कार्य **(प्रथम आमंत्रण)**	सिवनी (म.प्र.)	34.89	50000	5000	06 माह वर्षाकाल सहित

1– निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2– निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन–लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3– निविदा प्रपत्र केवल ऑन–लाईन दिनांक 01.02.2025 से दिनांक 15.02.2025 तक खरीदा जा सकेगा। अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4– निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-22546 कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण, सिवनी (म.प्र)

केपटाउन ने प्रिटोरिया को 95 रन से हराया

केपटाउन। एमआई केपटाउन ने अपने घरेलू मैदान न्यूलैंड्स में विजय अभियान जारी रखते हुए प्रिटोरिया कैपिटल्स को 95 रन से शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। एमआई केपटाउन की यह घरेलू मैदान पर लगातार पांचवीं जीत है जिससे उसने बोनस अंक हासिल करके अपने कुल अंक की संख्या 35 पहुंचाई जो लीग चरण का रिकॉर्ड है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ विभागीय अभियंता (Co)/S.E.C. रेलवे, नागपुर, निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

अनु. क्र. 1 निविदा सूचना क्र. N-42-NGP-2024-2025
कार्य का नाम: NGP मंडल के DEN (उत्तर)/NGP और DEN (दक्षिण)/NGP के अधिकार क्षेत्र (847 किमी) में वर्तमान ट्रैक और यार्ड का सर्वेक्षण, एल-सेक्शन ईएसपी/प्लान तैयार करना, तथा मौजूदा ईएसपी/प्लान में संशोधन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 72,82,506/- **बयाना राशि:** रु. 1,45,700/-

अनु. क्र. 2 निविदा सूचना क्र. N-43-NGP-2024-2025
कार्य का नाम: 1. ADEN/CWA के अधिकार क्षेत्र में SSE (P.Way)/SONR के लिए 3T क्षमता वाला एक ट्रक किराए पर लेना।
2. ADEN/NIR के अधिकार क्षेत्र में SSE (P.Way)/GRG और SSE (P.Way)/BTC के लिए 3T क्षमता वाला एक ट्रक किराए पर लेना। (24 महीने की अवधि के लिए) **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 57,44,385/- **बयाना राशि:** रु. 1,14,900/-

अनु. क्र. 3 निविदा सूचना क्र. N-44-NGP-2024-2025
कार्य का नाम: DEN (उत्तर)/NGP के अधिकार क्षेत्र में AT वेल्डिंग भाग की आपूर्ति और 52 Kg/60 Kg 90 UTS/60 E1 R 260 ग्रेड रेल के रेल जोड़ वेल्डिंग का पर्यवेक्षण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 77,95,112/- **बयाना राशि:** रु. 1,55,900/-

अनु. क्र. 4 निविदा सूचना क्र. S-37-NGP-2024-2025
कार्य का नाम: ADEN (Works)/NGP के अधिकार क्षेत्र में "माउंट रोड, नागपुर स्थित 800 KVA सबस्टेशन के विस्तार" के अंतर्गत सिविल इंजीनियरिंग कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 37,25,673/- **बयाना राशि:** रु. 74,500/-

अनु. क्र. 5 निविदा सूचना क्र. S-38-NGP-2024-2025
कार्य का नाम: ADEN/Nagbhir के अधिकार क्षेत्र में G-CAF (BG) सेक्शन के CAF, WSA, HDM, NAB आदि स्टेशनों पर कॉलोनी रोड का निर्माण। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 2,25,45,903/- **बयाना राशि:** रु. 2,62,700/-

अनु. क्र. 6 निविदा सूचना क्र. S-39-NGP-2024-2025
कार्य का नाम: ADEN/Nagbhir के अधिकार क्षेत्र में PQRS/SQRS द्वारा गोंदिया-चांदाफोर्ट (SL)-CTR (P) 54.01 Tkm. कार्य, जिसमें ठेकेदार के पोर्टल सहित अन्य संबंधित कार्य शामिल हैं। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 17,81,79,450/- **बयाना राशि:** रु. 10,40,900/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल **21.02.2025** को **15:00 बजे** तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इन निविदाओं के लिए मैन्युअल ऑफ़र स्वीकार नहीं किए जाएंगे, और प्राप्त होने पर उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा। विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है **www.ireps.gov.in**

मंडल अभियंता
AAA/34/208 द.पू.म. रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

निशानेबाजी

सामरा, एंथोनी ने राष्ट्रीय खेलों में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| देहरादून

पंजाब की सिफत कौर सामरा और कर्नाटक के जोनाथन एंथोनी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में सोमवार को यहां क्रमशः महिलाओं के 50 मीटर थ्री पोजीशन और पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 23 साल की सिफत ने यहां महाराणा प्रताप कॉलेज में हुए फाइनल में 461.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही सिफत ने कहा, 'यह मेरे लिए ओलंपिक के बाद यह वापसी जैसा है। मैंने ओलंपिक के बाद ब्रेक नहीं लिया था और अपना अभ्यास जारी रखा था। ऐसे में आज स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव खास है।'

इस स्पर्धा में उनके राज्य की साथी अंजुम मोदगिल ने 458.7 अंक के साथ रजत जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोले ने 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल फाइनल में एंथोनी ने धैर्य और एकाग्रता का नमूना पेश करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सेना खेल संवर्धन बोर्ड के रविंद्र सिंह ने रजत जबकि गुरप्रीत सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि पदक जीतूंगा

मणिपुर के दोहरे स्वर्ण पदक विजेता ट्रायथलीट 17 वर्षीय सरुंगबाम अथौबा मैतेई ने राष्ट्रीय खेलों में अपनी दोहरी सफलता पर कहा कि 'यह अप्रत्याशित था'। इम्फाल के एक छोटे से इलाके सिंगजामेई चिंगमाथक के इस किशोर को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उन्होंने उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में क्या हासिल किया है। अथौबा ने जज्बे और दृढ़ संकल्प का शानदार नजारा पेश करते हुए पुरुषों की व्यक्तिगत ट्रायथलन में खेलों का पहला स्वर्ण जीता और उसके बाद पुरुषों की व्यक्तिगत डुएथलन में दूसरा स्वर्ण जीता। अथौबा ने पीटीआई से बात करते हुए कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं पदक जीतूंगा।'

अहलावत बहरीन में 49वें स्थान पर रहे

बहरीन। भारतीय गोल्फ खिलाड़ी वीर अहलावत चौथे और अंतिम दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेल कर 2025 बहरीन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर रहे। अहलावत का कुल स्कोर चार अंडर का रहा। उन्होंने इससे शुरुआती तीन चरण में 70-70-73 के कार्ड खेले थे। इस 28 साल के खिलाड़ी ने आखिरी चरण के दूसरे, आठवें, नौवें और 17 होल में बर्डी लगायी। उन्होंने तीसरे, 13वें और 16वें होल में बोगी की। वह इससे पहले रास अल खेमाह में संयुक्त 27वें स्थान पर थे। वह अगले सप्ताह कतर मास्टर्स में चुनौती पेश करेंगे।

सैमसन की अंगुली में फ्रेक्चर, पांच सप्ताह के लिए बाहर

नई दिल्ली। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। पता चला है कि सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी।

भारतीय मैचों के टिकट की बिक्री शुरू

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के ग्रुप चरण के तीन मैचों और दुबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार शाम से शुरू हो गई है। चैंपियंस ट्रॉफी का यह सत्र 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। टिकटों की कीमत 125 एईडी (लगभग 2,900 रुपए) से शुरू होगी। टिकट शाम साढ़े पांच बजे से खरीदने के लिए उपलब्ध थे। कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले 10 मैचों के लिए टिकटों की बिक्री पिछले सप्ताह शुरू हो चुकी है।

लगातार 250 से अधिक रन बनाना हमारा लक्ष्य

मुंबई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम ज्यादा जोखिम उठाकर अनुकूल परिणाम हासिल करने का अपना रवैया बरकरार रखेगी और उनका लक्ष्य टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 250 से अधिक रन बनाना है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में ज्यादा जोखिम लेने का रवैया अपनाया जिससे उसे फायदा हुआ और उसकी टीम 4-1 से जीत हासिल करने में सफल रही। भारत ने पुणे में खेले गए चौथे मैच में लगातार विकेट गंवाने के बावजूद अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा और आखिर में नौ विकेट पर 181 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया।

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.
एरिया ऑफिस :– क्षेत्रीय कार्यालयः– 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर – 482001 (म.प्र.) फोन नं. 0761–2401338, Website: www.lichousing.com

परिशिष्ट–IV नियम 8(1) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणीग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है अतः ऋण ग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतरिमन नीचे वर्णित संपत्ति का आधिपत्य को ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगहिता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये निम्न खाते के सामने अंकित एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि. प्रभार के अधीन होगा।

क्रं.	ऋण खाता संख्या	खातेदार का नाम एवं पता	संपत्ति विवरण	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना	उल्लेखित राशि ₹ मांग सूचना पत्र
1.	120500009414 120500007584	श्री स्वर्गीय सतीश कुमार और सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी श्री सतीश कुमार पता लेआउट प्लॉट नंबर 98 और 101, भगवती ग्रीन्स कॉलोनी, मौजा पिपरिया, एनबी 187, पटवारी हल्का नंबर 58/14 नया 42, दीवान खसरा नंबर 61/106 का हिस्सा, तेह पनागर, जबलपुर, म.प्र. 482001	लेआउट प्लॉट नंबर 98 और 101, भगवती ग्रीन्स कॉलोनी, मौजा पिपरिया, एनबी 187, पटवारी हल्का नंबर 58/14 नया 42, दीवान खसरा नंबर 61/106 का हिस्सा, तेह पनागर, जबलपुर, मप्र 482001 क्षेत्रफल 1600	11.11.2024 / 01.02.2025	15,73,482.80 + ब्याज व अन्य खर्चे
2.	120500013301 120500013309 120500015808	श्री स्वर्गीय सौरभ कुमार शुक्ला सूश्री संध्या शुक्ला पता लेआउट प्लॉट नंबर 52, खसरा नंबर 281/2 का हिस्सा, 280/2/5,282/2, मौजा घाना, पटवारी हल्का नंबर 43, आरएनएम महाराजपुर, पनागर, मप्र 482005	लेआउट प्लॉट नंबर 52, खसरा नंबर 281/2 का हिस्सा, 280/2/5,282/2, मौजा घाना, पटवारी हल्का नंबर 43, आरएनएम महाराजपुर, पनागर, मध्य प्रदेश 482005 क्षेत्रफल 1000	15.01.2024 / 01.02.2025	14,25,603.68 + ब्याज व अन्य खर्चे
3.	120500016255	श्रीमती के सिम्मी शोजेन्या श्री वज्रदेव चिंता पता 12 आरआई–सी/68, श्रीबालाजी अपार्टमेंट, महावीर एन्क्लेव, एमसीडी स्कूल, दिल्ली–110077	लेआउट प्लॉट नंबर 21, खसरा नंबर 61/106, भगवती ग्रीन्स कॉलोनी, मौजा पिपरिया, एनबी 187, पटवारी हल्का नंबर 58/14, नया 42, रांझी, जबलपुर, म प्र – 482001 क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट	27.11.2024 / 01.02.2025	15,57,183.83 + ब्याज व अन्य खर्चे

ऋणी एवं जमानतदारों को सूचित (Notice) किया जाता है। कि इस नोटिस के छपने की तारीख के 30 दिनों के अंदर, वे उपरोक्त राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित संपत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्चे सहित ऋणी एवं जमानतदार से की जावेगी।

दिनांक : 04.02.2025 आज्ञा से
स्थान : जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम **Canara Bank** A Government of India Undertaking
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
वसूली विभाग, अंचल कार्यालय
7वां तल, अंसल टॉवर, 38, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोनः 011-26292604; 26419921
ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन** बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),, (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई–नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

क्र. सं.	शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता	चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति	कुल बकाया राशि	a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि	ई–नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम
1	एस ए एम शाखा दिल्ली 1. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालयः बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 2. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., यूनिटः गांव चावरपाटा, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर, एमपी– 487330 3. श्री योगेंद्र सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 4. श्रीमती रितु सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057	3.61 एकड भूमि साथ में खसरा नं. 226 में शेड बिल्डिंग, जोकि गाँव ग्राम चावरपाठा, तहसील – तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश–487330 में स्थित, यह सम्पत्ति मैसर्स योगराज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा लि. के नाम पर है। भौतिक कब्जे के तहत	रु. 543,99,12,610.97 और दिनांक 31.05.2019 से ब्याज एवं लागत इत्यादि	a. 1,40,00,000/- b. 14,00,000/- c. 1,00,000/- d. 01-02-2025	20-02-2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 17-02-2025 अपराह्न 05.00 बजे तक	15.02.2025 पूर्वाह्न 11.30 बजे से सायं 3.30 बजे के बीच श्री अमित कुमार, प्रबंधक (मो. 8979872232), श्री दर्शन कुमार गौतम, मुख्य प्रबंधक (मो. 7735448508),

इच्छुक बोलीदाता अन्य विवरण और संपत्तियों के निरीक्षण के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 03-02-2025, स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

दैनिक वेतन भोगी कर्मी को 3 दिन के अंदर सभी लाभ प्रदान करने आदेश

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने पर सख्त रवैया अपनाते हुए शासकीय कला निकेतन पॉलीटेक्नीक कॉलेज प्राचार्य डॉ-आरसी पांडे को तीन दिन के अंदर याचिकाकर्ता को सभी लाभ प्रदान करने के आदेश दिए है साथ ही चेतावनी दी है कि तीन दिन के अंदर भुगतान नहीं किए जाते तो प्राचार्य और कोषालय अधिकारी के साथ 5 फरवरी को हाईकार्ट में व्यक्तिगत रुप से हाजिर होने के निर्देश दिए है याचिकाकर्ता दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी श्याम कुमार यादव द्वारा दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार उसे वरिष्ठता वेतन प्रमोशन नहीं दिया गया- लिहाजा उसे अवमानना याचिका दायर करनी पडी याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नर्मदाप्रसाद चौधरी और अमित चौधरी ने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर कॉलेज की ओर से अपील की गई थी अपील खारिज होने के बाद सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई- सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई 2024 को 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए कॉलेज की याचिका को खारिज कर दी थी- मामलें की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्राचार्य को निर्देश दिए है कि तीन दिन के अंदर सभी भुगतान सुनिश्चित किए जाए- अन्यथा प्राचार्य को व्यक्तिगत रुप से कोर्ट में हाजिर होना पडेगा।

जेडीए वादग्रस्त भूमि के आधिपत्य पर न तो स्वयं और न ही अन्य से हस्तक्षेप कराएं

जबलपुर। बाईसवें जिला न्यायाधीश एसआर सीनम की अदालत ने जबलपुर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वह वादग्रस्त भूमि के आधिपत्य पर न तो स्वयं हस्तक्षेप करे और न हो किसी अन्य से कराए। मामला ग्राम लक्ष्मीपुर की भूमि से संबंधित है। वादी न्यू जगदम्बा कालोनी निवासी मीना और मंजेश पटेल की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि जेडीए ने मनमानी की है। अदालत में प्रकरण लंबित रहने के दौरान वादग्रस्त भूमि का विक्रय और हस्तांतरण कर दिया। यही नहीं निर्माण की स्वीकृति दे दी। भूमि विजय नगर मुख्य मार्ग पर होने के कारण बेशकीमती है। यह उजागर किए बिना कि भूमि वाद ग्रस्त है, विशेष लोगों को औने पौने दाम पर बेच दी गई। इससे पूर्व सार्वजनिक सूचना जारी करने तक की औपचारिकता पूर्ण नहीं की। लिहाजा, वादी के हक में राहतकारी आदेश पारित किया जाए। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहत दे दी।

डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर और फीडर में लगाए जा रहे मीटर

जबलपुर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत पूरे प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना में वृद्धि और विद्युत हानियों को कम करने के लिए वृहद स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अभी तक 11 हजार 516 वितरण ट्रांसफार्मर की मीटरिंग और 7 हजार 933 फीडर की मीटरिंग की जा चुकी है। प्रदेश में 11 हजार 171 किलोमीटर निम्न दाब लाइन, 9 हजार 865 किलोमीटर उच्च दाब लाइन का नेटवर्क तैयार किया जा चुका है। वहीं 7 हजार 34 वितरण ट्रांसफार्मर और 219 विद्युत सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

टिकट से ट्रेन नंबर चेंज करवाना है या यात्री का नाम, तो 48 घंटे पहले आवेदक को देना होगा आवेदन

हरिभूमि, जबलपुर

आपने जिस ट्रेन में टिकट बुक करवाई है, वहां पर वेटिंग में टिकट मिली है, लेकिन इस दौरान उसी रूट पर जाने वाली किसी ट्रेन में आपको कंफर्म सीट मिल रही है तो आप रिजर्वेशन कार्यालय में 48 घंटे पहले पहुंचकर अपनी टिकट को मोडिफाई करवा सकते हैं। इसमें कैंसिलेशन चार्ज भी कम लगेगा। दूसरी तरफ आपको दूसरी ट्रेन में कंफर्म सीट भी मिल जाएगी। इसके लिए रिजर्वेशन ऑफिस में टिकट बुकिंग फार्म में अपनी पूरी जानकारी भरने के साथ ही उसके ऊपर केवल मोडिफाई लिखना होगा।

इसी तरह अगर यदि यात्री अपने टिकट पर अपना नाम चेंज करवाना है तो उसे भी 48 घंटे पहले ही आवेदन करना होगा। इसके लिए उसे एफिडेविट देना होगा। मालूम हो कि कुछ समय पहले तक टिकट मोडिफिकेशन के नाम पर ट्रेवल एजेंटों की ओर से कुछ गड़बड़ी की शिकायत रेलवे के पास पहुंच रही थी। इसके बाद रेलवे की ओर से नए नियम के तहत गाइड लाइन जारी की है।

केवल इनके नाम होगा टिकट ट्रांसफर

यात्री के ब्लड रिलेशन के लोगों में यह टिकट ट्रांसफर किया जा सकता है। इनमें माता, पिता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री, पति और पत्नी के नाम ही यह टिकट जारी किया जा सकेगा। इसके लिए आपको ट्रांसफर करने वाले व्यक्ति की ओर से एक लैटर, रिजर्वेशन स्लिप, संबंधी का फोटो आई कार्ड और ब्लड रिलेशन का प्रूफ लेकर देना होगा। अगर यात्री सरकारी नौकर हो और सरकारी ड्यूटी पर जा रहा हो तो संबंधित अधिकारी की आज्ञा से नाम या बोर्डिंग स्टेशन बदला जा सकेगा।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता के साथ करें : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि, सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति के फार्म क्यों नहीं भराये और जब शिकायत आती है तो उन्हें दूसरे विभागों में क्यों फॉरवर्ड करते हैं। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। ऐसी शिकायत जो विभागीय कार्य क्षेत्र में नहीं आते, उन्हें अन्य विभाग में फॉरवर्ड करने के लिये 5 फरवरी की समय सीमा है। टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंने विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें, जो भी प्रकरण टीएल में मार्क होते हैं, उनकी एक अलग फाईल बना लें, ताकि प्रकरणों की संबंध में जानकारी रहे। इसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुये कहा गया कि 20 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला आयोजित करने की सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायें। सभी स्कूलों के पुस्तकों की सूची कलेक्टर व स्कूल की वेबसाइट पर अपलोड हो चुकी है, अतः आम जन इसको देख सकते हैं। पुस्तक मेला चूंकि बड़े स्तर का होगा इस लिए संबंधित अधिकारी इस दिशा में व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये आगे आकर कार्य करें।

उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी तो नकल श्रेणी में दर्ज होगा

बोर्ड परीक्षा में छात्रों को नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कापी

जबलपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होने जा रही है। इन दिनों छात्र पढ़ाई में जुट चुके हैं, क्योंकि उनके पास महज 22 दिन ही शेष बचे हैं। हर बार माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से परीक्षा में कुछ बदलाव किए जाते हैं। इस बार छात्रों को सप्लीमेंट्री कापी नहीं मिलेगी। उन्हें मुख्य उत्तर पुस्तिका में क्वेश्चन पेपर साल्व करना होगा। यह उत्तर पुस्तिका 32 पेज की होगी। अब तक 20 पेज की ही आंसर शीट दी जाती थी। उत्तर पुस्तिका के पहले पेज पर बार कोड लगा रहेगा।

एमपी बोर्ड परीक्षा में नकल पर पाबंदी लगाने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रश्नपत्रों के बंडलों को पुलिस स्टेशन से निकालने और वितरित करने में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। क्वेशन पेपर के साथ उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण क्रमवार किया जाएगा।

एग्रीकल्चर से जुड़े प्रश्न छात्र पढ़ लें

परीक्षा में मैप वर्क चार माक्र्स का आता है। छात्र इसमें गलती कर देते हैं। यदि स्टूडेंट्स को प्रदेश और विशेषताओं की जानकारी होगी तो पूरे माक्र्स मिल सकते हैं। इसमें राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएं भारत में राष्ट्रवाद चैप्टर और परिवहन से संबंधी प्रश्न पूछे जाते हैं। एग्रीकल्चर से जुड़े प्रश्नों को छात्र पढ़ लें।

मैप वर्क पर ध्यान दें, इस पर पूरे नंबर मिलते हैं

चैप्टर के आखिरी में दिए गए बिंदुओं को पढ़ें। मैप वर्क पर ध्यान दें। इसमें पूरे अंक मिलते हैं। वहीं हिंदी में निबंध और पत्र लेखन में पूरे माक्र्स मिलते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रश्नों का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इसमें माक्र्स के साथ हर प्रश्नों के पैटर्न की जानकारी है। इसमें हर सब्जेक्ट के प्रश्नों का पैटर्न और अंक योजना को वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

सामाजिक विज्ञान में आसानी से स्कोर कर सकते हैं छात्र

10वीं की परीक्षा में सामाजिक विज्ञान में छात्र आसानी से स्कोर कर सकते हैं। छात्रों को तीन घंटे में 23 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। पिछले साल परिणाम 72.2 प्रतिशत था। मेधावी स्टूडेंट्स ने 90 से अधिक माक्र्स प्राप्त किए थे। परीक्षा में छात्र कुछ बातों का ध्यान रख अच्छा स्कोर कर सकते हैं।

नागपुर हाईवे पर दुर्घटना में 4 घायल

बस ने लगाया अचानक ब्रेक, पीछे से वाहन टकराया

हरिभूमि जबलपुर।

तिलवारा थाना अतंर्गत जबलपुर नागपुर हाईवे रोड पर पावलो ग्रीन होटल के सामने एक बस से टेम्पो ट्रावलर की टक्कर हो जाने की वजह से उसमें बैठे चार सवारी घायल हो गए और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया है कि यह सवारी प्रयागराज, काशी, अयोध्या घूमने के बाद अपने घर को लौट रहे थे तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दर्शीपुर्रु थाना पेंटा पांडु पश्चिम गोदावरी आंध्रप्रदेश निवासी 30 वर्षीय ड्रायवर बोडापाटी लीला आदी महेश गत 27 जनवरी को वाहन मालिक अंबती आनंद मोहन का टेम्पो ट्रावलर क्रमांक टीजी 09 टी 0431 से सवारी पी.रमेश, सीएच कृष्णा, व्ही.महेंद्र, सुदर्शन चारी, व्ही.श्रीकांत, राजेश, यश विजय कुमार, पी.रमेश को लेकर प्रयागराज, काशी, अयोध्या जाने के लिये निकला था।

सभी स्थानों पर घूमने के बाद वापस आते समय 2 फरवरी की रात लगभग 2.30 बजे जबलपुर नागपुर हाईवे रोड पर चल रहा था उसके वाहन के आगे बस क्रमांक एमएच 40 सीएम 7944 का चालक बस को तेज गति से चलाते हुये जा रहा था। जैसे ही उसका वाहन पावलो ग्रीन होटल के सामने पहुंचा तभी आगे चल रहे बस के चालक ने अचानक से बस का ब्रेक लगा दिया, जिससे उसका वाहन बस में पीछे से टकरा गया उसके वाहन मे बैठी सवारी पी रमेश, सीएच कृष्णा, व्ही महेन्द्र, सुदर्शन चारों को चोटे आ गयी और उसका वाहन भी सामने से क्षतिग्रस्त हो गया है। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय अपराध के तहत पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

युवक ने शराब के नशे में बड़े भाई पर किया तलवार से हमला

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत ग्राम निभौरा में शराब के नशे में झगड़ा कर रहे एक छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर तलवार से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पिता ने घायल बेटे को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पनागर ले कर गए, जहां डॉक्टर ने घायल को मेडीकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निभौरा निवासी 21 वर्षीय राजकुमार कोरी और राजेंद्र कोरी गत शाम लगभग 7 बजे आपस में लड़ रहे थे। राजेंद्र कोरी शराब के नशे में अपने बड़े भाई राजकुमार से पहले भी मारपीट करने की बात को लेकर झगड़ा करते हुए जान से मारने की नीयत से राजकुमार की गर्दन पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। पिता रामगोपाल कोरी ने घायल राजकुमार को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पनागर लेकर पहुंचे जहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने आरोपी छोटे बेटे के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

आमनपुर में चाकूबाजी, युवक घायल

जबलपुर। गढ़ा थाना अतंर्गत जैन मंदिर के पीछे मदनमहल आमनपुर में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर चार बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन मंदिर के पीछे मदनमहल आमनपुर निवासी 18 वर्षीय अंकित कोरी देर रात लगभग 12.30 बजे अपने भाई अंशुल कोरी के साथ खड़े होकर बातचीत कर रहा था, तभी हरिओम चंदेल, नारायण चंदेल, गोलू चंदेल एंव कार्तिक बेन आये और उसके भाई अंशुल से शराब पीने के लिए दो हजार रुपए की मांग करने लगे, अंशुल ने रुपए देने से मना किया तो चारों गालीगलौज करने लगे और नारायण चंदेल, कार्तिक बेन, हरिओम चंदेल ने चाकू से अंशुल के सीना, पेट, पीठ कमर, पर हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

खेत में करंट लगने से मौत

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अतंर्गत ग्राम गुन्दरई में खेत में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुन्दरई निवासी 55 वर्षीय सम्भू सिंह लोधी गत सुबह लगभग 11.30 बजे अपने खेत में पानी की लाईन पलट रहे थे। लाईन पलटने के लिए एल्युमीनियम का पानी पाईप लाईन उठाया तो पाईप धोखे से ऊपर खिची बिजली के तार से लग गया, जिससे सम्भू सिंह लोधी को करंट लग गया। वहीं दूसरे खेत में काम कर रहे बान सिंह लोधी ने अपने मौसिया को उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल लेकर गये, जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

बरगी रमनपुर घाटी में दर्दनाक सड़क हादसा, युवक की मौत

जबलपुर। बरगी रमनपुर घाटी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। यह घटना उस समय हुई जब युवक, नंदलाल कुमरे, जो धूमा के गुर्सी गांव का निवासी था, एक सगाई समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहा था। जैसे ही वह रमनपुर घाटी के पास पहुंचा, एक भारी वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि नंदलाल सड़क पर लहूलुहान पड़े तड़पते रहे। जैसे ही उसके रिश्तेदारों को इस हादसे की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे और तुरंत 108 एंबुलेंस के माध्यम से नंदलाल को मेडिकल अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक को पकड़ने के लिए आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है।

युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जबलपुर। घमापुर थाना अतंर्गत कांचघर घमापुर में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कांचघर घमापुर निवासी 30 वर्षीय रितेश विश्वकर्मा ने गत शाम लगभग 7 बजे अपने घर के बेडरुम में लगे पंखे में चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240